रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 79,705.91 +819.69

डॉलर 83.951 -0.061

रांची सर्राफा
10 ग्राम 69,460 | 01 किलो 88,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

श्रावण शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 13 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 192, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 मेरे इस्तीफे के पीछे अमेरिका : हसीना

### झारखंड मंत्रालय में लगी आग, सामान और कागजात जलकर राख



**रांची।** राजधानी के डोरंडा में झारखंड मंत्रालय के नेपाल हाउस में दूसरे तल्ले पर स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में आग लग गई। यह घटना संयुक्त सचिव अनिल प्रसाद के कमरे में देर रात हुई। तीन दिन बाद जब सोमवार को कार्यालय खोलने चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी पहुंचे तब वह कमरे की स्थिति देखकर अचंभित रह गए। कमरे के अंदर रखे तमाम फर्नीचर, एसी, कई जरूरी सामान और कागजात जलकर राख हो गए थे। स्थानीय पुलिस प्रशासन घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर आग कैसे लगी। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी।

### राज्यपाल दुमका और मुख्यमंत्री रांची में करेंगे ध्वजारोहण

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उप राजधानी दुमका में जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के मोरहाबादी मैदान में ध्वजारोहण करेंगे। हेमंत सोरेन कैबिनेट के मंत्रियों द्वारा अपने-अपने जिले में ध्वजारोहण किया जाएगा। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने सोमवार को आदेश जारी किया।

### भरे जा रहे लोकायुक्त समेत अन्य महत्वपूर्ण पद, प्रक्रिया जारी

**रांची।** हाई कोर्ट में एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से सूचना आयोग में नियुक्ति को लेकर दायर पीआईएल पर सोमवार को सुनवाई हुई। इसदौरान सरकार की ओर से बताया गया कि लोकायुक्त समेत अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है, जिसपर अदालत ने सरकार को एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

### आज कल




केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से वामपंथी उग्रवाद पर नियंत्रण के लिए हुई ऑनलाइन बैठक | डीजीपी अनुराग गुप्ता, एडीजी अभियान डॉ. संजय लाठकर सहित कई अधिकारी हुए शामिल

# नक्सलवाद पर संयुक्त रूप से अभियान चलाने की बनी रणनीति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने नक्सलवाद की समस्या पर कार्रवाई के लिए प्रभावित राज्यों के वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से आयोजित अंतर्राज्यीय समन्वय के लिए आयोजित बैठक में सोमवार को भाग लिया।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से वामपंथी उग्रवाद की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड पुलिस मुख्यालय सभागार से डीजीपी



अनुराग गुप्ता, एडीजी अभियान डॉ. संजय आनंदराव लाठकर, आईजी अभियान एवी होमकर, डीआईजी कार्तिक एस सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान डीजीपी के जरिये झारखंड के संदर्भ में मुख्य रूप से प्राप्त सूचना को स-समय सक्रिय रूप से साझा करने, नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति करने, वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य के आलोक में की जा रही कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर आपसी सहयोग, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों की गतिविधियों पर नकेल कसने एवं सभी स्तरों पर अंतरराज्यीय समन्वय बैठकों के लिए तंत्र की कार्ययोजना की रूप-रेखा पर चर्चा की गई। आईजी अभियान ने राज्य के सभी सीमावर्ती क्षेत्र में क्रियाशील नक्सलियों की गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए आपस में ससमय आसूचना के आदान प्रदान पर बल दिया। साथ ही झारखंड के सीमावर्ती राज्यों-ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सली दस्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियानों के दौरान समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने पर जोर दिया।

### अभियानों के दौरान एक-दूसरे से सहयोग व समय पर प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई

इस बैठक में सभी सीमावर्ती राज्यों के साथ अलग-अलग बिन्दुओं एवं वर्त्तमान नक्सल परिदृश्य पर सभी राज्यों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में हाल के दिनों में झारखंड पुलिस के जरिये नक्सलियों के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियानों के दौरान आपसी संबंध, एक दूसरे से सहयोग एवं समय पर प्राप्त आसूचना पर तत्काल कार्रवाई के बिन्दु पर काफी जोर दिया गया, साथ ही सभी राज्यों के जरिये उनके राज्य में सक्रिय नक्सलियों और उसके सहयोगियों के बारे में सूचनाओं का आदान प्रदान करने की बात कही गयी। सीमावर्ती राज्यों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समय-समय पर समन्वय स्थापित करते हुए नक्सलवाद पर संयुक्त रूप से अभियान चलाने एवं तत्काल सुदृढ़ कार्रवाई करने की रणनीति बनाई गई। इसके अलावा सीमावर्ती राज्यों से समन्वय पर जोर दिया गया।

# अस्पताल में हवलदार की हत्या कर फरार हुआ कैदी

## पांव में दर्द की शिकायत पर 25 जुलाई को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया एक कैदी सुरक्षा में तैनात हवलदार की हत्या कर फरार हो गया। मारे गए हवलदार का नाम चोहन हेंब्रम है। वह गिरिडीह जिले के पीरटांड़ के रहने वाले थे। फरार हुए कैदी का नाम मो. शाहिद अंसारी है। वह हत्या के मामले में हजारीबाग स्थित जयप्रकाश नारायण सेंट्रल जेल में बंद था। पांव में दर्द की शिकायत पर उसे 25 जुलाई को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। यहां के डॉक्टरों ने उसकी मेडिकल जांच के लिए उसे रिम्स, रांची भेजने की अनुशंसा की थी, लेकिन इसके पहले वह वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। शाहिद अंसारी धनबाद



हत्यारोपी मो. शाहिद अंसारी व हवलदार चोहन हेंब्रम।

धनबाद जिले के चासनाला का रहने वाला बताया जाता है आरोपी मो. शाहिद

चकमा देकर हथकड़ी खुलवाई और स्लाइन वाटर के पाइप से गला घोंट दिया

घटना को अंजाम देने के बाद हथकड़ी से वार्ड का गेट बंद कर भाग निकला

जिले के चासनाला का रहने वाला बताया जाता है। उसके खिलाफ हत्या के अलावा कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसे धनबाद में हत्या और बलात्कार के मामले में सजा हुई थी। 11 जनवरी 2019 को सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसे धनबाद जेल से हजारीबाग लाया गया। लगभग पांच साल से शाहिद अंसारी हजारीबाग जेल में बंद था। बताया गया है कि उसने सोमवार की सुबह कैदी वार्ड में सुरक्षा में तैनात हवलदार को चकमा देकर हथकड़ी खोल ली और इसके बाद स्लाइन वाटर के पाइप से अचानक हवलदार का गला घोंटा और उनके सिर पर स्लाइन वाले रॉड से प्रहार किया।

वारदात को अंजाम देने के बाद उसने हथकड़ी से कैदी वार्ड का गेट बंद कर दिया और भाग निकला। बाद में वार्ड ब्वॉय मौके पर पहुंचा तो उसने हॉस्पिटल प्रबंधन को घटना की जानकारी दी। सोमवार सुबह इस वारदात की जानकारी मिलने पर हजारीबाग की डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष सहित पुलिस के वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि मामले की तहकीकात की जा रही है। फरार कैदी की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# जहानाबाद के बाबा सिद्धनाथ मंदिर में भगदड़, आठ की मौत, 30 गंभीर



- मृतकों में पांच महिला और तीन पुरुष, घायलों में तीन की हालत गंभीर
- मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रण में कई खामियों के कारण मची भगदड़

एजेंसी

**पटना।** बिहार में जहानाबाद जिले के वाणावर पहाड़ी पर स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में लगभग मध्य रात्रि को मची भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पांच महिला और तीन पुरुष हैं। दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। इनमें तीस की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह जानकारी पुलिस ने दी। यह मंदिर मखदुमपुर प्रखंड में स्थित है। पुलिस के मुताबिक, इस भगदड़ में सुशीला देवी, पूनम देवी, निशा कुमारी, निशा देवी, राजू कुमार और प्यारे पासवान की जान चली गई। पूनम गया जिले के मोर टेकरी, निशा कुमारी मखदुमपुर थाना क्षेत्र के लडौआ गांव, सुशीला जल बीघा नाडोल, निशा देवी नगर थाना क्षेत्र के एरकी गांव और प्यारे पासवान स्थानीय निवासी है। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

लोगों का कहना है कि सावन का सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक थी। श्रद्धालु संकरे गंगा एवं गऊघाट मार्ग से बाबा सिद्धनाथ के दर्शन करने के लिए पहाड़ पर पहुंचे। अचानक मंदिर के पास अफरातफरी मची और लोग इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान कई महिलाएं और पुरुष गिर गए। जिन लोगों को गंभीर चोट आई है, उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। लोगों का आरोप है कि लाठीचार्ज की वजह से भगदड़ मची।

नगर थाना प्रभारी दिवाकर विश्वकर्मा का कहना है कि कई स्रोत से जानकारी प्राप्त हुई है कि भीड़ नियंत्रण में कई तरह की खामी रही। वरीय अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। घटना दुखद है। जांच में दोषी पाए गए लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नदी की तेज धार में दो महिला और एक किशोर बहे, एक महिला का शव बरामद

## बकरी चरा कर सभी लौट रहे थे घर, बढ़ा नदी का जलस्तर व बहाव

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुनपुर गांव के पास स्थित बलबल नदी में रविवार की रात दो महिला सहित तीन लोगों के अलावा बड़ी संख्या में बकरियां बह गई। सोमवार की सुबह नदी में वहीं एक महिला फूलो देवी (50) का शव बरामद हो गया है। जबकि बसंती देवी (55)और विवेक उरांव (13) का पता अभी तक नहीं चल पाया है। पुलिस ग्रामीणों के द्वारा दोनों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार बालूमाथ थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी कुछ लोग



अपनी बकरियों को चराने गांव से थोड़ी दूर पर स्थित नदी पार कर जंगल गए थे। शाम को मूसलाधार बारिश होने के कारण ग्रामीणों को घर लौटने में देर हो गई। जब ग्रामीण घर लौट रहे थे तो नदी में पानी बढ़ जाने के कारण पानी का बहाव भी तेज हो गया। नदी पार करने के दौरान सभी लोग तेज धार में बहने लगे। कुछ लोग किसी प्रकार सुरक्षित नदी से बाहर निकल गए परंतु गांव की दो महिलाएं बसंती देवी और फूलो देवी तथा विवेक उरांव ( 13 ) का आता पता नहीं चल पाया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण लापता लोगों की खोजबीन में जुट गए।

शेष पेज 11 पर

# बांग्लादेश : मोहम्मद यूनुस अल्पसंख्यक नेताओं के साथ आज ढाका में करेंगे बैठक

## समझौते के बाद बांग्लादेश पुलिस काम पर लौटी, गश्ती शुरू

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस मंगलवार को ढाका में देश के अल्पसंख्यक समुदायों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। बांग्लादेशी इस्लामी विद्वान अबुल फैयाज मोहम्मद खालिद हुसैन वर्तमान में यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में धार्मिक मामलों के सलाहकार हैं। उन्होंने सोमवार को ढाका में पत्रकारों को बताया, वर्तमान सरकार सांप्रदायिक



सद्भाव में विश्वास करती है और अल्पसंख्यकों पर हमलों की निंदा करती है। हुसैन ने यह भी बताया कि नष्ट हुए घरों और मंदिरों की सूची तैयार की जा रही है। पीड़ितों को वित्तीय सहायता दी जाएगी। अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल शेष पेज 11 पर

### अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने में खराब रिकार्ड

वैसे बांग्लादेश में गठित अंतरिम सरकार के उच्चाधिकारी अल्पसंख्कों की सुरक्षा को लेकर उत्साहवर्द्धक बयान दे रहे हैं। लेकिप पूर्व के अनुभव बताते हैं कि अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने में बांग्लादेश की सरकारों का रिकार्ड काफी खराब रहा है। कट्टरपंथियों को खुश करने के चक्कर में वहां की हर सरकार अल्पसंख्यक हित की अनदेखी करती रही है। शेख हसीना के शासन में भी कई बार मंदिरों और अल्पसंख्यकों पर हमला होते रहे थे।

### कोस्ट गार्ड ने बढ़ाई निगरानी, हर नाव की चेकिंग

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में मौजूदा संकट के मद्देनजर भारतीय तटरक्षक बल ने भी बड़े कदम उठाए हैं। भारत-बांग्लादेश समुद्री सीमा पर कोस्ट गार्ड ने निगरानी बढ़ाकर हर नाव की चेकिंग के आदेश दिए हैं। सुंदरबन क्रीक क्षेत्रों में आईसीजी के जहाजों और इंटरसेप्टर नौकाओं से गश्त की जा रही है।

इंडिया

# सकल पर्यावरणीय उत्पाद की नई विकास की अवधारणा और झारखंड



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बिना मौसम बरसात और भीषण गर्मी या बाढ़ जैसी विभीषिकाओं के बीच कुछ नवाचार की सुखद अनुभूति भी है । विश्व में अर्थव्यवस्था को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मानकों से आंकड़े से उलट भूटान सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता (ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस) को अपना सबसे बड़ा आधार मानता है पर उत्तराखंड ने अपनी अर्थव्यवस्था के आकलन के लिए जिस मानक की घोषणा की, वह अद्भुत है। सकल पर्यावरणीय उत्पाद (जीईपी) को अपनी अर्थव्यवस्था का मानक मानने वाला यह हिमालयी राज्य देश का पहला ऐसा राज्य है, जो दुनिया भर के लिए और झारखंड के लिए भी अनुकरणीय बन गया है। हालांकि ऐसी आर्थिक विकास की नीति कोस्टारिका तथा कुछ अन्य देशों में आंशिक रूप से प्रभावी है। इस नवाचारी अवधारणा को आगे बढ़ाने के लिए वर्षों से प्रयासरत पर्यावरणविद डॉ अनिल जोशी और उत्तराखंड प्रशासन की यह पहल स्वागत योग्य है, परंतु देश में ही इस पर इतनी चर्चा नहीं हो रही, जितनी होनी चाहिए। जीडीपी आर्थिक प्रदर्शन का व्यापक रूप से स्वीकृत मापदंड है, परंतु आर्थिक गतिविधियों से जुड़ी पर्यावरणीय लागतों और लाभों को ध्यान में रखते हुए यह आर्थिकी के वास्तविक आकलन की एक कमजोर कड़ी है। जबकि



सकल पर्यावरणीय उत्पाद (जीईपी) की अवधारणा मानव सहित सभी जीवों के कल्याण और अर्थव्यवस्था में प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र के योगदान को मापने के सार्थक दृष्टिकोण के रूप में उभरी है क्योंकि यह हमारे अस्तित्व से जुड़ा है । महात्मा गांधी ने जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली, न कि लालच की पूर्ति करने वाली, आर्थिकी का दर्शन दिया था जबकि चिपको आंदोलन के प्रणेता प्रसिद्ध पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा ने 'पारिस्थितिकी ही स्थायी आर्थिकी है' का सिद्धांत दिया था।सकल पर्यावरणीय उत्पाद (जीईपी) एक अभिनव मानदंड है, जिसे प्रकृति द्वारा प्रदान की गई पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को मापने और महत्व देने के लिए तैयार किया गया है। जीईपी का लक्ष्य इन विविध योगदानों को एकल मौद्रिक मूल्य में समाहित करना है, जो आर्थिक और सामाजिक कल्याण के समर्थन में प्राकृतिक पूंजी के वास्तविक मूल्य को दर्शाता है। जीईपी मूल्यांकन पर्यावरणीय कारकों को शामिल करके आर्थिक प्रदर्शन का अधिक व्यापक मूल्यांकन प्रदान करता है। प्रकृति के नियमों के साथ पूर्ण राजनीतिक निष्ठा से जीईपी को अपनाने से सतत राष्ट्रीय विकास प्रथाओं को प्रोत्साहन मिल सकता है। यह बदलाव अधिक संतुलित और दीर्घकालिक विकास रणनीतियों को जन्म दे सकता है, जो आर्थिक विकास का तालमेल पर्यावरणीय प्रबंधन के साथ बनाए रखती है। वैसे जीईपी की अवधारणा भौगोलिक क्षेत्र और सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने के अनुरूप भिन्न हो सकती है, लेकिन सामान्यतः इसकी गणना में कई चरण और पद्धतियां समाहित हैं, जो पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं की जटिलता और विविधता को दर्शाती हैं। पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन में उपयोग किए जाने वाले प्रमुख दृष्टिकोण हैं : बाजार-आधारित मूल्यांकन, प्रतिस्थापन लागत विधि, आकस्मिक मूल्यांकन और लाभ अंतरण। जीईपी का उद्देश्य एक ही है-पारिस्थितिकी-केंद्रित सतत सामजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक विकास। उत्तराखंड में जो जीईपी लागू किया जाना है, उसमें पर्यावरण के चार घटकों (जल, वायु, वन और मिट्टी) संबंधी सूचकांक शामिल हैं। आर्थिक विकास की नीतियों, योजनाओं और प्रक्रियाओं में पर्यावरण के इन घटकों की गुणवत्ता सुनिश्चित रखना किसी भी प्रशासन का नैतिक दायित्व है और इसे मूर्त रूप देने में उत्तराखंड सरकार ने पर्यावरण-नैतिकता के प्रदर्शन का साहस दिखाया है। जीईपी को कार्रवाई योग्य नीतियों और निर्णयों में बदलने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और संस्थागत क्षमता की आवश्यकता है। सरकारों और संगठनों को अपनी योजना प्रक्रियाओं में जीईपी को एकीकृत करने और पर्यावरणीय स्थिरता के साथ आर्थिक प्रोत्साहन में तालमेल बनाना चाहिए। उत्तराखंड में एक जीईपी सेल की स्थापना की बात कही गई है, जो जीईपी के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगी। जीईपी को नीति आयोग के साथ जोड़ने और इसे पूरे देश के लिए लागू करने की आवश्यकता है। जीईपी आर्थिक प्रगति और स्थिरता पर पुनर्विचार करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रदान करता है। प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र द्वारा प्रदान किए गए असंख्य लाभों को महत्व देकर जीईपी आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच अंतर को पाटता है। इसमें नीतियों को नया आकार देने, टिकाऊ प्रथाओं का मार्गदर्शन करने और मनुष्यों और प्रकृति के बीच अधिक सामंजस्यपूर्ण संबंध को बढ़ावा देने की क्षमता होती है। जीईपी को अपनाना न केवल एक आर्थिक अनिवार्यता है, बल्कि जल जंगल और जमीन के लिए आंदोलन करनेवाले झारखंड में यह अधिक प्रासंगिक है।

# बांग्लादेशी गिद्ध, संदिग्ध डिवाइस से मची सनसनी

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** बांग्लादेश में जारी हिंसा और उथल-पुथल के बीच झारखंड में एक बांग्लादेशी गिद्ध मिला है। हजारीबाग के विष्णुगढ़ कोनार डैम में यह गिद्ध पाया गया, जिस पर एक इलेक्ट्रानिक डिवाइस लगी है। इस पर 'ढाका बांग्लादेश' लिखे होने की बात कही जा रही है। यह डिवाइस क्या है और किस तरह का डेटा इसमें रिकॉर्ड किया गया है, इसकी अभी जांच होनी बाकी है। हालांकि, पक्षी वैज्ञानिकों का मानना है कि इस तरह के डिवाइस को ट्रैकिंग के लिए लगाया जाता है। माना जा रहा है कि ढाका के पक्षी विज्ञानियों ने इसकी ट्रैंकिंग करने के लिए यह डिवाइस लगाया होगा। वल्चर पर विशेष काम करने वाले पक्षी विज्ञानी डॉ सत्यप्रकाश बताते हैं कि नेपाल का डिवाइस लगा हुआ गिद्ध भी पहले हजारीबाग में दिखा



था। दरअसल, ग्रामीणों ने डैम के पास एक गिद्ध को घायल हालत में देखा। इसकी पीठ पर डिवाइस लगे होने की वजह से सनसनी मच गई। कौतुहल के बीच उन्होंने पुलिस और वन विभाग को इसकी जानकारी दी। वन विभाग ने गिद्ध को अपने कब्जे में ले लिया है। उसका उपचार किया जा रहा है। दूसरी तरफ डिवाइस की जांच की बात भी कही जा रही है। वन विभाग की टीम का कहना है कि जांच के बाद ही पक्के तौर पर कुछ कहा जा सकता है।

## एक नजर

### दीपक ने महादानी मंदिर में किया शृंगार पूजा अनुष्ठान

**बेड़ो ।** बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में चौथी सोमवारी को श्रावणी मेला और शृंगार पूजा महोत्सव के दौरान शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने अपनी धर्मपत्नी मंजू देवी, पुत्री यशस्वी सिंह,पुत्र यशवर्धन सिंह के साथ मिलकर महादानी बाबा का भव्य शृंगार पूजा किया। विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से महारानी बाबा का शृंगार किया। शिवसेना के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ शृंगार पूजा महोत्सव में हिस्सा लिया। इस दौरान भजन-कीर्तन मंडली ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया।

### सफायर गार्डन सोसायटी में सावन धूमधाम से मनाया गया सावन महोत्सव

**रांची।** चुटिया की मकचुंद टोली स्थित सफायर गार्डन सोसायटी में सोमवार को सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोसायटी के अरुण कुमार की अध्यक्षता में सचिव राजीव सिंह ने कार्यक्रम का आयोजन कराया। सावन क्वीन 2024 गुड़िया छाबड़ा और रनर अप नेहा चुनी गईं। रैम्प वॉक में हरमीत प्रथम स्थान पर रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में ललिता और नृत्य प्रतियोगिता में डॉ. आकांक्षा चौधरी प्रथम और स्वाति सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं। सबसे सुन्दर सावन ड्रेस का पुरस्कार नई नवेली दुल्हन कृति गुप्ता को मिला। कार्यक्रम की रूपरेखा रूबी सिंह ने तैयार की। वहीं सोसायटी की वरीय सदस्य मीना सिन्हा, संजू सिंह और सुधा सहाय ने जज की भूमिका निभाई। बच्चों के लिए रैम्प वॉक, डांस, स्पीच, म्यूजिकल चेयर गेम्स का आयोजन किया गया।

### हनुमान क्लब के श्रद्धालुओं ने अमरेश्वर धाम में की पूजा

**रांची।** हनुमान क्लब बड़ागांई के 500 श्रद्धालुओं ने क्लब के उपाध्यक्ष अशोक साहू के नेतृत्व में सावन के चौथे सोमवार को अमरेश्वर धाम खूंटी में जलाभिषेक किया। सुबह बड़ा गाय के श्री श्री महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद नाचते गाते श्रद्धालु बड़ा गाय के श्री श्री पंचदेव मंदिर प्रांगण में पहुंचे और देवी देवताओं की पूजा की। शोभा यात्रा के रूप में बड़ागांई चौक पहुंचे वहां से वाहन से अमरेश्वरधाम के लिए रवाना हुए। श्रद्धालु ने शंकर भगवान की जयजयकारों से गूंजयमान कर दिया। लोग काफी उत्साहित दिख कर रहे थे। हर कोई शिव की आराधना में लगे थे। श्रद्धालुओं में शेखर साहू, प्रेम साहू, रोहित कुमार, राहुल कुमार, बबीता देवी, ममता देवी, आशा देवी, सहोदर देवी और प्रताप कुमार ने जलाभिषेक करने में मदद की।

---

**बीएयू में आधुनिक बीज परीक्षण प्रयोगशाला की होगी स्थापना**

# बीज परिषद की 21वीं बैठक में कृषि निदेशक ने मांगा प्रस्ताव

*कृषि निदेशक ने बीएयू में देश के अग्रणी बीज कंपनियों का एक सम्मेलन आयोजित करने पर बल दिया*




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि निदेशक डॉ कुमार ताराचंद का कहना है कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त बीज परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव लाए। राज्य सरकार इसके लिए पर्याप्त राशि मुहैया कराएगी। बीज क्रय, वितरण और बोआई के पूर्व प्रयोगशाला में बीज गुणवत्ता की जांच होने से फसल नुकसान की आशंका न्यूनतम रहेगी। कृषि महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में बीएयू की बीज परिषद की वार्षिक बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की 80% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। राज्य की दो तिहाई आबादी कृषि कार्यों पर निर्भर है। इसलिए राज्य के लिए कृषि से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। कृषि निदेशक ने बीएयू में देश के अग्रणी बीज कंपनियों का एक सम्मेलन आयोजित करने पर बल दिया, ताकि राज्य और केंद्र की विभिन्न योजनाओं के तहत निःशुल्क और सब्सिडी पर वितरित किए जाने के लिए गुणवत्तायुक्त बीज की यथासमय उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। बीएयू को आसपास के राज्यों के लिए अनुशंसित फसल प्रभेदों की उपयुक्तता का अपने यहां परीक्षण कर हर 6-8 महीने पर राज्य सरकार को अनुशंसा उपलब्ध करानी चाहिए। कृषि निदेशक ने कहा कि अलग राज्य बनने के 24 वर्षों बाद भी झारखंड अपनी खाद्यान्न आवश्यकताओं के मामले में आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है। राज्य में स्थित आईसीएआर के संस्थान, बीएयू, राज्य सरकार और यहां कार्यरत अग्रणी स्वयंसेवी संगठन के बेहतर तालमेल एवं समन्वय से कार्य करने पर झारखंड में कृषि और किसानों के परिदृश्य में अपेक्षित बदलाव हो पाएगा।

# नशा मुक्त भारत अभियान पर सेमिनार का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय में नशा मुक्ति शपथ ग्रहण एवं एक दिवसिय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में शाइन नेशनल युनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ सचिन कुमार ने नशाखोरी एवं नशामुक्ति के तथ्यों के बारे में बताया। साथ ही विद्यार्थियों से इस विषय पर गहन बातचीत भी की। कार्यक्रम में प्रिंसिपल निहारिका श्रीवास्तवा ने नशा मुक्त भारत अभियान के थिम पर पीपीटी के द्वारा विस्तार से विवरण दिया एवं जानकारी को अपने परिवार के सदस्यों तथा समाज के साथ साझा करने का सुझाव दिया। एकदिवसीय सेमिनार में पोस्टर बनाएं प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्त भारत बनाएं रखने एवं जागरूकता हेतू माण्डर में मानव श्रंखला भी बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के सचिव नितिन परासर और एजुकेसनल सेक्रेटरी डॉ दिपाली परासर थे। साथ ही विशिष्ट अतिथि डॉ सचिन कुमार रहे।

## न्यूज बॉक्स

### मरहूम हाफिज जैनुल आबेदीन की मिट्टी में शामिल हुए डॉ. परमेश्वर भगत



**बेड़ो।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम केशा के रहने वाले जनाब जैनुल आबेदीन का आकास्मिक निधन की खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत देर रात मृतक के मिट्टी और जनाजे में शामिल होने उनके गांव पहुंचे। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया एवं हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

### नागेंद्र नाथ गोस्वामी का जन्मदिन मनाया गया



सिल्ली। सोमवार को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष सह रांची जिला कांग्रेस अनुसाशन समिति के चेयरमैन नागेंद्र नाथ गोस्वामी जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारीओ ने केक काट कर कांग्रेस वरिष्ठ नेता नागेंद्र नाथ गोस्वामी जी का जन्मदिन मनाया गया। इस शुभ अवसर पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला सचिव मंजूर मोमिन, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो, पंचायत अध्यक्ष प्रकाश मुंडा, रमजान अंसारी, मो कलाम अंसारी इत्यादि कांग्रेस पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### एसीसी उच्च विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता माही व शुभराज को मिला प्रथम

**नवीन मेल संवाददाता।** खलारी गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह व प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों के बीच गोस्वामी तुलसीदास के जीवनी पर भाषण एवं रामचरितमानस के चौपाई पर गायन प्रतियोगिता रखी गई। उच्च सदन भाषण प्रतियोगिता में दशम वर्ग की माहीकुमारी गुप्ता प्रथम, नाहिद परवीन दशम वर्ग द्वितीय व सिद्धि कुमारी नवम वर्ग तृतीय स्थान पर रही। निम्न सदन भाषण प्रतियोगिता में कक्षा छह 'ए' के शुभराज गुप्ता प्रथम, सोनूकुमार गुप्ता द्वितीय तथा सप्तम वर्ग की प्रिया कुमारी तृतीय स्थान पर रही। उच्च सदन गायन प्रतियोगिता में नवम वर्ग की शिया कुमारी प्रथम, अष्टम वर्ग की नैना कुमारी द्वितीय व दशम वर्ग की प्रीति कुसुम तृतीय स्थान प्राप्त की। वहीं निम्न सदन गायन प्रतियोगिता में कक्षा सात 'बी' की अनामिका कुमारी प्रथम, सात 'ए' की सोनी कुमारी द्वितीय तथा कक्षा चार 'ए' की सृष्टि सिंह व कक्षा पांच 'बी' की वैष्णवी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाध्यापक व प्रशासक ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षाकाएं उपस्थित थे।

### श्री रानी सती मंडल का वार्षिक उत्सव 25 को



**रांची।** श्री रानी सती मंडल रांची का 43वा वार्षिक उत्सव 25 अगस्त को हरमू रोड मारवाड़ी भवन में धूमधाम से मनाया जाएगा। अध्यक्ष विनोद झुनझुनवाला ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इसके संयोजक सुशील केडिया और सहसंयोजक अमित खेमका बनाए गए हैं। मंत्री अरविंद मंगल ने बताया की महोत्सव स्थल पर लगभग 10000 वर्ग फुट का वाटरप्रूफ पंडाल बनाया जा रहा है ताकि बारिश के मौसम में भक्तों को परेशानी ना हो। मीडिया प्रभारी निर्मल बुढ़िया ने बताया कि महोत्सव का मुख्य आकर्षण सूरत की नंबर एक मंगल पाठ वाचिक सुरभि बिरजूका होगी। आयोजन सुबह 7:00 से रात 9:00 बजे तक होगा 501 सुहागिनों द्वारा मंगल पाठ किया जाएगा। कोलकाता के मशहूर भजन गायक विजय सोनी और वाराणसी की पायल अग्रवाल द्वारा भजनों का कार्यक्रम पेश किया जाएगा। उपाध्यक्ष राजेंद्र केडिया ने बताया कि मंगल पाठ में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र मारवाड़ी भवन से प्राप्त किया जा सकता है।

# मंगला गौरी व्रत का बड़ा है धार्मिक महत्व

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सावन माह के मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखा जाता है और हिंदू धर्म में इसका बड़ा धार्मिक महत्व है। यह दिन पूरी तरह से देवी गौरी की पूजा के लिए समर्पित है। इस दिन भक्ति मां गौरी की पूजा करते है। मुख्य रूप से व्रत सावन के मंगलवार को रखा जाता है। शास्त्रों के अनुसार सावन का महीना सबसे पवित्र महीना माना जाता है। श्रद्धालु भक्ति के साथ महादेव की पूजा करते हैं और यह दिन गौरी माता को समर्पित है। यह व्रत मुख्य रूप से विवाहित और अविवाहित महिलाएं रखती हैं। विवाह में देरी हो रही है और जिनकी कुंडली में मांगलिक दोष है उन्हें मंगल के दुष्प्रभावों से बचने के लिए इस व्रत को जरूर रखना चाहिए। माना जाता है की मां गौरी सभी भक्तों को मनोवांछित फल देती है। सावन माह के तीन मंगला गौरी व्रत हो चुके हैं और एक बाकी है चौथा और अंतिम मंगला गौरी व्रत 13अगस्त को रखा जाएगा। रांची पहाड़ी मंदिर के पुजारी पिंटू पांडे ने बताया कि मां मंगला गौरी का व्रत सावन माह के मंगलवार को रखा जाता है और यह पूरी तरह से देवी गौरी को समर्पित है। शास्त्रों में भी इस बात का वर्णन है कि सावन का महीना सबसे पवित्र महीना में से एक है और लोग भक्ति के साथ महादेव की पूजा करते हैं। इस महीने के मंगलवार का भी बहुत महत्व है। रांची पहाड़ी के श्री महाकाल मंदिर के पुजारी मनोज मिश्रा के अनुसार इस व्रत को रखने के लिए महिलाओं को लाल रंग के कपड़े पहनना चाहिए देवी गोरी को आभूषण और वेस्टन से सजाकर 16 श्रृंगार का समान चढ़ाना चाहिए। देवी को प्रसन्न करने के लिए मित्रों का जाप करना चाहिए और आरती करने के बाद खीर का भोग लगाना चाहिए। आचार्य पंडित प्रणव मिश्रा का कहना है कि देवी को प्रसन्न करने के लिए रुई की 16 बत्ती बनाएं और देसी घी का दिया जलाएं। मंगला गौरी का व्रत रखने वाली सुहागिनों को अपने ससुराल वालों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लेना चाहिए।

**उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में हुआ लोकनृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन**

# प्रतियोगिताएं स्वयं का पहचान दिलाने में मदद करती हैं : सिस्टर जयंती

*ओवरऑल में प्रथम स्थान पर सेंट उर्सुला हाउस, द्वितीय स्थान पर सेंट जेवियर हाउस और तृतीय स्थान पर फादर जान लैम्बट्र्ज हाउस रहे*




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता विद्यालय के चारों हाउस के बीच हुई। प्राचार्या सिस्टर जयंती व विद्यालय के सांस्कृतिक विभाग के विद्यार्थियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं को सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में बांटा गया था। प्रारंभ में प्रार्थना गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी हाउस के बच्चों ने एक से बढ़कर एक लोकनृत्य प्रस्तुत किए। जिनमें राजस्थानी, बंगाली, गुजराती, बिहारी, झारखंडी, तमिल व दक्षिण भारत के प्रमुख लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। सब जूनियर वर्ग में सेंट जेवियर हाउस प्रथम, सेंट उसुर्ला हाउस द्वितीय तथा सेंट एंजेला हाउस तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में सेंट उसुर्ला हाउस प्रथम, सेंट जेवियर हाउस द्वितीय तथा सेंट एंजेला हाउस तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर वर्ग में सेंट उसुर्ला हाउस प्रथम, सेंट जेवियर हाउस द्वितीय तथा फादर जान लैम्बट्र्ज हाउस तृतीय स्थान पर रहे। ओवरआल में प्रथम स्थान पर सेंट उसुर्ला हाउस, द्वितीय स्थान पर सेंट जेवियर हाउस और तृतीय स्थान पर फादर जान लैम्बट्र्ज हाउस रहे। मंच संचालन सांस्कृतिक विभाग की शिक्षिका नार्बरता टोप्पो के अलावा विभाग के विद्यार्थियों ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में मैडम आरती तिर्की, मिस अनिमा कांसीर, प्रभाकर शर्मा व अम्बुज कर्मकार षामिल थे। विद्यालय कैबिनेट के सदस्यों ने कार्यक्रम के दौरान अनुशासन बनाए रखा। प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप किसी से कम नहीं हैं।

# भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली तिरंगा यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त मोटरसाइकल से सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा निकाली गई इस यात्रा का नेतृत्व मंडल युवा मोर्चा महामंत्री राजीव गुप्ता और अध्यक्ष मुकेश सोनी ने किया। यह तिरंगा यात्रा माण्डर विधानसभा के संयुक्त तत्वाधान में निकाली गई। बीजुपाड़ा स्थित शहीद स्मारक सोमा टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समाप्त हुआ। यात्रा का मकसद के बारे बतलाते हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकालने और स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है ।सभी कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती पर चर्चा की । यात्रा में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी एस टी मोर्चा के प्रो रामनारायण भगत भी शामिल हुए। लगभग 100 मोटरसाइकिल से भाजपा कार्यकर्ता अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम का नारा लगाते हुए इस यात्रा में शामिल हुए।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव

*तीज वर्षा ऋतु के दौरान बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण त्योहार है*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** कोयला खनन मुख्यालय एनटीपीसी रांची के स्वयं सिद्ध लेडिस क्लब की सदस्यों द्वारा धूमधाम से हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि संयुक्त महिला समिति की वरिष्ठ सदस्य मीनाक्षी श्रीवास्तव और स्वयं सिद्ध लेडिस क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम में कोयला खनन परियोजना हजारीबाग की लेडिस क्लब की अध्यक्ष और वरिष्ठ समिति की कार्यकारी सदस्य शामिल हुई। उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मीनाक्षी श्रीवास्तव ने तीज महोत्सव के महत्व को साझा किया और रंगारंग कार्यक्रम के आयोजन के लिए क्लब की सदस्यों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने तीज महोत्सव की शुभकामना देते हुए कहा कि महिलाओं को दिन प्रतिदिन की व्यस्त दिनचर्या से खुद को तरोताजा करने के लिए कुछ समय जरुर निकालना चाहिए और सामाजिक मेलजोल के ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होना चाहिए। रेखा जैन ने कहा कि तीज वर्षा ऋतु के दौरान बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण त्योहार है। यह भगवान शिव और मां पार्वती को समर्पित है। तीज महोत्सव को मनाने के लिए लेडिस क्लब की सदस्यों के लिए कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। सदस्यों ने तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें विजेताओं का चयन तीन राउंड में किया गया। आत्म परिचय रैंप वॉक और जजों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के माध्यम से किया गया। सुनीता पांडे को तीज क्वीन का खिताब मिला। सनी ठाकुर प्रथम रनर अप और सुगंध द्वितीय रनर अप रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें उपाध्यक्ष शिखर रस्तोगी और पूर्णिमा श्रीखंड, महासचिव दीपा, संयुक्त सचिव परमेश्वरी, सांस्कृतिक सचिव अनीता प्रसाद, कल्याण सचिव मनसा वर्मा, कोषाध्यक्ष सुनीता माझी और अन्य सदस्य उपस्थित थी।

**स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक**

# परेड के दौरान मूलभूत सुविधाओं का पुलिस पदाधिकारी रखेंगे ख्याल

*कार्यक्रम आयोजन के दिन चिकित्सा दल एवं एंबुलेंस की व्यवस्था कर किसी भी तरह की आकस्मिक परिस्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ रामगढ़**

स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के लिए अब तक की गयी तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सिद्धू कान्हू मैदान को तैयार करने एवं मैदान में सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं यथा परेड, मंच, अतिथियों के बैठने आदि की व्यवस्था करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने परेड एवं बैंड प्रस्तुति में भाग लेने वाले सभी पुलिस बल, एनसीसी व छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व अभ्यास के दौरान मैदान में मूलभूत सुविधाएं, चिकित्सा सेवाएं व अल्पहार आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी मद्यशालाओं एवं बधशालाओं को 14 अगस्त 2024 के रात्रि 12:00 से 15 अगस्त 2024 की रात्रि 12:00 बजे तक बंद रहेंगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिद्धू कान्हू स्टेडियम में आयोजित राजकीय समारोह के वेबकास्टिंग के मद्देनजर उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने परेड पूर्वाभ्यास व मुख्य कार्यक्रम के आयोजन के दिन चिकित्सा दल एवं एंबुलेंस की व्यवस्था कर किसी भी तरह की आकस्मिक परिस्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के दिन शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश सुबह 8:00 बजे से अपराहन 12:00 बजे तक वर्जित रहेगा इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में स्थित महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा कि साफ-सफाई व उन पर माल्यार्पण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**रांची।** 25-27 अगस्त 2024 तक राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (पल्स पोलियो) को लेकर सोमवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सिविल सर्जन प्रभात कुमार, डीआरसीएचओ, विभिन्न प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी/ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डब्ल्यूएचओ/ यूनिसेफ प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/ कर्मी उपस्थित थे। बैठक के दौरान डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि द्वारा पीपीटी के माध्यम से रांची जिला में 25-27 अगस्त 2024 तक राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (पल्स पोलियो) को लेकर कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। रांची जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 25 अगस्त 2024 को बूथ पर तथा 26 एवं 27 अगस्त को हाउस टू हाउस पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाई जाएगी। पूरे जिले में 507474 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें शहरी इलाके में 208020 और ग्रामीण इलाके में 299454 बच्चे हैं।

**गंदगी के अंबार से क्षेत्र में डेंगू फैलने का खतरा**

# नगर निगम महीनों से नहीं की है क्षेत्र में सफाई, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजेंद्र चौक से निवारणपुर क्षेत्र में सुस्त गति से चल रहे फ्लाईओवर निर्माण के कारण राहगीर ही नहीं दुकानदार भी मुसीबत झेल रहे हैं। सड़क मार्ग बंद और निर्माण कार्य चलने से रोड की जर्जर स्थिति होने के कारण सर्विस रोड पर स्थित बाजारों से भी अब ग्राहकों ने नजरें फेर ली हैं। घंटों के जाम और धूल फांकने से बचने के लिए लोग इन बाजारों की ओर रुख नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि लगभग डेढ़ साल में व्यापार पूरी तरह से ठप हो गया है। जर्जर रोड की स्थिति होने से आये दिन एक्सीडेंट हो रही है। सर्विस रोड तथा बाई लेन का मरम्मती के जिम्मेवारी फ़्लाइओवर निर्माण के कांट्रेक्टर नहीं ले रही है। व्यापार समिति के अध्यक्ष राजीव चटर्जी ने बताया कि कई शिक्षण संस्थाएं, आटो शोरूम, फर्नीचर शोरूम, इलेक्ट्रानिक्स, पेंट, पेट्रोल पम्प ,आटो पार्ट्स, रेडीमेड गारमेंट, डाक्टर्स के क्लीनिक हैं। अन्य छोटे व्यापारियों को मिला लिया जाए तो 100 से अधिक दुकानदार फ्लाई ओवर निर्माण की धीमी गति से परेशान हैं। लगभग दो सालों में ग्राहकों ने इन बाजारों में आना ही बंद कर दिया है। व्यापारी बस जल्दी से फ्लाईओवर का कार्य पूरा होने की दुआ कर रहे हैं। श्री चटर्जी ने बताया कि अब शहर में एक ओर डेंगू का बढ़ता खतरा है और दूसरी ओर जगह जगह पर पड़ा गंदगी का अंबार डेंगू के प्रकोप को फैलाने की दावत दे रहा है। उन्होंने बताया अधिकारी मुख्यमंत्री के संज्ञान में मामला नहीं लाए, इसलिए औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य मंत्री को निवारणपुर क्षेत्र की ओर नहीं ले गए। स्थानीय निवासियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा महीनों से सफाई नहीं की गई है।

### नामकुम व चान्हो प्रखंड के दो विद्यालयों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

**राची।** पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज रांची जिला के दो प्रखंडों नामकुम एवं चान्हो प्रखंड में के दो विद्यालयों राजकृत उच्च विद्यालय, मसमांनहो राज्य के कृत मध्य विद्यालय तेतरी नामकुम में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता, गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता, तिरंगा शपथ, तिरंगा रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन का उद्देश्य हमारे बच्चों में और और युवाओं में देशभक्ति के प्रति जागरूकता लाना एवं हर कोई को अपने देश के प्रति निष्ठा एवं अपने दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। इसके लिए लोगों को प्रेरित करने का या प्रयास हर घर तिरंगा है।



# पहाड़ी मंदिर में भगवान भोलेनाथ का डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सावन मास की चौथी सोमवारी पर राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही। सोमवार अहले सुबह से ही भक्त पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक के लिए कतारवध दिखे। तड़के तीन बजे पूरे सनातनी विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसडीओ उत्कर्ष कुमार, रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष एनएन पांडेय और बादल सिंह के जरिये संयुक्त रूप से पूजा किया गया। पूजा के बाद अरघा लगा कर सभी भक्तों के लिए पट खोला गया। लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किया। बोलबम के जयकारों से पहाड़ी मंदिर गूंज उठा। पूरे मंदिर परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया गया। समिति के सचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि आज रांची एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से भक्तों का जनसैलाब दिखा। समिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने कहा कि भक्तों के बीच महाप्रसाद को लेकर काफी उत्साह था। सभी भक्त कतारबद्ध होकर महाप्रसाद क्रय कर रहे थे। सभी भक्तों से प्रसाद को लेकर सुझाव भी लिया गया। राजेश साहू ने सभी भक्तों से अनुरोध किया कि वह महंगे आभूषण पहन कर भीड़ भाड़ में ना आये। जिला प्रशासन और रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्य, स्वयंसेवी संस्था के लोग प्रवेश द्वार से निकास द्वार तक मौजूद थे। सभी भक्तों के सुरक्षा एवं बेहतर सुविधा के लिए तत्पर दिखे। सभी भक्तों के लिए ऊपर मंदिर में लोटा और जल का व्यवस्था किया गया था। साथ ही शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जा रहा था। संध्या में पहाड़ी बाबा का विशेष श्रृंगार एवं छप्पन भोग के साथ महाआरती किया गया। इसके अलावा रांची के कांके, कोकर, बूटी मोड, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना सुबह से देर शाम तक करते देखे गए।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले का विरोध

**रांची।** बांग्ला सांस्कृतिक कर्मीवृंद की ओर से सोमवार को एलईबीबी हाई स्कूल में भक्तिमय टैगोर गीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा के खिलाफ विरोध के साथ हुई। संस्कृतिकर्मियों ने इस मुद्दे पर दोनों देशों की सरकारों से अविलंब हस्तक्षेप करने की मांग की। इसके बाद रवींद्र गीतों की प्रस्तुति हुई। सुबीर लाहिड़ी, बेनी माधब चटर्जी, रेबा चक्रवर्ती, डॉ कमल बोस, संजय, प्रणति लाहिड़ी, लिली मुखर्जी, अपराजिता भट्टाचार्य, अपरूपा चौधरी, अमृता डे और पारोमिता चौधरी ने टैगोर गीत प्रस्तुत किए।

# दलादली चौक से हर घर तिरंगा यात्रा का किया गया शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रातु क्षेत्र के रिंग रोड सिमलिया दलादली चौक समीप हनुमान दुर्गा मंदिर परिसर से हर घर तिरंगा यात्रा मृत्युंजय शर्मा के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश भाजपा चुनाव प्रबंधन प्रमुख मृत्युंजय शर्मा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हम भाजपा के सिपाही हर घर तिरंगा वितरण का कार्य कर रहे हैं। ताकि हमारे देश की आन



और शान तिरंगा घर-घर में लहरा सके। भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा व सुनील कुमार सिंह ने कहा की तिरंगा वितरण कार्यक्रम में लोगों में काफी उत्साह है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से एसएन शर्मा, अभिषेक मिश्रा, रामाशीष शर्मा, वीरेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, जनार्दन ओझा, शंभू सिंह, विवेक दुबे, ममता चौहान, नवीन, शंकरपाल, विभूति नाथ आदि देशभक्त शामिल थे।

## कॉस्ट अकाउंटेंसी में रोजगार की असीम संभावनाएं : आरपी सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज के आईक्यूएसी, कॉमर्स विभाग और सीएमए रांची चैप्टर की ओर से सोमवार को कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट पाठ्यक्रम के नए विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आईसी एमएआई, रांची शाखा के सीएमए आरपी सिंह ने कहा कि गोस्सनर कॉलेज राज्य का पहला कॉलेज है जहां कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट की पढ़ाई शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि पेशेवर पाठ्यक्रमों में कॉस्ट अकाउंटेंट सबसे लोकप्रिय और सस्ता कोर्स है। इसमें रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। कोई भी कंपनी कॉस्ट अकाउंटेंट के बिना सफलता हासिल नहीं कर सकती। रुंणजय ने पाठ्यक्रम की भी जानकारी दी। कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो श्यामलेश कुमार ने कहा कि कॉलेज के लिए आज का दिन गौरवशाली है। अभी तक 33 विधार्थी इस पाठ्यक्रम में पंजीकृत हुए हैं। इसमें शैक्षणिक व पेशेवर कोर्स एक साथ उपलब्ध होंगे। इससे विद्यार्थियों को भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि किसी भी संकाय के विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम को पढ़ सकते हैं। इसकी अवधि 3 वर्ष की होगी। कार्यक्रम का संचालन आईक्यूएसी समन्वयक डॉ अजय कुमार ने किया। मौके पर सीएमए आरपी सिंह, डॉ नासीर अहमद, डॉ दीपक शर्मा, सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षक मौजूद थे।

## न्यूज | बॉक्स

### झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो के लिए संजय सेठ को किया आमंत्रित



**रांची।** आगामी 20, 21 और 22 सितंबर को प्रभात तारा मैदान धुर्वा में झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो का आयोजन होगा। इसका आयोजन लघु उद्योग भारती और ओलंपिया के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस शो के उद्घाटन के लिए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ को आमंत्रित किया गया है। सोमवार को लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधिमंडल संजय सेठ से मिल उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में लघु उद्योग भारती झारखंड प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापरिया, सचिव प्रकाश हेतमसरिया, सचिव सत्य प्रकाश पांडेय, अजय दाधीच, महिला विंग की सचिव नीतू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### आजसू की मारवाड़ी कॉलेज कमेटी गठित, पवन बने अध्यक्ष



**रांची।** आजसू की मारवाड़ी कॉलेज की कमेटी का गठन सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। नई कमेटी में अध्यक्ष पवन कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष सक्षम झा, वरीय उपाध्यक्ष सिमरन सिंह, राज यादव, अभिषेक चौधरी, अभिजीत कुमार और आर्यन केशरी बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, हिमांशु कुमार, अंश कुमार, अनुराग पांडेय, पुरुषोतम कुमार और निखिल कुमार बनाए गए हैं। महासचिव अभिषेक प्रजापति व सह सचिव फिलिप मिंज, प्रेम मिश्रा, आशीष कुमार, अमन यादव, कोषाध्यक्ष अमन यादव व सह कोषाध्यक्ष विक्की पाठक और शुभ कुमार, मीडिया प्रभारी अनुराग कुमार बनाए गए हैं।

### अरगोड़ा थाने में मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**रांची।** राजधानी के अरगोड़ा थाना में मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया गया है। इस संबंध में जगन्नाथपुर थाना निवासी चेतन सिंह ने सोमवार को जय दुर्गा कंस्ट्रक्शन एंड ट्रेडर्स के एजेंट के खिलाफ मारपीट करने और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। चेतन ने कहा कि वह अपने ऑटो से रांची रेलवे स्टेशन से हरमू के विद्यानगर पैसेंजर को छोड़ने गया था। वापसी के दौरान अरगोड़ा चौक पर जय दुर्गा कंस्ट्रक्शन एंड ट्रेडर्स के एजेंट ने 25 रुपये के रसीद के लिए उसके साथ मारपीट की। एजेंट ने अरगोड़ा चौक के पास रुकने का आवाज दिया। नहीं रुकने पर स्कूटी से पीछा कर मारपीट की जबकि वह सिर्फ स्टेशन से पैसेंजर को निर्धारित जगह पर पहुंचाता है और वापसी के क्रम में खाली ही आते हैं। इसके बावजूद उसके साथ पत्थर से मारपीट की गई। इससे उसका सिर फट गया है और पीठ पर भी काफी चोट लगी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में झारखंड



**रांची।** झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने हरियाणा को सेमीफाइनल में 4-2 से हराकर 63वीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सोमवार को हुए सेमीफइनल मुकाबले में झारखंड की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफइनल मुकाबले में हरियाणा को 4-2 से पराजित कर दिया है। आज के सेमीफइनल मैच में क्रांति उरांव, प्रतिभा भोक्ता, ललिता बोयपाई और संजना उरांव ने एक एक गोल कर झारखंड की टीम को जीत दिलाई। सुब्रतो कप 2024 अंडर 17 बालिका वर्ग प्रतियोगिता में शुरू से ही झारखंड की बेटियों का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला। टीम ने पिछले मैचों में दिल्ली को 7-0, गुजरात को 3-0, अरुणाचल प्रदेश को 13-0, त्रिपुरा को 2-0 और हरियाणा को 4-2 से हराकर अपनी मजबूत छाप छोड़ दी है। अब 13 अगस्त की शाम पांच बजे दिल्ली के डॉ. अंबेडर स्टेडियम में झारखंड और बांग्लादेश के बीच फाइनल मैच खेला जायेगा। इसका सीधा प्रसारण स्पोर्ट्सकास्ट यूट्यूब चैनल पर होगा। झारखंड की बेटियों के दमदार प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने भी बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर टीम को शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट किया, शाबाश बच्चों, फाइनल के लिए मेरी शुभकामनायें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उत्साहवर्धन से झारखंड की बेटियां और भी उत्साहित हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। सेमीफइनल में झारखंड की टीम के शानदार प्रदर्शन पर राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, अंतराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सह भारतीय खेल प्राधिकरण के पूर्व निदेशक सुशील कुमार वर्मा, एलएमसी सदस्य मुकुल टोप्पो, जेएसएसपीएस कोच सोमनाथ सिंह, टीम मैनेजर बिंदु कुजूर समेत खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों ने टीम को फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनायें और जीत की बधाई दी है।

## श्री श्याम मंदिर में हुई महादेव की विशेष पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में पवित्र श्रावण माह के चतुर्थ सोमवारी के अवसर पर देवों के देव महादेव की विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक व रुद्राभिषेक के साथ महादेव की जय जयकारों से गूंज रहा था। श्री श्याम मंदिर में प्रातः से ही भक्तजन अभिषेक के लिए आने लगे थे। श्री श्याम मंदिर की तरफ से संपूर्ण श्रवण माह के प्रत्येक दिन दूध लौटनी में डालकर अभिषेक के लिए भक्तजनों को दिया जाता है। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि श्री श्याम मंदिर में स्फटिक का शिवलिंग स्थापित है। जिसकी प्रतिदिन विधि विधान पूजा-अर्चना की जाती है। श्री शिव परिवार का प्रतिदिन श्रृंगार पूजा करने वाले गोपाल खैतान, लड्डू बाबू, संदीप खैतान व अमिताभ खैतान ने विशेष प्रातः कालीन श्रृंगार करके बाबा भोलेनाथ की आरती की। दोपहर के बाद रातू रोड निवासी राजेश सिंह व वर्षा सिंह ने अपने परिजनों के साथ महारुद्रअभिषेक अनुष्ठान संपन्न कराया।

गंगाजल, दूध, दही, शहद, घृत, चीनी, ईख का रस, अनार का रस, दाब जल आदि से महादेव का अभिषेक किया गया। बेलपत्र, दूब, शमी पत्र एवं धतूरा का फूल आदि शिवजी को अर्पित करके केसरिया पेड़ा का भोग लगाया गया। रुद्राभिषेक में रुद्रीपाठ निरंतर चलता रहा। राजेश सिंह के परिवार ने श्रद्धा भक्ति भावना के साथ महारूद्र अभिषेक करवाया।

### एचआईवी मरीजों के साथ भेदभाव मिटाने के लिए किया जाएगा जागरूक

# 1 सितबंर से होगी आईईसी अभियान की शुरूआत

*एचआईवी और यौन संचारी रोगों को लेकर किया जाएगा जागरूक*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय सभागार में इनटेंदसीफाइड आईईसी कैंपेनिंग कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने इस अभियान के लिए झारखंड सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आईईसी अभियान के माध्यम से झारखंड के लोगों को, विशेषकर युवाओं को एचआईवी और यौन संचारी रोगों को लेकर जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा एचआईवी मरीजों के साथ हो रहे भेदभाव के बारे में जागरूकता फैलायी जाएगी। 1 सितबंर से इस अभियान की शुरूआत हो जाएगी, जो 2 महीने तक चलेगा। झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक पवन कुमार ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय स्तर, जिला स्तर, प्रखंड स्तर और ग्राम स्तर पर चलाया जाएगा। अभियान से संबंधित सभी विभाग भी अभियान का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, ताकि एचआईवी से जुड़ी सही जानकारी लोगों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ हाथ मिलाने या गले लगाने से संक्रमण नहीं होता है और ना संक्रमित व्यक्ति के कपड़े पहनने या इसके साथ खाना खाने से होता है। इसलिए एचआईवी मरीज के साथ हो रहे भेदभाव को हमें रोकना है और लोगों को जागरूक करना है।

मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मीडियाकर्मियों को सम्मानित भी किया गया। प्रदेश की मीडिया संस्थानों से अनुरोध किया गया कि इस अभियान का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर करें। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक, सीएसटी झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति डॉ बदल चंद भक्त, उप निदेशक, बीएसडी सत्य प्रकाश प्रसाद, अपर परियोजना निदेशक, झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, डॉ एसएस पासवान, एनएसएस प्रभारी, डीपीएसएमयू के सोनाली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जुमार नदी में डूबे छात्र का शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के जुमार नदी में डूबे मनन विद्या स्कूल के दसवीं के छात्र पीयूष कुमार का शव पुलिस ने सोमवार को सुगनु गांव के पास नदी से बरामद किया है। सुगुनू गांव के पास जुमार नदी, स्वर्णरेखा नदी में मिलता है, वहीं से छात्र का शव बरामद किया गया। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि छात्र का शव बहकर बहुत दूर चला गया था। सुगनु गांव के समीप नदी से छात्र का शव बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। बताया जाता है कि शनिवार की देर रात 12:30 बजे पांच छात्र पीयूष



कुमार, वैभव सिंह, प्रताप महतो, अभिषेक उरांव और वैभव स्कूल के सेंकेड फ्लोर स्थित हॉस्टल से दूसरे कमरे का खिड़की को पार करते हुए बेडसीट के सहारे उतरे और स्कूल के ऊंची बाउंड्री का ईंटा खिसका दूसरे जमीन में घूसे। वहां भी बाउंड्री में तार लगा हुआ था, उसे पार करते हुए जुमार नदी के पास पहुंच गये। वहां श्मशान भी है। सभी पानी में उतर गये। वैभव व आशीष पानी की गहराई को देखते हुए वापस हो गये। जबकि प्रताप महतो व अभिषेक नदी के गहराई में जाकर डूबने लगे। उसे बचाने के लिए पीयूष कूदा तो प्रताप और अभिषेक से आगे निकल गया और डूबने लगा।

### बीएयू में किसान उत्पादक संगठनों के लिए कार्यशाला

## फसल विविधीकरण और प्रसंस्करण पर ज्यादा ध्यान दें एफपीओ : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को सहायता अनुदान योजना अंतर्गत एफपीओ संवर्धन के आयाम एवं विधियां विषय पर सोमवार को एक प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि झारखण्ड में 80 प्रतिशत से अधिक किसान लघु एवं सीमान्त हैं जो बड़े भूभाग में एक ही फसल की खेती करने में समर्थ नहीं हैं। इसलिए एफपीओ को फसल विविधिकरण, प्रसंस्करण, ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग पर ज्यादा ध्यान देना होगा तथा सामूहिक प्रयास से राष्ट्रीय एवं पडोसी राज्यों के बाजार में पहुंचना होगा। देश में 10 हजार एफपीओ के गठन एवं प्रोत्साहन हेतु वर्ष 2020-21 में प्रारंभ की गयी। केन्द्रीय योजना के तहत देश में अबतक लगभग 9 हजार एफपीओ गठित हो चुके हैं, जिनमे लगभग 20 लाख अंशधारक जुड़े हुए हैं। कांके एफपीओ को आधार बीज एवं प्रमाणित बीज का उत्पादन करते हुए क्षेत्र में शत प्रतिशत बीज प्रतिस्थापन का लक्ष्य लेकर काम करना चाहिए। नाबार्ड, रांची के उप महाप्रबंधक गौरव कुमार ने सभी एफपीओ को ज्यादा से ज्यादा शेयर धारक बनाने चाहिए तथा प्रत्येक शेयर धारक को कम से कम एक हजार रु अंशदान जमा करना चाहिए ताकि सरकार से अधिकाधिक इक्विटी ग्रांट प्राप्त हो सके।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को कांके पिठोरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय कि ओर से सावन के चौथी सोमवारी पर 12 दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला का उद्घाटन किया गया। इस 12 दिवसीय मेला में 200 से अधिक शिव भक्तों ने अपनी हाजारी लगाई। विधिवत पूजा अर्चाना कर ब्रह्मभोजन प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। शिव की महिमा अपरम्पार है। मौके पर बीके राजमती ने कहा की देवों के देव महादेव हमारे कण कण में विराजमान है। हमे उन्हें कही ढूंढने की जरुरत नही है। हमें शिव की आराधना कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरुरत है। मौके पर मुख़्य रूप उपस्थित लोगों में उप मुखिया चटकपु



पंचायत नमिता देवी, प्रजपिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय कि संचालिका बीके राजमती बहन एवं रिलेशन्स के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, शुभम चौधरी, आशोक सहाय, अरविंद सहाय, बंटी श्रीवास्तव, अश्विन सिन्हा, जया श्रीवास्तव, जय श्रीवास्तव, नेहा रानी, गोविन्द कुमार यादव, सविता देवी, संतोष कुमार, सुनिता, नेहा, नन्ही, राजू, शशांक, सुरेन्द्र तुतेजा समेत कई शिव भक्त उपस्थित थे।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# 3 अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन व 15 सेंटर के रिन्यूअल की दी गई स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान समिति द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-ई में एंट्री, चिकित्सकों की जॉइनिंग, यूएसजी मशीन खरीदने, स्थान परिवर्तन एवं अस्पतालों के सील सीजर पर विचार-विमर्श किया गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा 03 अल्ट्रासाउंड सेंटर



*दो अस्पतालों का सील सीजर खोलने का अनुमोदन*

के निबंधन और 15 सेंटर के रिन्यूअल की स्वीकृति प्रदान की गई। जबकि निबंधन के लिए 03 और रिन्यूअल के लिए 04 अल्ट्रासाउंड सेंटर का भ्रमण कर प्रतिवेदन के आधार पर निर्णय लेने की सहमति बनी। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान समिति द्वारा 08 संस्थानों को मशीन के फॉर्म-ई में एंट्री, एक सेंटर के स्थान परिवर्तन, 10 चिकित्साकों की जॉइनिंग, 05 संस्थानों को यूएसजी मशीन खरीदने एवं दो अस्पतालों का सील सीजर खोलने का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंटर का निश्चित समय अंतराल पर निरीक्षण करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में सिविल सर्जन, रांची डॉक्टर प्रभात कुमार, सहायक नोडल पदाधिकारी, समिति सदस्य एवं जिला समन्वयक राकेश कुमार राय उपस्थित थे।

## एक नजर

### गांजा तस्करी के दोषी को 10 साल की सजा व जुर्माना



**रांची।** अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत ने सोमवार को मादक पदार्थ तस्करी मामले में इम्तेयाज अंसारी को दोषी पाकर 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर उसे नौ माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। हटिया रेलवे पुलिस ने उसे 26 किलो 300 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। उसकी गिरफ्तारी 24 नवंबर, 2021 को हुई थी। रेल हटिया थाना में इसकी प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### भगवान भगत व सुनील यादव को एससी से जमानत

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग के आरोपी भगवान भगत और सुनील यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस अगस्टिन जॉर्ज मसीह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई के बाद जमानत प्रदान करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व रांची के पीएमएलए कोर्ट और हाईकोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट में दोनों की ओर से कहा गया कि इस मामले में उनके खिलाफ ईडी के पास कोई साक्ष्य नहीं है, जबरन उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### जज उत्तम के दोषियों की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई 13 को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में धनबाद के दिवंगत जज उत्तम आनंद हत्याकांड के दोषियों लखन वर्मा और राहुल वर्मा की क्रिमिनल अपील पर मंगलवार को अंतिम सुनवाई होगी। हाई कोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव की डबल बेंच में सोमवार को दोनों दोषियों की याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सब्यसांची ने बहस की। दरअसल, झारखंड में धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम उत्तम आनंद की हत्या मामले में धनबाद सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने 22 जुलाई ऑटो चालक लखन वर्मा और उसके सहयोगी राहुल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई कोर्ट ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सीबीआई कोर्ट के इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है।

## सैल्यूट टू बीएलओ व इलेक्शन क्विज कार्यक्रम किया लॉन्च

# युवाओं को चुनाव के प्रति जागरूक करने का है प्रयास : के रवि कुमार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की आहट के बीच चुनाव आयोग जागरूकता लाने के लिए चुनाव क्विज 2024 का आयोजन करने जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा सैल्यूट टू बीएलओ और इलेक्शन क्विज कार्यक्रम लॉन्च किया गया है। क्विज का रजिस्ट्रेशन 16 अगस्त से शुरू होगा जो 26 सितंबर तक चलेगा। 29 सितंबर को ऑनलाइन क्विज परीक्षा होगी, जिसमें कोई भी वोटर भाग ले सकता है। इसके बाद 5 अक्टूबर को सभी जिलों के विजेता प्रतिभागियों की ऑफलाइन क्विज प्रतियोगिता राजधानी रांची में होगी जिसमें विजेता को प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपये दिए जाएंगे।

इसके अलावा प्रत्येक जिले के विजेता को 10,000 रुपये दिए जाएंगे। इसी कार्यक्रम में लोकसभा के चुनाव की सांख्यिकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि झारखंड निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव में बेहतर काम करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। राज्य में 29,562 बीएलओ हैं और चुनाव कराने में इनकी अहम भूमिका होती है। इसके लिए सैल्यूट टू बीएलओ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव में जमीन पर काम करने वाले बीएलओ को सम्मानित करने के पीछे मकसद उनका उत्साहवर्धन करना है। हर विधानसभा क्षेत्र से तीन बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कहा कि कुछ बीएलओ को राज्यपाल की ओर से सम्मानित किए जाने की योजना है।

महाराष्ट्र सहित देश के चार राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में झारखंड में भी विधानसभा चुनाव इस साल के अंत तक होने की संभावना है। जिसके मद्देनजर चुनाव आयोग प्रारंभिक स्तर की तैयारियों में जुटा हुआ है। विधानसभा चुनाव तैयारी का जायजा लेने भारत निर्वाचन आयोग की टीम के सितंबर के पहले सप्ताह में झारखंड आने की संभावना है।



### क्विज के लिए 16 से होगा रजिस्ट्रेशन

इस अभियान को लेकर झारखंड इलेक्शन कमीशन के सीईओ के रवि कुमार ने जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चुनाव के प्रति जागरूक करने के इरादे से इस क्विज का आयोजन किया जा रहा है। इसका रजिस्ट्रेशन 16 अगस्त से 26 सितंबर तक चलेगा। 29 सितंबर को ऑनलाइन क्विज परीक्षा होगी। इसके बाद 5 अक्टूबर को सभी जिलों के विजेता प्रतिभागियों की ऑफलाइन क्विज प्रतियोगिता राजधानी रांची में होगी। इसमें निर्वाचन से संबंधित व्यक्ति को छोड़ कर झारखंड का कोई भी वोटर हिस्सा ले सकता है।

### दुकान में डकैती करने के 4 आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को बंद दुकान में डकैती करने से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए चार आरोपितों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया है। अदालत में सुनवाई के दौरान चारों आरोपितों संजीव लोहरा, संजय लोहरा, बलवंत सिंह एवं सुनील लोहरा पर लगे आरोप को अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर सका। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने अदालत में पक्ष रखा था। चारों पर अरगोड़ा स्थित पंकज कुमार अम्बष्ट की दुकान में मुंह में मास्क लगाकर 15 जून 2021 पर डकैती कराने का आरोप था। घटना को लेकर अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद आरोपितों को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया था। फैसले के दिन सिर्फ बलराम सिंह जेल में था। शेष तीन आरोपी जमानत पर बाहर था। अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने कहा कि घटना का अंजाम किसने दिया था , इसको कोर्ट में साबित नहीं किया जा सका।

## छवि और विष्णु की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई 23 को

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल के दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों आरोपितों की पिटीशन पर अगली सुनवाई की तिथि 23 अगस्त निर्धारित की है।

**इस मामले में ईडी को जवाब दाखिल करनी है :** दोनों ने 19 जुलाई को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला आरोप गठन पर है। उल्लेखनीय है कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में भी आरोपित हैं।

इस मामले में वह चार मई 2023 से जेल में है। चेशायर होम मामले में भी कुछ दिनों बाद उनको रिमांड पर लिया गया। तब से छवि रंजन जेल में हैं। जबकि विष्णु अग्रवाल जमानत पर हैं।

## बांग्लादेशी घुसपैठिए बन गए हैं झामुमो के वोटर : अमर बाउरी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को राज्य सरकार पर फिर बड़ा निशाना साधा। बाउरी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों पर हेमंत सरकार कार्रवाई करने से डर रही। ये घुसपैठिए झामुमो के वोट बैंक बन चुके हैं। इसलिए राज्य सरकार इनका संरक्षक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए आदिवासी दलित समाज के लोगों की संपत्ति पर कब्जा कर रहे। बहन-बेटियों से शादी कर के जमीन पर कब्जा कर रहे। इतना ही नहीं हिंदू आबादी को अपना



घर द्वार छोड़कर भागने को मजबूर कर रहे। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में तारानगर, गोपीनाथपुर, गाय बथान जैसे गांव में घुसपैठियों का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। घुसपैठिए राज्य को दीमक की तरह चाट रहे और राज्य सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि एक तरफ उच्च न्यायालय ने घुसपैठियों के संबंध में चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं। फिर भी हेमंत सरकार इसकी लीपापोती में लगी हुई है। बाहर में राज्य सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ से इंकार करती है जबकि कोर्ट ने एफिडेविट कर स्वीकार भी करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

## हमारा प्यारा तिरंगा त्याग, निष्ठा, और शांति का प्रतीक है : रक्षा राज्य मंत्री

### संजय सेठ लोगों से अपने घरों में तिरंगा लगने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हर घर तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विगत दो वर्षों से पूरे देश में मनाया जा रहा है। विगत 2 वर्षों में जन-जन का अभियान बन चुका है। पूरे देश भर में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक एक उत्सव के रूप में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। तिरंगा को देखकर देश प्रेम जागृत होता है। देश भावना का दिल में ज्वार फूटता है। हमारा तिरंगा त्याग, निष्ठा, और शांति का प्रतीक है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के हर घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगे ताकि देश के नागरिकों में राष्ट्रीय एकता और गौरव की अनुभूति हो। क्योंकि इस तिरंगे के खातिर लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया हमारे वीर योद्धाओं ने अपनी जान की बाजी लगाकर इस तिरंगे की आन, बान, और शान, को कायम रखा इसलिए हम सबों का कर्तव्य बनता है कि सभी लोग अपने घरों में व्यावसायिक, स्थलों में अवश्य तिरंगा लगे और लोगों को तिरंगा लगने के लिए प्रेरित करें। आज इसी के निमित्त रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर पत्नी संग एवं रांची महानगर के पदाधिकारी के साथ अपने घर पर तिरंगा लगाया।



### सेठ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया सम्मानित

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने सोमवार को रांची महानगर की भाजपा की नई टीम एवं 19 मंडलों के नवनियुक्त मंडल के अध्यक्ष को आज अपने आवास पर बुलाकर सम्मानित किया। सभी कर्मयोगी कार्यकताओं को बधाई और शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा भाजपा एक परिवार है और हम सब लोग एक परिवार के रूप में अपनी सेवाएं देते हैं भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और हम सब एक कार्यकर्ता हैं पार्टी जो जिम्मेवारी देती है हम सब उस जिम्मेवारी का निर्वहन करते हैं इसलिए आज हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस अवसर पर कांके विधायक समरी लाल, रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू महामंत्री बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, युवा मोर्चा रांची महानगर के अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह सहित रांची महानगर के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं 19 मंडल के अध्यक्ष उपस्थित थे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## दो दिवसीय राजभाषा तकनीकी कायार्शाला का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, रांची स्थित प्रकाश हॉल में दो दिवसीय (12-13 अगस्त, 2024) राजभाषा तकनीकी कार्यशाला आरंभ हुआ। जिसका विषय 'उच्चस्तरीय एमएस ऑफिस व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' था। कायार्शाला का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक)हर्ष नाथ मिश्र ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व मुख्य प्रबंधक, एडवांस माइक्रोसाफ्ट के विशेषज्ञ ओम प्रकाश अग्रवाल थे। अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि ऑफिस के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी कंम्प्यूटर की अनिवार्यता हो गयी है। आज की कार्यशाला इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि तकनीक के साथ राजभाषा को आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी पर है। अतः इस कार्यशाला से भरपूर लाभ लेने का प्रयास करें। सीखने के साथ-साथ अपने सहकर्मियों के साथ भी अर्जित ज्ञान साझा करें, तभी इस कार्यशाला का उद्देश्य पूरा होगा। महाप्रबंधक (अ.स्था/राजभाषा) संजय ठाकुर ने कहा कि हमारे दैनिक कार्यनिष्पादन में एमएस वर्ड, एक्सेल से संबंधित जो भी समस्या आती है वह इस कार्यशाला से निश्चय ही हल हो सकता है। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता ओम प्रकाश अग्रवाल कंम्प्यूटर की नवीनतम तकनीकों विशेषकर एमएस वर्ड के विभिन्न तकनीकी पहलुओं एवं टूल्स से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इस कार्यशाला में मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों के कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन महाप्रबंधक (अधि.स्था/राजभाषा) संजय ठाकुर, दिविक दिवेश, बलिराम सिंह एवं अन्य के सक्रिय सहयोग से किया जा रहा है।



*तकनीक के साथ राजभाषा को भी आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी पर है*

## न्यूज बॉक्स

### रांची नगर निगम के नए प्रशासक संदीप सिंह ने संभाला पदभार



**रांची।** रांची नगर निगम के नए प्रशासक संदीप सिंह ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्रशासक अमीत कुमार ने उन्हें प्रभार सौंपा और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद, उप प्रशासक अनवर हुसैन, उप प्रशासक रविन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता रमा शंकर राम, सहायक प्रशासक मुकेश कुमार, चंद्रदीप कुमार, निहारिका तिर्की, निकेश कुमार, सूरज प्रकाश सिंह चौधरी, निगम के अभियंतागण एवं अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### अर्जुन मुंडा, बाबूलाल व संजय सेठ को हाईकोर्ट से राहत बरकरार





**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री,भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ और धनबाद सांसद ढुल्लू महतो समेत दो दर्जन से ज्यादा भाजपा नेताओं को राहत बरकरार रखा है। सोमवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए एक बार फिर समय मांगा। जिसपर नाराजगी जाहिर करते हुए अदालत ने जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका देते हुए अगली सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। दरअसल पिछले वर्ष भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, आधा दर्जन सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया है, जिसका कांड संख्या 107/2023 है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेर्शों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई। बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और शिवानी ने बहस की।

### हटिया रेलवे स्टेशन से 10 किलो गांजा के साथ एक हुआ गिरफ्तार




**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से 10 किलो गांजा जब्त करते हुए एक आरोपित विशाल कुमार को गिरफ्तार किया है। वह बिहार के रोहतास जिले के रहनेवाला है। उपनिरीक्षक वीपी यादव ने सोमवार को बताया कि स्टेशन चेकिंग ड्यूटी के दौरान ऑपरेशन नार्कोश के तहत प्लेटफॉर्म संख्या 02 पर एस्केलेटर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को आसमानी नीले रंग के ट्रॉली बैग के साथ बैठे हुए देखा। संदेह होने पर जांच करने पर बैग से भूरे रंग की प्लास्टिक में लिपटा हुआ गांजा बरामद किया गया। तत्काल इस मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह को दी गई, जिन्होंने घटनास्थल पर आकर निरीक्षण किया। इसके बाद डीडी किट से जांच करने पर गांजा की पुष्टि हुई। पूछताछ के दौरान आरोपित ने स्वीकार किया कि उसने यह गांजा ओडिशा के फुलबानी से खरीदा था और इसे बिहार में बेचने जा रहा था। सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद आरोपित को जब्त गांजा और अन्य सामग्री के साथ जीआरपी हटिया को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत एक लाख एक हजार बतायी जा रही है।

### स्वतंत्रता दिवस पर कैबिनेट मंत्री जिला मुख्यालय में करेंगे झंडोत्तोलन




**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर झारखंड राज्य के मंत्रियों के द्वारा जिला मुख्यालयों में झंडोत्तोलन किया जायेगा। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने सोमवार को आदेश जारी किया है और सभी उपायुक्तों को आवश्यक तैयारी को पत्र लिखा है। मुख्य कार्यक्रम मोरहाबादी रांची और दुमका में होगा। कैबिनेट मंत्री चंपाई सोरेन, सरायकेला-खरसावां जिला, रामेश्वर उरांव, लोहरदगा, सत्यानंद भोक्ता, चतरा, बैधनाथ राम, लातेहार, दीपक बिरूआ, पश्चिम सिंहभूम, बन्ना गुप्ता, पूर्वी सिंहभूम, इरफान अंसारी, जामताड़ा, मिथिलेश कुमार ठाकुर, गढ़वा, हफीजुल हसन, देवघर, बेबी देवी, बोकारो, दीपिका पांडेय सिंह गोड्डा में झंडोत्तोलन करेंगे।

### आईएएस मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी हाईकोर्ट ने रद्द की



**रांची।** देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने भजंत्री के खिलाफ सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी रद्द कर दी है। निशिकांत दुबे ने अगस्त 2022 में भजंत्री के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर करायी थी। इसके बाद जीरो प्राथमिकी के आधार पर देवघर थाना में भजंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया था कि 31 अगस्त 2022 को शाम में जब वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे, तो तत्कालीन देवघर उपायुक्त मंजूनाथ के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी। उनके सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया। प्रार्थी का कहना था कि उनके खिलाफ लगाए गए सारे आरोप निराधार हैं, इसलिए इससे संबंधित जीरो एफआईआर को रद्द किया जाए। दिल्ली में दर्ज करायी गई जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दी गई थी। जिसके आधार पर देवघर के कुंदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## राष्ट्र जागरण का अभियान है हर घर तिरंगा कार्यक्रम : कर्मवीर



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को तिरंगा ध्वज स्टॉल का उद्घाटन फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार चौथे वर्ष हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्र जागरण का ऐतिहासिक कार्यक्रम है। प्रत्येक भारतवासी आजादी के आंदोलन में जान की बाजी लगाने वाले लाखों स्वतंत्रता सेनानियों शहीदों को तिरंगा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है,नमन करता है। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत की आन बान और शान है।इसको अपने अपने घरों पर लगाकर हर भारतवासी गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर घर तक ध्वज पहुंचे इसकी चिंता करते हैं।प्रदेश कार्यालय में तिरंगा ध्वज आम नागरिक की सुविधा केलिए स शुल्क उपलब्ध है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लगाएं और लगाने केलिए प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को भारत की आजादी की लड़ाई एवं लाखों शहादत से परिचित कराना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो, राफिया नाज, राहुल अवस्थी, विवेक विकास, तारिक इमरान, मृत्युंजय पाठक, गुरविंदर सेठी, संजय चौधरी, संजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नगर विकास मंत्री से चैंबर पदाधिकारियों की वार्ता

# भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी किए जाने का किया गया आग्रह

- *राज्य में लगभग 8.5 लाख भवन/मकान टूटने से बचेंगे और प्रत्यक्ष रूप से लगभग 50 लाख लोग लाभान्वित होंगे*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में वर्षों पूर्व निर्मित भवनों को रेगुलराइज करने के लिए नगर विकास विभाग द्वारा अनाधिकृत निर्माण को नियमितीकरण करने के लिए योजना 2022-23 को जल्द प्रभावी करने की मांग की गयी। इसी को लेकर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात की। उन्हे बताया गया कि विभाग द्वारा प्रस्तावित इस योजना के जल्द प्रभावी होने से राज्य में लगभग 8.5 लाख भवन/मकान टूटने से बचेंगे और प्रत्यक्ष रूप से लगभग 50 लाख लोग लाभान्वित होंगे। यह भी सुझाव दिया गया कि शहर के बाहर अवस्थित वेयरहाउस और छोटे-छोटे व्यवसायिक प्रतिष्ठान बना लिए गए हैं, उन्हें भी इस योजना के दायरे में लाया जाए, ताकि यह व्यवसायी भी राज्य के विकास में अपना योगदान दे सकें।



मुलाकात के दौरान चैंबर ने रांची मास्टर प्लान 2037 में संशोधन के लिए नागरिकों द्वारा पूर्व में दिए गए सुझावों पर कार्रवाई करने की आवश्यकता बताई। कहा गया कि शहरवासियों ने भूमि उपयोग में सुधार के लिए अपनी आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत की हैं जिनमें यह बताया गया है कि इन संशोधनों के बिना वे अपनी भूमि का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची नगर निगम ने भूमि उपयोग में सुझाये गये सभी बदलावों को नगर विकास विभाग को निर्गत कर दिया है तथा वर्तमान में यह संचिका विभाग में लंबित है।

चैंबर अध्यक्ष ने बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया से जुडे विवाद के स्थाई समाधान हेतु कर समाधान योजना लाने का भी आग्रह किया। यह कहा कि निगम द्वारा बाजार टांड में आवंटित दुकानों में अतिरिक्त संरचना निर्माण के कारण किराया, ब्याज और उसपर फाइन की दर जुड़ते-जुड़ते काफी अत्यधिक हो गई है जिस कारण यह मामला जटिल हो चुका है। लाइसेंसधारी के निधनोपरांत या परिवार के सदस्य के अलग होने की स्थिति में दुकान के नाम हस्तांतरण के साथ ही दुकानदारों की अन्य कठिनाईयां भी हैं, जिसकी समीक्षा आवश्यक है। मंत्री हफीजुल हसन ने प्रतिनिधिमंडल के सभी सुझावों पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। यह भी आश्वस्त किया कि सभी मामलों में 20 तारीख तक विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर, स्थिति की समीक्षा की जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, लैंड रिफॉर्म उप समिति चेयरमेन रमेश साहू, अमित अग्रवाल और नगर निगम किरायेदार संघ के सचिव शंकर झा शामिल थे।

## एक नजर

### चुंबा में सोमवारी को लेकर महिला श्रद्धालुओं ने निकाली जलयात्रा

**गिद्दी।** चुंबा के महिला युवतियों भक्त श्रद्धालुओं ने सोमवारी को लेकर कंजगी स्थित मां छिन्मस्तिका मंदिर से जल यात्रा निकाला। संतोष पांडेय विधिवत पूजा अर्चना करा कर जल संकल्प कराया। इसके बाद जल यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल सैकड़ो महिला युवति भक्त श्रद्धालुगण के हर हर महादेव, बोल बम, बोल बम का नारा है भोला एक सहारा है के उदघोष से पूरा गांव गुंजयमान रहा। जल यात्रा मां छिन्मस्तिका मंदिर कंजगी से होते हुए कंजगी, पड़रिया, हेठ बगिचा, काली मंदिर, पारबागी, बारवा टोला, बेहराटांड़ होते हुए उचरिंगा शिवालय में जलाभिषेक किया। इस अवसर पर बड़का चुंबा पंचायत के मुखिया राजेंद्र कुशवाहा, बासुदेव माहतो, लक्ष्मण सोनी, गोविंद महतो, नागेंद्र महतो, भागीरथ महतो, शंकर महतो, पुष्पा देवी, लीला देवी, वीणा देवी, बेबी देवी उपस्थित थे।

### गिद्दी सी में दूषित जलापूर्ति को लेकर नेताओं ने पीओ से की वार्ता

**गिद्दी।** गिद्दी सी कॉलोनी में दूषित जलापूर्ति को लेकर सोमवार को यूनियन नेताओं ने गिद्दी सी पीओ जितेंद्र कुमार से वार्ता किया। यूनियन नेताओं पीओ को कहा इन दिनों गिद्दी सी कॉलोनी में बिल्कुल गंदा पानी की आपूर्ति किया जा रहा है। यूनियन नेताओं ने कहा कॉलोनी में जहां से जलापूर्ति किया जा रहा है वहां पर गिद्दी सी एक्सावेशन वर्कशॉप का डीजल, मोबिल मिला हुआ पानी के साथ डोकाबेड़ा के तरफ का गंदा पानी बहकर गिरता है। जो किसी भी कार्य करने में उपयोग लायक नहीं है। इस पर गिद्दी सी पीओ ने दूषित जलापूर्ति की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्रीय अधिकारी से बात करने के लिए कहा। इसके बाद वार्ता में शामिल यूनियन नेताओं ने इसे लेकर अरगड्डा जीएम से मिल कर वार्ता करने का निर्णय लिया है। गिद्दी सी पीओ जितेंद्र कुमार से वार्ता में यूनियन के जन्मेजय सिंह, जवाहिर यादव, सियाराम साह, कृष्णा सिंह, दिनेश गोप शामिल थे।

### पतरातू रेलवे क्रॉसिंग के निकट जल पाईप फटने से कोयलांचल में पानी का हाहाकार

**पतरातू।** पतरातू रेलवे क्रॉसिंग के निकट जल पाइप 10 दिन पूर्व से ही फट गया है। जिससे पूरे कोयलांचल क्षेत्र में पानी का आकार मचा हुआ है। इसकी सूचना मिलने के बाद इसका जायजा लेने के लिए रविवार को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद पहुंची। यह सीसीएल क्षेत्र में जलापूर्ति कर रहा जल पाईप है जो फट गया है। जिससे पूरे कोलांचल क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित हो गई है। इससे 10 दिन पहले से ही पूरे कोयलांचल क्षेत्र में पानी का हाहाकार मचा हुआ है। पतरातू डैम से सीसीएल फिल्ट्रेशन प्लांट में पानी का सफाई की जाती है। इसके बाद प्रखंड के पूरे सीसीएल कॉलोनी क्षेत्र में जलापूर्ति किया जाता है। यह भी बताया जाता है कि सीसीएल की ओर से रेलवे विभाग से फटे हुए पाईप के की मरमती के लिए एनओसी लेने के लिए जद्दोजहद कर रही है।

**प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने मंईयां सम्मान योजना का किया निरीक्षण**

# योजना का उद्देश्य माताओं को सम्मान देना




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड के पोटमदगा पंचायत सचिवालय पहुंचकर सोमवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने सचिवालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य माताओं को सम्मान देना और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करना है। सचिवालय के निरीक्षण के दौरान सुधीर मंगलेश ने योजना की प्रगति और इसके क्रियान्वयन पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से योजना को और प्रभावी तरीके से लागू करने की बात कही ताकि अधिक से अधिक माताओं को इसका लाभ मिल सके। सुधीर मंगलेश ने सचिवालय के दौरे के दौरान योजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की, जिसमें लाभार्थियों की पहचान, सहायता राशि के वितरण और योजना के प्रचार-प्रसार के प्रयास शामिल थे। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि योजना का लाभ सभी पात्र माताओं तक पहुंचे और किसी भी प्रकार की अनियमितता या देरी न हो। राज्य सरकार योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए गंभीर है और सभी आवश्यक कदम उठा रही है ताकि झारखंड की माताओं को इस योजना का पूरा लाभ मिल सके। मौके पर मुखिया रंजू देवी, पंचायत सचिव ममता कुमारी, मृत्युंजय कुमार, रोशन कुमार, रोहित महतो आदि उपस्थित थे ।

**मंईयां सम्मान योजना से राज्य की बहन-बेटियों में उत्साह**

# सरकार की योजना से विपक्षी पार्टियों में घबराहट : जानकी




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** झारखण्ड की हेमंत सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक मदद हेतु 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' को लागू करने से विपक्षी पार्टी भाजपा में घबराहट नजर आ रही है। उक्त बातें पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव ने अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना से राज्य की बहन बेटियों में उत्साह देखा जा रहा है। हर महिलाओं के जुवां पर हेमंत सरकार का नाम सुनने को मिल रहा है। कहा हर माह 1 हजार रूपए मिलेंगे जो की साल मे 12000 होंगी। मोदी सरकार के कमर तोड़ मंहगाई मे ये योजना महिलाओं के रसोई के लिए मददगार होंगी। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी ने कहा शहर से लेकर गॉव तक पंचायत भवनों में काफी भीड़ उमड़ रही है ।सर्वर डाउन के कारण कुछ कठिनाई हो रही थी जिसे मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक बुला कर इसका समाधान किया गया। हेमंत सरकार ने इसके पूर्व 50 वर्ष से ऊपर के महिलाओं और 60 वर्ष से ऊपर सभी के लिए सर्वजन पेंशन स्कीम लागु किया जिससे देख विपक्षी पर्टियां अपना जमीन खिसकता देख कर हताश व निराश है। बेवजह झारखण्ड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को काफी परेशान किया गया और 5 माह तक होटवार जेल में बंद रखा गया। न्यायालय नें न्याय करते हुए उनको निर्दोष साबित किया गया। राज्य की हेमंत सरकार हर दिन विकास की नई गाथा लिख रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झामुमो के नेता व कार्यकर्त्ता दिन रात सहयोग में लगे हुए हैं। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, मुखिया निजाम अंसारी, उप मुखिया चंद्रदीप पांडेय, प्रमोद गुप्ता, प्रकाश सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### जवाहर घाटी से विक्षिप्त का शव बरामद, अब तक नहीं हुई है शिनाख्त

**बरही ।** पटना रोड स्थित जवाहर घाटी से एक विक्षिप्त का शव बरामद हुआ है. जिसकी अब तक कोई पहचान नहीं हो सका है. पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि विक्षिप्त घाटी में मृत पड़ा था. जिसकी अब तक कोई पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को शिनाख्त के लिए हजारीबाग मुर्दा घर में भेज दिया है. तीन दिन के बाद आवश्यक प्रक्रिया के बाद उचित कारवाई की जाएगी. उन्होंने फोटो जारी करते हुए लोगो से पहचान करने की अपील किया है.

# चौथी सोमवारी पर बुढ़वा महादेव मंदिर में किया गया पूजन सामग्री का वितरण



*श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से सभी के लिए सुख - शांति मांगी व राज्य में खुशहाली की मंगलकामना की*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास की चौथे सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढवा महादेव स्थित माँ वैष्णव मंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया गया। पूजन समाग्री वितरण कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरू हुई। जिसमें श्रद्धालुओं को दुध, फुल, बेलपत्र, माचिस एवं अगरबत्ती का वितरण किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं को भस्म भी लगाया गया। जिसकी शुरूआत एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्मिला गुप्ता ने पूजन सामाग्री वितरण कर किया। ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता के द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्मिला गुप्ता ने कहा कि दान पुण्य करने से जीवन में चमत्कारिक बदलाव आता है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी के लिए सुख एवं शांति की मंगल कामना की। मौके पर विशेष रूप से एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य राकेश गुप्ता, दिनेश खण्डेलवाल, बिभु दा, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, गौतम कुमार, सहदेव कुमार दास, सुहानी कुमारी एवं अमरेश भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

**स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर विहिप की बैठक संपन्न**

# विहिप एक सामाजिक संस्था है जो मानव हित के कार्यों के लिए समर्पित है : गुरुदेव




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** आगामी 30 अगस्त को बरसोत में विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मनाया जायेगा. कार्यक्रम की तैयारियो को लेकर प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर परिसर में विहिप कार्यकर्ताओ की एक महत्पूर्ण बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी एवं संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता व विशिष्ट अतिथि जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार शामिल हुए. पूर्व के बैठक में किए गए कार्यों की समीक्षा के बाद गई 30 अगस्त को प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले विहिप के स्थापना दिवस कार्यक्रम पर चर्चा हुई. मुख्यातिथि श्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि आरएसएस के द्वितीय सर संचालक माधव सदाशिव राव गोलवलकर के मार्गदर्शन में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना विहिप की स्थापना 1964 में संदीपनी आश्रम में की गई थी. जिसमें भारत सहित विश्व के समस्त सनातनी परिवारों प्रतिनिधित्व रहा. जिसका उद्देश्य सनातनी धर्म के मान व रक्षा के साथ सनातनी समाज के उत्थान करना है. समस्त सनातनी परिवारों को एकजुट करते हुए उसके हक और हुकूक के लिए में प्रयासरत रहना इसका मुख्य लक्ष्य रहा है.

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा लोगों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगो को देशभक्ति के लिए जागरूक किया. यात्रा होटल हाइवे इन से प्रारंभ हुआ और बरही के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए समाप्त हुआ. यात्रा में पूर्व एक सभा की गई. जिसका संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए. अपने संबोधन में श्री यादव ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान है. जो किसी मजहब या संप्रदाय से नही बंधा है. भारत में रहने वाला हर एक व्यक्ति को तिरंगा की रक्षा का संकल्प लेनी चाहिए. किसी भी स्थिति में तिरंगे को झुकने नही देंगे ऐसा हम सभी प्रण लेते हैं. तिरंगा यात्रा की महत्ता को बताते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि देशभक्ति की जज्बा को जागृत करना और उसके प्रति लोगो को समर्पण भावना जगाने के लिए इस यात्रा का अयोजन किया गया है. यात्रा में भाजपा के सैकड़ों लोगो ने हाथ में तिरंगा लिए हुए भारत माता की जय घोष करते हुए सड़को पर भ्रमण किया.

**श्रावण की चौथा सोमवारी को खीर महाभोग का हुआ आयोजन**

# सावन में भगवान शंकर का पूजन फलदायी : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कैथा प्राचीन शिव मंदिर परिसर में श्रावण मास की चौथी सोमवारी के अवसर पर 12 अगस्त को मंदिर समिति द्वारा खीर महाभोग वितरण तथा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया । इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी,विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद 26 देवधारी महतो,नगर सचिव नीरज मंडल उपस्थित हुए। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने प्राचीन शिव मंदिर कैथा में भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन कर जन कल्याण और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच भक्ति जागरण और खीर महाभोग का वितरण किया गया।इस अवसर पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि श्रावण मास में भगवान शंकर का पूजन फलदायी है।भगवान भोले भक्तों की पीड़ा हर उनका कल्याण करते हैं।श्रावण मास में शिव भक्तों में भगवान के प्रति विशेष भक्ति,उत्साह और समर्पण होता है।इस समय भगवान के पूजन का विशेष महत्व होता है। वहीं, वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि प्रतिवर्ष पावन श्रावण मास में शिवभक्त कैथा प्राचीन शिव मंदिर पहुंच भगवान भोलेनाथ का पूजन करते हैं। श्रावण मास की चसुठी सोमवारी को मंदिर समिति के द्वारा खीर महाभोग का आयोजन किया जाता है।मन्दिर समिति अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने कहा कि प्राचीन शिव मंदिर कैथा में न केवल रामगढ़ जिला बल्कि अन्य क्षेत्र के लोग आस्था लिए पहुंचते हैं आज चसुठी सोमवारी को हजारों की संख्या में श्रद्धालु रजरप्पा से जल लेकर इस मंदिर पर चढाते हैं और उनकी मनोकामना पूर्ण होती है।खीर महाभोग वितरण में मुख्य रूप से कमेटी सचिव राजकुमार महतो,मंदिर पुजारी समीर चटर्जी, संरक्षक रतन रविदास, संदीप महतो, रतनलाल महतो, अजय आस्था, अमित कुमार दास, सुरेंद्र महतो, पंचम महतो, मिक्कू मालाकार, विनय कुमार, रंजीत कुमार, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा नेता अनूप भाई लगवाएंगे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में औषधीय व फलदार पौधे



**हजारीबाग।** भाजपा नेता अनूप भाई ने मीडिया के साथ साझा करते हुए जानकारी दी कि सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से वे 20 वर्षों से हजारीबाग में सेवा का कार्य कर रहे हैं। जिस कड़ी में बरकट्ठा विधानसभा के अंतर्गत सभी पंचायत में जाकर पांच सौ से अधिक पंचायत में पौधे लगाने एवं वितरण करने का लक्ष्य रखा है जिसमें औषधीय पौधे शामिल है जिसमें लाल चंदन, सफेद चंदन, कपूर, रुद्राक्ष ,लॉन्ग, आवला, अर्जुन, आम जामुन, कटहल, सेव, नींबू और अमरूद के पौधे शामिल हैं। इसके साथ हीं उन्होंने भाजपा के बैनर तले आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की मंशा भी जाहिर की।

### राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के महासचिव ने प्रशासन से खूंखार कैदी के गिरफ्तारी की मांग की



**हजारीबाग।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के महासचिव विक्की धान कुमार ने शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल के कैदी वार्ड में बंद भर्ती खूंखार कैदी शाहजद अंसारी के द्वारा हवालदार चौहान हेम्ब्रम की हत्या कर के फरार हो गया है जो कि काफी निन्दनीय हैं। इतने बड़े खुंनखार अपराधी की सुरक्षा में एकमात्र हवलदार ये भी कही ना कही प्रशासन पर भी सवाल उठता है लगातार आदिवासी समाज के होनाहार जवानों व पुलिस अधिकारी को अपना निशाना बना रहे हैं अपराधी ये बहुत चिंता का विषय है, भविष्य में इस तरह की घटना न हो इसके लिए अवश्य कदम उठाए जाने चाहिए साथ ही साथ कैदी वर्ड में तीन से अधिक जवानों को सुरक्षा में तैनात रखना चाहिए।

### झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में बिचौलिए से बनाएं दूरी : केदार



**बरही ।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एससी सेल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है. 21 से 50 वर्षो के मां बहने इस योजना का लाभ ले सकती है. इसके लिए लाभुक के पास आधार कार्ड, आधार लिंक्ड बैंक खाता, राशन कार्ड और वोटर कार्ड होना अनिवार्य है. जिसका ऑनलाइन सिर्फ अधिकृत प्रज्ञा केंद्र पर ही किया जाना है. इस योजना के तहत लाभुक को प्रति माह 1000 रुपए को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी. श्री पासवान ने बताया कि यह पूर्णतः निःशुल्क योजना है जिसमे आवेदन लेने से जमा करने तक एक भी पैसे किसी को नही देने है. बाबजूद कुछ बिचौलिए आवेदक को दिग्भ्रमित कर पैसे ऐंठने का काम कर रहे है. ऐसे बिचौलिए को चिन्हित कर प्रशासन को सुपुर्द करने की आवश्यकता है. उन्होंने बताया कि सभी योग्य लाभुको को इस योजना का लाभ मिलना तय है. प्रदेश अध्यक्ष ने स्थानीय प्रशासन से भी इस प्रकार के मामले आने पर गंभीरता से लेने की बता कही.

### सड़क में बने गड्ढे ने राहगीरों की बढ़ाई परेशानी



**बरकट्ठा।** गोरहर से चोरदाहा चौपारण तक जीटी रोड चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है।विदित हो कि सड़क निर्माण बीते 5 वर्ष से जारी है। सड़क निर्माण कार्य राज केसरी प्राइवेट लिमिटेड उर्फ कौशल इंजीनियरिंग लिमिटेड के द्वारा की जा रही है। बीते पांच वर्ष से कोनहारा कला खुर्द स्थित ओवर फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य चल रही है, लेकिन फ्लाई ओवर के किनारे सर्विस रोड में बड़े बड़े गढ्ढे बन गए हैं। गढ्ढे होने के कारण आए दिन राहगिरों को परेशान होना पड़ता है । बीते तीन दिन पूर्व सड़क में बने गढ्ढे में पानी जमा होने से पूरे दिन लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुक को राशि हस्तांतरित करने का परीक्षण सफल

**रामगढ़।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ प्रत्येक योग्य लाभुक को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर पूरे जिले में तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिले में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों को लाभ राशि हस्तानांतरित करने को लेकर परीक्षण किया गया, जो की सफल रहा। इस दौरान एक लाभुक के खाते में योजना के तहत 1000 रुपए का पीएमएफएस किया गया। गौरतलब है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत अब तक जिले में 70500 आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की जा चुकी है । वहीं, विभिन्न स्तरों पर आवेदनों को तीव्र गति से निष्पादित कर अनुमोदन देने का कार्य किया जा रहा है। 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपए प्रदान करने के उद्देश्य से लाई गई झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने हेतु योग्य लाभुक अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर अथवा आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं के माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। 15 अगस्त तक पंचायत भवनों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी आवेदन पत्रों की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित की जा रही है।

### हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे शिवालय

**रामगढ़।** सावन की चौथी सोमवारी के उपलक्ष्य में शहर के शिवालयों में तड़के से ही शिव भक्तों का आवागमन शुरू हो गया, जो दोपहर तक जारी रहा। शिव भक्तों ने शिव परिवार पर जलाभिषेक कर पूजन किया। भगवान शिव पर भांग, धतूरा, अकवन के फूल, वेलपत्र, दूब, दही आदि चढ़ाए। हर-हर महादेव के जयघोष से शिवालय गूंज उठे। शहर के रामगढेश्वर महादेव किला मंदिर, शंकर शंभू शिवालय नेहरू रोड़, प्राचीन काली मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर, बिजुलिया शिव मंदिर, कैथा शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सैकडों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और शिव की पूजा-अर्चना की। शहर के कई शिवालयों में महारूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। शाम को शिवालयों में भजन संध्या का आयोजन किया गया। सावन को लेकर शिवालयों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था।

## आस्था

**सावन की चौथी सोमवारी : हजारीबाग यूथ विंग ने दूध व बेलपत्र का किया वितरण**

# ॐ नमः शिवाय के जयकारे से क्षेत्र हुआ गुंजायमान

*संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के द्वारा सभी पदाधिकारी और सदस्यों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जिले में सामाजिक क्षेत्र में एक अलग पहचान स्थापित करते हुए पिछले तीन वर्षों से निरंतर सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाली संस्था हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा लगातार सावन की चौथी सोमवारी के अवसर पर बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में शिव भक्तों के बीच दूध बेलपत्र का वितरण किया गया। वितरण के दौरान करीब 41 लीटर दूध का वितरण किया गया। मौके पर सभी शिव भक्त हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय के जयकारों के साथ सामग्री प्राप्त कर रहे थे। प्रातः6 बजे से शिव भक्तों की सेवा में समर्पित नजर आए संस्था के पदाधिकारी और सदस्य गण। इस बीच संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के द्वारा सभी पदाधिकारी और सदस्यों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व सभी ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। भक्ति गीत से सभी आनंदित होकर भगवान भोलेनाथ की पूजा में समर्पित नजर आ रहे थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सह सचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, अभिषेक पांडे, विकास तिवारी, उ दित तिवारी, संजय सिंह एवं नीरज सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित रहे। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की भगवान शिव की पूजा में बेलपत्र और दूध का विशेष महत्व है। इस वितरण का उद्देश्य भक्तों को भगवान शिव की आराधना में सहूलियत प्रदान करना और उन्हें आध्यात्मिक शांति की अनुभूति कराना है।

# श्रावन मास की चौथी सोमवारी पर दामोदर - भैरवी संगम से श्रद्धालुओं ने उठाया जल



**रामगढ़।** सोमवार को पवित्र श्रावण मास की चौथी सोमवारी पर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल दिखा. इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अहले सुबह रजरप्पा स्थित दामोदर-भैरवी संगम पहुंचे. जहां स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने जल लिया. इसके बाद माता छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया. पूजा के बाद श्रद्धालुओं का जत्था रजरप्पा से पैदल रवाना हुआ. जिसके बाद श्रद्धालुओं ने प्राचीन शिव मंदिर कैथा, सिद्धेश्वर धाम मंदिर, बुढ़वा महादेव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर कुशलता और सुख समृद्धि की कामना की. इस दौरान जगह जगह स्टॉल लगाकर विभिन्न सांगठनों की ओर से श्रद्धालुओं का शीतल जल, शरबत, फल आदि प्रदान कर स्वागत किया गया.

## एक नजर

### साप्ताहिक जनता दरबार आयोजित

**सिमडेगा।** डीसी अजय कुमार सिंह के द्वारा आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखी। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

### डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा के किरानी का हुआ स्थानांतरण

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा के किरानी एलडीसी सुरेंद्र कुमार का स्थानांतरण डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में हो गया है। विद्यालय उन्हें ससम्मान विदाई देते हुए लोहरदगा के लिए रवाना किया । पिछले 8 वर्षों से उन्होंने डीएवी सिमडेगा के लिए समर्पण भाव से काम किया ।प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने उनके योगदान को याद कर उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के समय विद्यालय के देवेंद्र मांझी ,शैलेश कुमार सिंह, राकेश झा ,गोपीनाथ पंडा ,अमृत बाघवार, देवेंद्र मांझी, रुचि झा ,शंकर दास, शिक्षक एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे, उन्होंने भी उनके योगदान को सराहा और उज्जवल भविष्य की कामनाएं की वहीनए किरानी के रूप में उर्मिला सुतार डीएवी गुमला से आकर अपना योगदान डीएवी सिमडेगा में दिया।

### पल्स पोलियो दिवस को सफल बनाने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नेशनल इम्युनाइजेसन दिवस पर पल्स पोलियो दिवस को सफल बनाने को लेकर समाहरणालय में बैठक की गई।बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि 25 अगस्त 2024 को पल्स पोलियो दिवस दिवस के रूप में कार्य करना है।विगत फरवरी 2022 में अंतिम दिन आई डी कार्यक्रम हुआ था, जिसमें 90 प्रतिशत उपलब्धि हुई थी।इस बार सभी बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद की खुराक पिलाई जानी है।इसके लिए विद्यालयों की ओर से अपने क्षेत्र में जागरूकता रैली 24 अगस्त 2024 को निकाली जानी है।इसके अतिरिक्त एन सी सी,एन एस एस,रोटरी,लायंस,,एन जी ओ,धार्मिक लीडर के द्वारा भी अपने स्तर से कार्य करेंगे। जिन क्षेत्रों में विगत वर्ष 2022 में कम बच्चों को पिलाया गया था उसे इस बार सुधार करना है।राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम भी 28 अगस्त से 13 सितंबर तक चलाई जाएगी।वैसे युवा जिनकी उम्र 20-30 वर्ष है उनकी जांच भी सतत करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि कुष्ठ रोगी ग्रेड 2 में परिवर्तन नहीं होना चाहिए,यह पूरी तरह जांच और दवा खिलाने में गहन निगरानी करनी होगी। जांच बढ़ाएं और पहचान होने पर समुचित चिकित्सा दें।

# सावन के चौथी सोमवारी के मौके पर हर-हर महादेव से गूंजा रामरेखा धाम



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सावन के चौथी सोमवारी के मौके पर सिमडेगा के पवित्र तीर्थ स्थल रामरेखा धाम में हर हर महादेव की जय घोष के साथ पूरा रामरेखा धाम गूंज उठा। जहां पर 10000 से भी अधिक संख्या में कांवरिया की भीड़ देवाधिदेव महादेव में जलाभिषेक किया। बताया गया कि कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक घर से पूरा गांव के लोग वाहनों में भर भर कर सबसे पहले केशलपुर स्थित शंख नदी पहुंचे। जहां पर सभी लोगों को सामूहिक रूप से विश्व हिंदू परिषद की ओर से जल संकल्प कराया गया। जिसके बाद सभी लोग हर-हर महादेव, जय श्री राम, बोल बम, बोल बम के जय घोष के साथ पैदल पदयात्रा करते हुए रामरेखा धाम की ओर बढ़े।मौके पर भीड़ देखते ही बन रहा था। चारों ओर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने विधि व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पर समूह बनाकर कांवरिया की टोली को व्यवस्थित तरीके से रामरेखा धाम की ओर ले गए। जहां पर सुबह 9:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक अपनी बारी का इंतजार करते हुए कतारवध होकर सभी लोगों ने गुफा के अंदर विराजमान भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। वहीं इसके अलावा गुफा में विराजमान भगवान राम,लक्ष्मण, मां जानकी, जगन्नाथ,बलभद्र और बहन सुभद्रा राधा कृष्ण सहित अन्य देवी देवताओं का विधि विधान से पूजन किया। इधर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। जहां पर सभी लोगों ने सामूहिक रूप से महाप्रसाद ग्रहण किया। जिसके बाद कार्यक्रम की समापन की गई। मौके पर जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद ने बताया यह दूसरी वर्ष इस प्रकार का भव्य आयोजन किया गया। जहां पर पूरे प्रखंड क्षेत्र के दूर-दूर से भगवा वस्त्र धारण करते हुए हजारों हजार की संख्या में महिला एवं पुरुष सभी लोग पहुंचे और सभी लोगों ने पत्र में जल लेकर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि वनवासी क्षेत्र के सभी लोग सारनाथ सनातन समुदाय के लोग आपसी एकता और इसी प्रकार एकजुटता का परिचय देते हुए प्रत्येक वर्ष मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के इस पवित्र रामरेखा धाम स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में जलाभिषेक करें। इधर कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए बजरंग दल पूरे गणवेश के साथ जगह-जगह पर सुरक्षा में तैनात दिखे।

### डीसी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति कि समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पिछली माह में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जुलाई माह 2024 में कुल 289 वाहनों की जांच की गई। जिसमें बिना हेलमेट के 98 चालक, अनुज्ञप्ति के 43, टेम्पों के 67 एवं अन्य व्यवसायिक वाहन 81 का जांच किया गया। जिसके विरुद्ध कुल- 15,51,086 रुपए राशि का दंड वसूली गयी। साथ ही जून 2024 में 12 सड़क दुर्घटना हुई थी जिसके तुलना में जुलाई माह 2024 में 04 सड़क दुर्घटना से संबंधित मामले सामने आए। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु लगातार अभियान चलाते रहने का निर्देश दिया।मौके पर उपायुक्त ने विद्यालय के बच्चें जो बाइक लेकर स्कूल आते हैं उस पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया।इस दौरान थानावार दुर्घटना संभावित सड़कों का फोटोग्राफ्स के माध्यम से समीक्षा किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### चौथी सोमवारी पर केतुङ्गाधाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बानो।** प्रखण्ड के केतुङ्गाधाम में चौथी सोमवारी के मौके पर भारी संख्या में भक्त जलाभिषेक करने पहुंचे। चौथी सोमवारी पर भोलेनाथ नगरी केतुङ्गा धाम में सुबह से ही भक्तों की लंबी लाईन लग गई। बोल बम के नारा के साथ विभिन्न क्षेत्रों से आये कावरियों का दल जलाभिषेक करने पहुंचे।मन्दिर के पुजारी प्रदीप गोस्वामी ने बताया कि प्रातः पट खुलते ही भक्तों की लाईन लग गई। सुबह होते होते लाइन लम्बी होती गई ।भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बानो थाना के एसआई शंकर बाखला दल बल के साथ मन्दिर परिसर में मौजूद थे।समिति के सदस्यों द्वारा भीड़ को नियंत्रित किया गया।हालांकि भक्त शांति पूर्वक लाईन पर लग कर अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए।वहीं लचरागढ़ के कांवरियां संघ लचरागढ़ की ओर से भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया था।इस मौके पर मेला में आये भक्तों ने खूब खरीदारी की। दिन भर भक्ति गीत से मन्दिर परिसर गूंजता रहा। उधर प्रखण्ड मुख्यालय के शिव मंदिर में काफी संख्या में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ा कर मनोवांछित फल की कामना किया।

### सेवई चिरोटोली में सांप के काटने से पति की हुई मौत,पत्नी की हालत गंभीर



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवई चिराटोली गांव में जहरीले सांप के काटने से पति-पत्नी की हालत बिगड़ गई। जिन्हें इलाज के लिए सोमवार को सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के क्रम में पति की मौत हो गई। वहीं पत्नी की हालत गंभीर है जिसकी इलाज सिमडेगा सदर अस्पताल में चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार सेवई चीर टोली गांव निवासी मदन प्रधान और उसकी पत्नी सावित्री देवी घर में सोए हुए थे।इसी दौरान जहरीले सांप ने दोनों को काट लिया और दोनों की तबीयत बिगड़ने लगी। बाद में देखा गया तो सांप की भी मौके पर मौत हो गई थी। इधर तुरंत दोनों को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया ,जहां पति की मौके पर मौत हो गई ।जबकि पत्नी का इलाज चल रहा है।इधर सिमडेगा पुलिस को घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को शव सौंप दिया।

## भाजपा एसटी मोर्चा के मंत्री ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
भाजपा जिला एस.टी. मोर्चा मंत्री मुनेश्वर तिर्की के द्वारा कोलेबिरा विधानसभा के शाहपूर पंचायत में सोमवार को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि 13 अगस्त को हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जिलास्तर पर महिला मोर्चा के द्वारा समाहरणालय में आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। हेमंत की सरकार में जिले की माताएं, बहने सुरक्षित नहीं है।महिला सशक्तिकरण के नाम पर राज्य में बलात्कार, हत्या जैसी घटनाएं घटित हो रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। इन्ही सभी कारणों के कारण कल 13 अगस्त को भाजपा महिला मोर्चा, कार्यकर्त्ता सभी प्रखंडों से जिला में इकठ्ठा हो रहीं हैं, आप सभी भी अपनेअपने क्षेत्र की महिलाओं के साथ आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में बढ़झचढ़ कर भाग लें।उन्होंने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक जानकारी ग्रामीणों के बीच साझा किए।मौके पर सखी लोहरा, सुरेंद्र लोहरा, पूनम देवी, शकुंतला देवी, संदीप महतो, बंधनि देवी, मुनि देवी मौजूद रहीं।

### रेलवे ट्रैक पर हेडफोन लगाकर बात करना पड़ा महंगा

# मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
भारतीय रेल के तरफ से आए दिन पोस्टर बैनर लगाकर यह कहा जाता है कि हेडफोन लगाकर ट्रैक पार न करें। इसके बाबजूद आम लोग रेलवे की इस अपील को नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में अब एक ताजा मामला जलडेगा के ओड़गा से निकल कर सामने आया है। जहां हेडफोन लगाकर बात करना एक युवक को भारी पड़ गया। रेलवे ट्रैक पर बात कर रहे युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गयी। मामले पर ओडगा ओपी प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि ओरगा रेलवे स्टेशन फाटक के पास ढेलसेरा में पोल संख्या 555/17 से 555/19 के बीच एक युवक की मालगाड़ी से कटकर मौत हो है। युवक की पहचान सीना कच्छप, पिता जलेश्वर कच्छप, उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। युवक के साथ दो अन्य युवक जो रेलवे लाइन के नीचे खड़े होकर बात कर रहे थे उनके अनुसार मालगाड़ी हटिया से राउरकेला की ओर जा रही थी। हेडफोन लगाकर बात करने के कारण मृतक सीना कच्छप को हॉर्न का आवाज नहीं सुनाई दिया। जिसके कारण युवक को मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच कर क्षत विक्षत शव को एकत्रित कर के पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया।

*युवक के साथ दो अन्य युवक जो रेलवे लाइन के नीचे खड़े होकर बात कर रहे थे उनके अनुसार मालगाड़ी हटिया से राउरकेला की ओर जा रही थी।*

## मंत्रोच्चार के साथ हुआ ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, लोगों में खुशी



**नरवीन मेल संवाददाता। केरसई**
केरसई में पिछले 10 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब थी। उपभोक्तओं के द्वारा सूचना देने पर भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा के प्रयास से केरसई में 200 केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया।सोमवार को ट्रान्सफार्मर चार्जिंग के बाद प.अजय कु झा के द्वारा मंत्रोच्चार कर पूजा कर के भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा द्वारा नारियल फोड़ कर ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया गया।10 दिनों के बाद बिजली आते ही केरसई एन.ए.सी साहू चौक भण्डारटोली के उपभोक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। सभी लोगों ने भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा को धन्यवाद दिया।मौके पर श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार रहते हुए लोगों को 24 घंटे में ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिए जाते थे पर वर्तमान सरकार में लोग दो-दो महीने ट्रांसफार्मर का इंतजार करते हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के सरकार बनते ही इन सभी कमियों को दूर कर किया जाएगा।मौके पर विधायक प्रतिनिधि शशि प्रसाद,रवि गुप्ता, दीपनारायण दास, गौतम कुमार, जयंत कुमार, सुरेश प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, जगदीश प्रसाद, प्रभात कुमार,अवधेश कुमार,सूरज कुमार, विवेक कुमार, संजय प्रसाद, आकाश कुमार,सन्नी प्रसाद मोजूद थे।

### जिले में 70 प्रतिशत पहुंचा धान आच्छादन, 30,139 हेक्ट. पर लगा खरीफ फसल

**कोडरमा।** कोडरमा में हो रही लगातार बारिश से किसान खेती बारी में पूरी तरह जुट गए हैं। जिले में अभी तक 70 प्रतिशत धान का आच्छादन हो गया है। जिले में 17 हेक्टेयर भूमि पर धान लगाने का लक्ष्य था जिसके विरूद्ध 11 हजार 920 हेक्टेयर भूमि पर धान लगाया जा चूका है। जिले में इस वर्ष 41 हजार 925 हेक्टेयर भूमि पर खरीफ फसल लगाने का लक्ष्य है जिसके विरूद्ध 30 हजार 139 हेक्टेयर भूमि पर खरीफ फसल लगाया गया है जो लक्ष्य का 72 प्रतिशत है। जिले में सबसे ज्यादा डोमचांच प्रखंड में 2620 हेक्टेयर भूमि पर आच्छादन हुआ है। जबकि मरकच्चो प्रखंड में 2220, जयनगर में 2335, कोडरमा में 1685, चंदवारा में 1640 और सतगावां में 1420 हेक्टेयर भूमि पर धान लगाया गया है। जिले में जुलाई माह में समान वषार्पात के विरूद्ध करीब चार मिमि ज्यादा बारिश हुई। जुलाई माह में 245.7 मिमि समाना वषार्पात के विरूद्ध 249.3 मिमि वर्षा हुई है।

## शिक्षा विभाग की बैठक में उपायुक्त ने रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने का दिया निर्देश



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में हुई।बैठक में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण एवं मध्यान्ह भोजन से संबंधित आने वाली समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी छूटे हुए रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिए। विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच को सशक्त एवं सुचारू रूप से चलाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। एस.एम.एस पोर्टल पर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, सभी विद्यालयों में पुस्तक वितरण का ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर 100 प्रतिशत अपलोड करने,सी डब्लू एस एन जांच में चिन्हित बच्चों को उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।विद्यालयों में पौधरोपण की समीक्षा की गई।कस्तूरबा गांधी बालिकाआवासीय विद्यालयों में नामांकन पूर्ण करने ,सी एम स्कूल ऑफ एक्सेलेन्स के तीनों विद्यालयों में लक्ष्य के विरुद्ध नामांकन पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में परीक्षा परिणाम में सुधार का प्रयास करें।इसके साथ ही भवन हीन विद्यालय एवं जर्जर भवन के विद्यालयों का निर्माण प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिये गए। विद्यालय से बाहर चिन्हित बच्चों का नामांकन कराने, यू -डायस में सभी नामांकित बच्चों को सत्र 2024-25 में इंट्री कर पुर्ण करने का निर्देश दिया गया झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बांसजोर एवं पाकरटांड में 2-2महिला सिक्यूरिटी गार्ड तैनात करने का निर्देश दिया गया।इसके अतिरिक्त बच्चे विहीन विद्यालयों पर भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

## जिले में 28 अगस्त से कुष्ठ रोगी खोज अभियान की होगी शुरूआत



**सिमडेगा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2024 अंतर्गत जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान ने जानकारी दी कि सिमडेगा जिले में 28 अगस्त 2024 से 13 सितंबर 2024 तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान का संचालन किया जाएगा। उसके लिए जिलांतर्गत सभी प्रखंडों की संपूर्ण आबादी का शत प्रतिशत कुष्ठ रोग से संबंधित शारीरिक जांच किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत जिले में 645829 लोगों की जांच किया जाएगा। उसके लिए 931 टीम का गठन किया गया है। जो जिले के 450 गांव में जाकर कुष्ठ रोगी की खोज करेगी। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कुष्ठ रोगी खोज अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी प्रखंडों में समन्वय समिति की बैठक आवश्यक रूप से करना सुनिश्चित करें। वहीं खोजी दल के सदस्यों को प्रशिक्षण सामग्रियों का वितरण स्क्रीनिंग और अन्य कार्यों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया।बैठक में विधायक प्रतिनिधि,जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड एमओआईसी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### इंटरनेट व सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर किशोर-किशोरियों को किया जागरूक

## सोशल मीडिया मनुष्य के जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग : काउंसलर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला के ठेठईटांगर, सिमडेगा, कोलेबिरा, बानो, कुरडेग, जलडेगा एवं बोलबा सीएचसी में इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना विषय पर किशोर किशोरियों को जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम युवा मैत्री केंद्रों, क्लब बैठक एवं स्कूलों में भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आरकेएसके बीटीटी के काउंसलर एवं सिनी संस्था द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मौके पर जानकारी देते बताया गया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना आज के समय में बहुत जरूरी है। इंटरनेट और सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है, लेकिन इसके साथ ही कई खतरे भी जुड़े हैं। मौके पर सुरक्षित उपयोग के लिए ये कुछ सुझाव दिए गए। जिसमें मुख्य रूप से मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें,व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, संदिग्ध लिंक और ईमेल से बचें, सोशल मीडिया पर सावधानी से साझा करें, बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें, वायरस और मैलवेयर से बचाव के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट रखें, ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें, सोशल मीडिया के नियमों का पालन करें, ऑनलाइन पहचान की सुरक्षा के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें। मौके पर दीपक प्रसाद, मुंजे आशीष केरकेट्टा, सोनी खातून, रेशमा बड़ाईक, मंजुला, दुलन्ति, अदित, सरोज बागे, बिनीता, रामकुमार, सुनीला, एलिजाबेथ, एमरेंशिया, प्रसून एवं सिनी संस्था के प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जलडेगा व ओड़गा ओपी थाना के सीमांकन को लेकर ग्रामसभा का हुआ आयोजन



**जलडेगा।** प्रखण्ड के राजस्व ग्राम केलुगा बाजार टांड़ स्थित चबुतरा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर ग्राम प्रधान ख्रीस्तोफर तोपनो की अध्यक्षता में केलुगा एवं मयोमडेगा के बीच संयुक्त ग्राम सभा बैठक हुई। जिसमें जलडेगा प्रखण्ड के जलडेगा थाना एवं ओड़गा ओ पी का थाना सीमांकन को लेकर ग्रामीणों की सहमति हेतु बैठक हुई। चूंकि विगत 26/09/2016 से ग्रामीणों का मांग है कि ओपी ओड़गा का मौजा क्रमशः मयोमडेगा, केलुगा और खरवागढ़ा का प्रशासनिक सेवा जलडेगा से किया जाए और जलडेगा थाना का मौजा सरूबहार और जोनोदा को ओड़गा ओपी में शामिल करने के लिए ग्रामीणों के द्वारा सहमति देकर प्रस्ताव पारित किया। मौके पर पंचायत सचिव फबियन बरला, जलडेगा पंचायत मुखिया बालमुनी लुगुन, उपमुखिया अगस्ती लुगुन के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## नए सिविल सर्जन से की जिले के लिए एनेस्थीसिया डॉक्टर की मांग



**सिमडेगा।** जिला में नये सिविल सर्जन डॉ० राम देव पासवान के योगदान देने पर सिमडेगा के अल-फलाह सोसाइटी ब्लड डोनर ग्रुप के प्रतिनिधियों के द्वारा सिविल सर्जन से औपचारिक मुलाकात की गई।मुलाकात कर यहां की समस्याओं से संबंधित अपनी बात रखी गई। अल-फलाह सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने कहा सदर अस्पताल सिमडेगा जिले का एक मात्र बड़ा अस्पताल होने के कारण यहां मरीज पुरे जिले से आते हैं।लेकिन अफसोस की बात है कि इस अस्पताल में एनेस्थीसिया के एक भी डॉक्टर नहीं हैं।वहीं प्रसव पीड़ा के समय सर्जन कि कमी होने के कारण मरीज को रेफर कर दिया जाता है।सिविल सर्जन से आग्रह किया गया की इस जरुरत को पुरा किया जाता है तो सिमडेगा को बेशक राहत मिलेगी।औपचारिक मुलाकात करने वालों में सोसाइटी के खुबैब शाहिद ,अजीमुल्ला अंसारी, मोइज आलम ने मुलाकात कर अपनी बातें रखीं।

## एक नजर

### ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग संपन्न



**रांची।** जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में एकदिवसीय बेल्ट ग्रेडिंग शिविर का आयोजन बटरफ्लाई स्कूल कांके में आयोजित किया गया। इस ग्रेडिंग में लगभग 20 ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। ग्रेडिंग का आयोजन रांची जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव मिथिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई एवं मुख्य सहयोगी के रूप में ताइक्वांडो प्रशिक्षक अनंत नाग चंदन एवम ताराकांत पटेल उपस्थित थे। ग्रेडिंग में ताइक्वांडो खिलाड़ियों द्वारा कीक, फाइट, फुटवर्क, पंच, ब्लॉक, पूमसे इत्यादि प्रदर्शित किया गया। ग्रेडिंग में उत्तीर्ण होने वाले खिलाड़ियों में **येलो बेल्ट :** गिरिशा सोढ़ानी, आर्या जिंदल, सान्वी प्रसून, यादिद्य अंश केरकेट्टा, देदिप्य वंश केरकेट्टा, अक्षत राणा, अंचित आदित्य राणा, मायरा सिन्हा, वैभव पाठक, सोनल सना उरांव, विहान सिंह। **ग्रीन बेल्टः** अनन्या जीत, आराध्या गौरी, ग्रीन वन बेल्ट- अर्पित जॉय लकड़ा, रेड वन बेल्ट - संकेत खड़िया।

### भालूबासा जंबू अखाड़ा के कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**जमशेदपुर।** श्रावण मास की चौथी सोमवारी पर भालूबासा स्थित जंबू अखाड़ा समिति की ओर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर स्वर्णरेखा नदी घाट तक गई। पुनः वहां से कलश में जल लेकर सभी श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। इससे पहले सुबह 8 बजे जंबू अखाड़ा समिति द्वारा मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले, संरक्षक बंटी सिंह एवं लाइसेंसी रणबीर मंडल के नेतृत्व में मंदिर परिसर से विधि विधान से पूजन कर बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्वर्णरेखा नदी घाट से एमजीएम अस्पताल, अपेक्स अस्पताल, कुम्हार पाड़ा होते हुए वापस बजरंग विजय मंदिर जंबू अखाड़ा पहुंची।

# फरार इनामी नक्सली साहेब राम मांझी के घर पहुंचे एसपी



**नवीन मेल संवाददाता। गरिडीह**

गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 10 लाख के इनामी नक्सली साहेब राम मांझी के घर पर पहुंचे। इस दौरान एसपी ने साहेब मांझी के घरवालों से मुलाकात की। उन्हें बताया कि हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य सार्वजनिक जीवन में आना ही सही रास्ता है। मुख्यधारा में लौटने से साहेब के साथ उनके पूरे परिवार का कल्याण होग।

इस दौरान एसपी द्वारा साहेब राम मांझी के परिजनों को झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति की जानकारी दी। बताया कि इस नीति के तहत सरेंडर करने से क्या क्या लाभ मिलेगा। एसपी ने यह भी बताया कि जिन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है उन्हें सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि साहेब राम सरेंडर नहीं करेगा तो जंगल में ही मारा जाएगा।

साहेब राम मांझी वर्तमान में भाकपा माओवादी जोनल कमिटी का मेंबर है। इसके सिर जिले के अलावा अन्य जिलों में भी कई मुकदमा दर्ज हैं। जब एसपी साहेब राम के घर पहुंचे तो परिजनों ने बताया कि 15 वर्ष की उम्र में ही साहेब घर से निकल गया था। अभी साहेब के तीन बच्चे हैं। दो लड़के मुंबई में काम करते हैं तो एक लड़का घर पर रहकर पढ़ाई करता है। पत्नी गृहस्थी के कार्य में रहती है।

एसपी ने इस दौरान यह बताया कि नक्सल प्रभावित इलाके के विकास को लेकर गिरिडीह पुलिस पूरी तरह से सजग है और विकास कार्य को लेकर लगातार पत्राचार किया जाता है। करंदो की सड़क और पुल के निर्माण को लेकर पत्र लिखा गया है। एसपी ने इस दौरान यहां के स्थानीय लोगों से बात की। उन्होंने कहा कि आम जनों की सेवा के लिए पुलिस हमेशा तैयार रहती है। किसी को भी पुलिस की जरूरत पड़े तो वे बेझिझक होकर उनके कार्यालय पहुंच सकते हैं।

## हाथियों के झुंड ने वृद्ध महिला को पटक-पटक कर मार डाला

**नवीन मेल संवाददाता। पूर्वू सिंहभूम**


चाकुलिया स्थित भातकुंडा पंचायत की चियांबांधी में सोमवार की सुबह छह हाथियों का झुंड आ पहुंचा। गांव की रतनी सबर उस दौरान शौच के लिए निकली थी। तभी जंगली हाथियों से उसका सामना हो गया। जंगली हाथियों ने रत्नी सबर को पटक कर मार डाला। गांव में हाथी आने की सूचना मिलने पर गांव में अफरा-तफरी मच गई। काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। काफी मश्शक्त के बाद हाथियों को खदेड़ा गया। इस घटना के बाद गांव में आतंक का माहौल है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दे दी। इस दौरान वनपाल कल्याण महतो दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। महिला के शव को चाकुलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से चाकुलिया पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के लिए घाटशिला भेज दिया।

### उमेर अली हत्याकांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**चाडिंल।** कपाली ओपी क्षेत्र के पुड़ीसिली में 24 जुलाई को हुई खरसावां के हिस्ट्रीशीटर उमेर अली हत्याकांड में फरार आरोपी को कपाली ओपी की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी सोमवार को जमशेदपुर के भुईयांडीह से किया गया है। गिरफ्तार युवक मोहम्मद मुंसाकील खरसावां के कदमडीहा का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार कपाली ओपी अंतर्गत पुड़ीसिली में 24 जुलाई की शाम खरसावां के कदमडीहा के रहने उमेर अली नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड का अनुसंधान करने के दौरान पुलिस हत्या में दो युवक के शामिल होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 28 जुलाई को हत्या में शामिल मोहम्मद इरफान को कपाली टीओपी चौक से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

## न्यूज बॉक्स

### मिशन परिवार विकास अभियान की हुई समीक्षा



**रांची।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत मिशन परिवार विकास अभियान का शुभारंभ सह राज्यस्तरीय सम्मान समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गयी। बैठक सोमवार को परिवार नियोजन कोषांग की राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ पुष्पा और आईईसी के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ लाल माझी की अध्यक्षता में आरसीएच कान्फ्रेंस हाल में हुई। डॉ पुष्पा ने परिवार नियोजन कोषांग की राज्य समन्वयक गुंजन खलखो, नवल किशोर और कोषांग से संबंधित डेवलपमेंट पार्टनर्स को राज्यस्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

### घाटशिला प्रखंड की 35 हजार महिलाओं को मिलेगा मंईयां सम्मान योजना का लाभ : विधायक

**घाटशिला।** धरमबहाल पंचायत अंतर्गत चुनुडीह हरि मंदिर के सामने झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से सोमवार को ग्राम प्रधान मुकेश मुर्मू के अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में मुख्य अतिथि विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क जैसे जन समस्याओं को निराकरण करने का काम किया है। आज घाटशिला प्रखंड के शहरी क्षेत्र के पंचायत में पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना नहीं बन रही थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नेतृत्व में आवास का निर्माण शहरी क्षेत्र के पंचायत में भी किया जा रहा है जो अबुआ आवास नाम से जाना जा रहा है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में 21 वर्ष से 50 वर्ष की सभी माता-बहनों को प्रति माह 1000 रुपए सम्मान राशि मिलेगा। घाटशिला प्रखंड में लगभग 35000 लाभार्थियों को इस योजना के माध्यम से जोड़ा जाएगा।

## ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की शहादत को भुलाया नहीं जा सकताः अजय नाथ शाहदेव




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हटिया स्थित शहादत स्मारक स्तंभ बड़कागढ़ जगन्नाथपुर परिसर में अमर शहीद की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर 207 वी जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व उप महापौर अजय नाथ शाहदेव का स्वागत अमर शहीद के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने पुष्प देकर किया। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन अजय नाथ शाहदेव ने किया। उन्होंने कहा कि अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव वीर स्वतंत्रता सेनानी और झारखंड के छोटा नागपुर राज परिवार के माटी पुत्र ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई। आज सरकार को चाहिए कि शहीद के परिवार के सामाजिक शैक्षणिक स्वास्थ्य रोजगार और परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाए। स्मारक स्थल के सुंदरीकरण और शहीद के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ को हर संभव मदद की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिस भूमि पर एचईसी का निर्माण हुआ है और यहां से प्रथम विस्थापित हुए परिवार को सम्मान दिया जाना चाहिए जो नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि एचईसी कारखाने को बचाने के लिए सभी विस्थापितों को एक होने की जरूरत है। उसे बचाने के लिए कामगारों को अपना आंदोलन जारी रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए गुप्तेश्वर सिंह ने कहा कि 2004 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की सरकार ने झारखंड सेनानी कोष का गठन किया था। इस कोष को पुनर्गठित करने की जरूरत है। संतोष राय ने कहा कि बड़कागढ़ की भूमि पर बना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का नामकरण अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नाम पर होना चाहिए जिसके लिए अजय नाथ शाहदेव से बात की गई।

अध्ययन केंद्र के मुख्य संरक्षक इंद्र ग्रुप ने शहादत स्मारक स्तंभ के सुंदरीकरण का पक्ष रखा। वहीं केंद्रीय सदस्य सुधीर सिंह ने कहा कि सरकार को अमर शहीदों की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल करनी चाहिए ताकि आज की पीढ़ी को उनके देश प्रेम और बलिदान की जानकारी मिल सके।

# 'जमशेदपुर में हवाई अड्डा के निर्माण के लिए झारखंड ने केंद्र को नहीं दिया प्रस्ताव'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार ने जमशेदपुर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए अब तक कोई प्रस्ताव नहीं दिया है। जब भी राज्य सरकार हवाई अड्डा स्थापित करने के विषय में कोई प्रस्ताव नगर विमानन मंत्रालय (भारत सरकार) को देगी, उस पर ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा पॉलिसी 2008 के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाएगा। यह जानकारी नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापू ने झारखंड के भाजपा प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई को दी है। वाजपेई ने जमशेदपुर में हवाई अड्डा के लिए झारखंड द्वारा केंद्र



को भेजे गए प्रस्ताव के बारे में 25 जून को लेटर भेजकर जानकारी मांगी थी। इसी पर मंत्री ने यह जवाब भेजा है कि झारखंड से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, केंद्र ने ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा पॉलिसी 2008 तैयार की है। यह देश में नये ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना के लिए दिशा-निर्देश, प्रक्रिया और शर्तें प्रदान करता है। नीति के अनुसार, हवाई अड्डे की स्थापना के लिए संबंधित राज्य सरकार अपना एक प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में नागर विमानन मंत्रालय को भेजता है। प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए दो चरण की प्रक्रिया अपनाई जाती है।

### इस्पात महिला विकास सहयोग समिति के तीन दिवसीय मेले का समापन

**रांची।** इस्पात महिला विकास सहयोग समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेले का सोमवार को समापन हो गया। श्यामली कालोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में लगे मेले में हजारों दर्शकों ने पहुंचकर खरीददीरी की और मेले का लुत्फ उठाया। आयोजक मंडली ने बताया कि मेला सफल रहा और यहां स्टॉल लगाने वाले बिक्री से खुश नजर आए। मेले के अंतिम दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने जमकर खरीदारी की और लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। यह तीन दिवसीय मेला 1988 से हर वर्ष सावन के महीने में लगाया जाता है। सीएमडी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए लगाए गए मेले ने उन महिलाओं को लिए एक मंच प्रदान किया, जिनका मन व्यवसायिक गतिविधियों से जुड़ा है। मेले के सफल संचालन में प्रमिला गुप्ता, विनीता प्रकाश, देवदत्ता साहा, संगीता सिन्हा, निशि चन्द्रा, मोनिका सिंह, अनिता मिणा, राधा कुमारी और माला कुमारी का पूरा सहयोग रहा।

### भावी प्रत्याशी को लेकर किया विचार-विमर्श

**चाडिंल।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति/झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का सोमवार को कुकड़ू प्रखंड स्तरीय सक्रिय कार्यकताओं की बैठक हुई. बैठक में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशियों और विभिन्न मुद्दे पर चर्चा की गयी. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विगत 35 वर्षों से बाहरी लोगों द्वारा विभिन्न पार्टी से सत्ता के साथ प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं. ईचागढ की मूलभूत समस्या, सड़क, प्रदूषण, शिक्षा, रोजगार, मजदूर, किसान, विस्थापित आदि की समस्याओ पर गंभीरतापूर्वक काम नहीं किया गया. जनता को केवल ठगने का काम किया गया. बैठक में इस बार स्थानीय उम्मीदवार और गंभीर मुद्दों को लेकर चुनावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया. ईचागढ की धरती पर छात्र युवा मोर्चा के बैनर तले आंदोलन की शुरूआत करते हुए शहीद अजीत-धनंजय महतो की शहादत से लेकर शहीद निर्मल महतो के साथ झारखंड अलग राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार महतो को ईचागढ़ विधानसभा का प्रत्याशी के लिए चिंतन मंथन किया गया।

QUALITY CONTROL DIVISION, RANCHI

e-Procurement Notice ( अति अल्पकालीन निविदा)

Tender Reference No. WRD/QCD/RANCHI/$F_2$-02/2024-2025
Date :-10/08/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Laboratory building (Civil Work) of Quality Control Division( Irrigation), Ranchi, District-Ranchi. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs 9.423 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 90 Days |
| 4. | Date of Publication of E - Tender on website | 14.08.2024 at 2.00 PM |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 24.08.2024 up to 5:00 PM |
| 6. | Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 24.08.2024 up to 5:00 pm |
| 7. | Date of Opening Tender | 29.08.2024 at 2:00 PM |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Deputy Director (SC.), Quality Control Division, Ranchi |
| a. | Contact no. & Email ID of e-Procurement officer | 8210413192 ddwrdjhr@gmail.com |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3571153 |

Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Deputy Director (SC.),
Quality Control Division, Ranchi.

PR 332514 (Water Resource) 24-25 (D)

## मारवाड़ी कॉलेज में सीआईसीआर के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी कॉलेज के प्लेसमेंट सेल द्वारा ए फंडेड सीआईसीआर (सर्टिफिकेट इन आईटी एंड करियर रेडिनेस प्रोग्राम) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस प्रोग्राम का लाभ एमसीए, बीसीए, आईटी, सीएस बीसीएम, बीकॉम और बीए के विद्यार्थी उठा सकते हैं। यह ट्रेनिंग 31 घंटे का ऑनलाइन मोड से दिया जायेगा जिसमे छात्रों को सोमवार से शुक्रवार तक रोज क्लास करना होगा। इस प्रोग्राम का एनरोलमेंट फीस ऑनटाइम 200 रुपये लगेगा जो की 450 से 600 के रिचार्ज द्वारा उनको रिफंड कर दिया जायेगा। रिचार्ज का लाभ लेने के लिया विद्यार्थियों को पहले 15 दिन का क्लास करना अनिवार्य होगा। ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान दो दिन का वालंटरिंग सेशन ए द्वारा लिया जाएगा जिसको सर्टिफिकेट प्राप्ति के लिया अटेंड करना अनिवार्य होगा। इच्छुक विद्यार्थी मारवाड़ी कॉलेज के ऑफिशियल वेबसाइट के प्लेसमेंट सेल पेज पर जाकर अपना पंजीकरण पहला बैच के लिया 16 अगस्त तक और दूसरा बैच के लिया 31 अगस्त तक करवा सकते हैं।

# गिरिडीह में सीएससी संचालक को गोली मारकर 2.79 लाख की लूट

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के सरिया थाना इलाके के खेडुआ नदी के समीप सोमवार को दो बाइक सवार नकाबपोस अपराधियों ने ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) संचालक को गोली मारकर दिनदहाड़े दो लाख 79 हजार लूट लिए।

जानकारी के अनुसार सीएससी संचालक विश्वनाथ यादव सरिया के केशवरी में रहकर सीएससी चलाता है। सोमवार को अपने केंद्र से 2 लाख 79 हजार लेकर बाइक से सरिया बैंक जमा करने जा रहा था। इसी दौरान खेडूआ नदी के समीप एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश अपराधियों ने पिस्तौल सटाकार उसके पास में रखे 2 लाख 79



हजार से भरा बैग लूट लिया। इस दौरान एक अपराधी ने सीएससी संचालक विश्वनाथ यादव पर गोली चालन कर घायल कर दिया। इस बीच पूजा-अर्चना कर लौट रहे महेंद्र मंडल ने सड़क पर खून से लथपथ सीएससी संचालक विश्वनाथ यादव को देखा और तुरन्त उसे सरिया के देवकी हॉस्पिटल भर्ती कराया लेकिन गंभीर स्थिति होने के कारण रांची रेफर कर दिया गया। घटना की जानाकारी मिलते ही एसडीपीओ धनंजय राम के साथ बगोदर विधायक विनोद सिंह और आजसू नेता अनूप पांडे भी देवकी हॉस्पिटल पहुंचे और विश्वनाथ यादव से पूरी जानकारी ली। घटना के बाद से एसडीपीओ धनंजय राम और सरिया पुलिस भी अपराधियों को दबोचने में जुटे हैं।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला

(गुमशुदा की तलाश)



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि **पीड़िता अंजु कुमारी, उम्र 17 वर्ष पे0 इग्नासियुस एक्का, ग्राम फसिया ढोढरीटोली, थाना+जिला गुमला (झारखण्ड) जो वर्ष 2014 में अंतिम बार दिल्ली में देखा गया था। जिसके संबंध में अहतु थाना कांड सं0 10/19 दिनांक 27.07.2019 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।** जिसका रंग सावला, शरीर सामान्य, बाल काला, भाशा सादरी एवं हिन्दी बोलती है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त लापता लड़की के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला। 9471182113
3. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला – 9431706202
4. थाना प्रभारी, अहतु – 8986604606

पुलिस अधीक्षक,
गुमला

PR 332555 Police (24-25)_D

# मां शारदे मंच ने 'सावन के झूले पड़े' कार्यक्रम का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा चौक स्थित होटल द पार्क रिट्रीट में मां शारदे मंच की ओर से सावन मिलन 'सावन के झूले पड़े' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 50 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस खास अवसर पर महिलाओं ने फैशन शो, नृत्य, खेलकूद, और खान-पान का आनंद लिया। कार्यक्रम में रैंप वॉक और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विजेताओं को मंच की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए प्रसिद्ध समाजसेवी सीमा राम, ममता कुमार और पुष्पा देवी मुख्य



अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मंच की अध्यक्ष नीतू सिन्हा ने बताया कि मंच द्वारा पहली बार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है और महिलाओं के उत्साह को देखकर उन्हें बहुत प्रसन्नता हो रही है।

सभी महिलाओं ने मंच के इस प्रयास की सराहना की और बताया कि इस समारोह से उन्हें एक-दूसरे से मिलकर और उनके कार्यों के बारे में जानने का मौका मिला, जिससे वे बेहद खुश हैं। कार्यक्रम का संचालन संगीता वर्मा ने किया। इस समारोह में वंदना उपाध्याय, गुड्डी साव, अन्नू कुमारी, आभा सिंह, मीरा देवी, रजनी, अनिता, मधुलता, सीमा, नूतन, नीतू, पूर्णिमा, दित्या, और अन्य महिलाओं ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में अजय सिन्हा और समीर सिन्हा ने विशेष योगदान दिया।

## अंगदान दिवस पर मेदांता हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल ने अंगदान दिवस के अवसर पर जागरूकता के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों और सलाहकारों ने अंगदान के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई और पोस्टर अभियान के माध्यम से दूसरों को प्रेरित किया।

डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, और अन्य अस्पताल के कर्मचारियों ने अंगदान के महत्व को समझाया और जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

पोस्टरों के माध्यम से अंगदान के महत्व को लोगों के बीच जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम अंगदान के महत्व को समझाने और जागरूकता फैलाने के लिए महत्वपूर्ण था। मेदांत हॉस्पिटल के यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉ. विजय कुमार और डॉ. अमित कुमार ने कहा कि मृत्यु के बाद किडनी, कार्निया के साथ ही लिवर, हार्ट, पैनक्रियाज आदि का भी दान कर एक व्यक्ति सात से आठ लोगों की जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने कहा कि मृत्यु के बाद अंगदान को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। समाज में अंगदान को लेकर फैली गलतफहमियां दूर करने की जरूरत है।

मेदांता हॉस्पिटल राँची के हॉस्पिटल डायरेक्टर विश्वजीत कुमार ने बताया कि मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, रांची में किडनी से संबंधित बीमारियों का बेहतर इलाज उपलब्ध है।

झारखंड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 06/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक:–12-08-2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आइडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाखं) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टॅण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 02/ 2024-25 | चटकपुर मोड़ से रौनाटोली तक पथ निर्माण कार्य । (लं0–2.250 कि0मी0) | 241.405 | दो करोड़ एकतालीस लाख चालीस हजार पॉच सौ रू0 मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 03/ 2024-25 | मलगो कब्रिस्तान से टेस्नेटोली मोरगॉव मोड़ तक पथ निर्माण कार्य । (लं0–3.500 कि0मी0) | 330.103 | तीन करोड़ तीस लाख दस हजार तीन सौ रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 16.08.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–22.08.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 23.08.2024 अपराहन 05.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभिंयंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 332548 (Rural Work Department)24-25*D

संपादकीय

# वक्फ विधेयक विवाद और संशोधन

वक्फ विधेयक केंद्र सरकार की ओर से संसद में रखा गया है जिसपर विपक्ष की आपत्ति है कि ये मुसलमान विरोधी है जबकि सत्ता पक्ष के लोगों का कहना है कि इसे संविधान से ऊपर की शक्तियां दी गईं हैं और इसका दुरुपयोग हो रहा है। मुगल बादशाह शाहजहां की बहू के मकबरे समेत तीन ऐतिहासिक इमारतों पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है। एमपी हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने वक्फ बोर्ड की मनमानियों को देखते हुए यह तल्ख टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा- जिस तरह से देश की प्राचीन संपत्तियों को वक्फ बोर्ड अपने अधीन कर रहा है। उसको देखते हुए ताजमहल और लाल किले को भी वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित कर दी जाए। कोर्ट ने बुरहानपुर में स्थित मुगल बादशाह शाहजहां की बहू बीबी साहिब और नादिरशाह के मकबरे को वक्फ बोर्ड की संपत्ति मानने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि जो इमारतें देश की धरोहर की श्रेणी में आती हैं, वे केंद्र सरकार के संस्कृति विभाग के अधीन होती हैं। इस टिप्पणी को सुनकर कानून के दुरुपयोग का एहसास हुआ था, किसी भी संपत्ति को धार्मिक संपत्ति घोषित करने का चलन बढ़ गया थी और व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए पुरानी संपत्तियों को वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित करने की प्रवृत्ति बढ़ गई थी। वक्फ अरबी भाषा के वकूफा से बना शब्द है जिसका अर्थ ठहरना होता है। वक्फ एक ऐसी संपत्ति होती है जो जनकल्याण को समर्पित हो। मुगल एवं सल्तनत काल में वक्फ प्रबंधन प्रकृति में बहुत ही धार्मिक रूप से केंद्रीकृत रहा। भारत में वक्फ का इतिहास दिल्ली सल्तनत की शुरूआत से है। जब सुल्तान मुइजुद्दीन सैम गौर ने जामा के पक्ष में दो गाँव समर्पित किये। मुल्तान की मस्जिद और उसका प्रशासन शेखुल इस्लाम को सौंप दिया गया। दिल्ली के रूप में भारत में सल्तनत और बाद में इस्लामी राजवंशों का विकास हुआ। मुस्लिम काल के दौरान, फि रोज शाह तुगलक शासन (1351 से 1388) में वक्फ को संगठित करने के प्रयास किये गये। फि रोज शाह तुगलक के शासनकाल के दौरान था वक्फनामा (बंदोबस्ती कर्म) बनाने की प्रथा भारत में फली-फूली। इस्लामी स्वर्ण युग के दौरान, वक्फ संस्थाओं ने इस्लामी छात्रवृत्ति और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1954 में केंद्र सरकार ने वक्फ बिल पारित किया था। फिर 1964 में केंद्रीय वक्फ काउंसिल बनी। 1995 में हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड के गठन की इजाजत देने के लिए कानून में संशोधन किया गया। 2013 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने एक्ट में संशोधन कर वक्फ बोर्ड की शक्तियां और बढ़ा दी। संशोधन बिल में प्रावधान है कि वक्फ बोर्ड के फैसले के खिलाफ अब हाई कोर्ट में अपील की जा सकती है। कहा जा रहा है कि सऊदी अरब सहित किसी भी इस्लामिक देशों में इस तरह की संस्था को इतनी असीमित शक्तियां नहीं दी गई है। बीजेपी इन संशोधनों को गरीब मुस्लिमों के हक में बता रही है। वहीं, कुछ महीनों में संयुक्त संसदीय समिति को इन बातों का अध्ययन कर रिपोर्ट देनी है जिससे उसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं हो पाएगा।

> वक्फ अरबी भाषा के वकूफा से बना शब्द है जिसका अर्थ ठहरना होता है। वक्फ एक ऐसी संपत्ति होती है जो जनकल्याण को समर्पित हो। मुगल एवं सल्तनत काल में वक्फ प्रबंधन प्रकृति में बहुत ही धार्मिक रूप से केंद्रीकृत रहा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर चुप क्यों है भारत का विपक्ष?



बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों पर भारत के विपक्षी दलों की खामोशी बताती है कि वोट बैंक की राजनीति किस हद तक हावी है। यदि ऐसे ही हमले भारत या किसी पड़ौसी देश में मुसलमानों पर हुए होते तो विपक्षी दल आसमान सिर पर उठा लेते। इजराइल के हमास आतंकियों के खिलाफ हमले में मारे गए मुसलमानों के मामले में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी नेताओं के दिए गए बयान इसका प्रमाण हैं। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवडियों के रास्तें में दुकानदारों से नामों के खुलासो के निर्देश पर विपक्षी दलों ने लोकतंत्र को खतरे में बताया था। विपक्षी दलों का कहना था कि इससे अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। इधर जब मुसलमान बांग्लादेश में हिन्दुओं के घर-मंदिर और व्यवसायिक प्रतिष्ठान जला रहे हैं, तब विपक्षी दलों को खास चिंता नहीं है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों की हार के एक प्रमुख वजह यही दोमुंही नीति भी रही है। बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है। पहले भी हिंदुओं को यहां निशाना बनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में जारी अनिश्चितता और अराजकता के माहौल के बीच वहां के करीब 27 राज्यों में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। मुस्लिम कट्टरपंथियों की भीड़ ने करीब 27 जिलों में हिंदुओं के घरों के साथ ही उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं अराजक तत्व उनका कीमती सामान भी लूट ले गए। वहां पर मंदिरों और गुरुद्वारों में तोडफोड़ की जा रही है। शेख हसीना के सत्ता और देश छोड़े के बाद से वहां हालात बदतर हो गए हैं। बांग्लादेश के कट्टरपंथी हिंदुओं की संपत्तियों को चुन-चुन कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंदिर हो या गुरुद्वारा किसी को भी बख्शा नहीं जा रहा है। बांग्लादेश के पंचगढ़, दिनाजपुर, बोगुरा, रंगपुर, शेरपुर किशोरगंज, सिराजगंज, मुगरा, नरैल, पश्चिम जशोर, पटुआखली, दक्षिण-पश्चिम खुलना, मध्य नरसिंगड़ी, सतखीरा, तंगैल, फेनी चटगांव, उत्तर-पश्चिम लक्खीपुर और हबीगंज जैसी जगहों पर कट्टरपंथिओं का आतंक जारी है। वह यहां रहने वाले हिंदुओं पर न सिर्फ हमले कर रहे हैं बल्कि उनकी संपत्तियों को भी लूट कर ले जा रहे हैं। उग्र भीड़ ने पंचगढ़ जिले में 22, झीनैदाह में 20 घरों और जैसोर में 22 दुकानों को निशाना बनाया। कट्टरपंथियों ने ढाका में हिंदू म्यूजिशियन राहुल आनंद के घर में न सिर्फ लूटपाट की बल्कि वहां आग भी लगा दी। राहुल आनंद, उनकी पत्नी और उनका बेटा वहां से सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे, लेकिन हमलावरों ने उसके घर नें जमकर लूटपाट की। भीड़ उनके घर से महंगी चीजें चुरा कर ले गई, जिसमें राहुल का 3,000 से ज्यादा हस्तनिर्मित संगीत वाद्ययंत्रों का बड़ा कलेक्शन भी शामिल था। खुलना डिविजन स्थिति मेहेरपुर में करीब 4 हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। एक इस्कॉन केंद्र जला दिया गया, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा देवी की मूर्तियां शामिल हैं। राजधानी ढाका में इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र में भीड़ ने धावा बोल दिया और वहां पर जमकर तोडफोड़ की। इस सांस्कृतिक केंद्र को मार्च 2010 में खोला गया था। यहां पर सांस्कृतिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के आयोजन के जरिए योग, हिंदी, भारतीय शास्त्रीय गायन जैसे भारतीय नृत्यों के जरिए भारत-बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दिया जाता है। केंद्र सरकार का कहना है कि भारत हर स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देश की स्थिति चिंताजनक है। भारत सरकार वहां के मौजूदा तंत्र के साथ संपर्क में है। हिन्दुओं पर इतना अत्याचार होने के बावजूद उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाना तो दूर इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों ने इसकी तीखी आलोचना तक नहीं की। इस आलोचना में भी विपक्षी दलों को मुस्लिम वोट बैंक खतरे में नजर आता है। साफ जाहिर है कटु आलोचना करने का मतलब है कट्टरपंथी मुसलमानों की आलोचना करना। विपक्षी दलों के लिए ऐसा करना आसान नहीं है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों को अनिवार्य रूप से नेमप्लेट लगाने के फैसले पर विपक्षी दलों ने जमकर हायतौबा मचाई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा था कि जैसे दिया बुझने से पहले फडफड़ाता है, ये सांप्रदायिक राजनीति का दिया फडफड़ा रहा है इसलिए ऐसे फैसले ले रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि क्या हिंदुओं का बेचा गया मीट, दाल-चावल बन जाएगा? बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कहा था कि पश्चिमी उप्र व मुजफ्फरनगर जिला के कांवड़ यात्रा मार्ग में पड़े वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश एक गलत परम्परा है, जो सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। मुसलमानों के हर मुद्दे पर संविधान की दुहाई देने वाले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे घोर अत्याचारों पर लचर बयान देकर इतिश्री कर ली। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आज की बात



योगेन्द्र योगी

आपकी बात

# खतरे के निशान के ऊपर है गंगा



राकेश अचल

इस समय गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। गंगा सिर्फ एक नदी ही नहीं बल्कि एक संस्कृति है। एक संस्कार है । एक मुहावरा है और एक कहावत भी। मै जिस गंगा की बात कर रहा हूँ ,वो हिमालय की बेटी गंगा भी है धरती पर बहने वाली गंगा से इतर फाइलों में बहने वाली भ्रष्टाचार की गंगा भी है। गंगा जब सीधी बहती है तब शुभ मानी जाती है लेकिन गंगा जब उलटी बहने लगती है तो उसे अशुभ कहा जाता है। आजकल गंगा जमीन पर भी उलटी बह रही है और सरकारी फाइलों में भी। पटना से हमारे दोस्तों ने बताया है की राज्य में दोनों गंगाएं खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं हैं। देश में जब-जब भ्रष्टाचार की गंगा उलटी या सीधी बहती है तब-तब हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आ जाती है। अमेरिकी रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में भारत में सिक्योरिटी मार्केट रेगुलटर (नियामक) सेबी की मौजूदा चेयरमैन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है। पिछले 18 महीने में भारत के कारोबारी और वित्तीय बाजार में कथित वित्तीय अनियमितता को लेकर जारी की गई उसकी ये दूसरी रिपोर्ट है। इससे पहले जनवरी 2023 में इसने भारत के प्रमुख औद्योगिक घराने अदानी समूह पर रिपोर्ट जारी कर हलचल मचा दी थी। मुझे लगता है की हिंडनबर्ग राष्ट्रद्रोही रिसर्च करती है। उसे अपनी रिपोर्ट्स हिडन रखना चाहिए , भाजपा और संघ के एजेंडे की तरह ,लेकिन हिंडनबर्ग है कि मानता ही नहीं। बार-बार रिपोर्ट्स जारी कर देता है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट झूठी है या सच्ची ये हम नहीं जानते,किन्तु सब इस रिपोर्ट की प्रतीक्षा करते है। विपक्ष के लिए हिंडनबर्ग की रिपोर्ट एक हथियार होती है और सत्तापक्ष के लिए एक भयानक वार। रिपोर्ट आने की भनक मिलते ही सरकार ने संसद का सत्र समय से पहले ही लपेट दिया,अन्यथा इस रिपोर्ट को लेकर देश में,संसद में जमकर हंगामा होता। हमारी सरकार किसी भी हंगामा में यकीन नहीं रखती। वैसे भी हमारी बैशाखियों पर टिकी सरकार हंगामा -प्रूफ सरकार है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में जिन बुच दम्पत्ति का जिक्र किया गया है सरकार और सेबी उनके पीछे ढाल बनकर खड़ी हो जाती है। सेबी की नजर में बुच दम्पत्ति और सरकार की नजर में दोनों पूरी तरह पाकीजा हैं। हमारे मध्यप्रदेश में भी किसी जमाने में एक बुच दम्पत्ति हुआ करते थे ।ईमानदारी के मामले में उनका डंका बजता था। डंका तो माधवी और धवल भी बज रहा है ,लेकिन उसकी ध्वनियाँ अलग तरह की हैं उनका नाम ऐ-2 से जोड़ा जा रहा ह। फिलहाल ऐ-1 का नाम इस रपट में नहीं आया है। बुच दम्पत्ति का दुस्साहस देखिये कि सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने दो पन्नों का एक बयान जारी कर हिंडनबर्ग के दावों को खारिज कर दिय। बुच दम्पत्ति का कहना है कि रिपोर्ट में जिस फंड का ज़िक्र किया गया है, उसमें 2015 में निवेश किया गया था और ये माधबी के सेबी का सदस्य बनने से दो साल पहले का मामला है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

# मरने से पहले शिवभक्त कांवरिए ने बचाई कइयों की जिंदगी!



डॉ श्रीगोपाल नारसन

हरियाणा से हरिद्वार कांवर लेने के लिए आए 25 वर्षीय सचिन कांवर ले जाते समय अचानक एक वाहन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया परन्तु अस्पतालों में मरीजों की संख्या ज्यादा होने के कारण जिस अस्पताल में भी जाते वही मना हो जाती, यह बात जब उत्तराखंड की राज्यसभा सांसद डॉ कल्पना सैनी तक पहुंची तो उन्होंने दिल्ली में चलते सदन के बीच ही ऋषिकेश एम्स के निदेशक को फोन किया और सचिन नामक कांवरिए को भर्ती करके उसकी जान बचाने का अनुरोध किया। सचिन की हालत बहुत गम्भीर थी,फिर भी तमाम व्यवधानों के बावजूद उसका उपचार कर जान बचाने का भरसक प्रयास किया गया। सांसद कल्पना सैनी भी पूरे समय तक एम्स के चिकित्सकों के संपर्क में रहीं ताकि एक युवा की जिंदगी बचाई जा सके।परन्तु सचिन को ज्यादा चोट लगने के कारण उसका ब्रेन डेड हो चुका था और बचने की सारी उम्मीदे खत्म हो गई थी। जब यह बात उपचार कर रहे चिकित्सकों ने सचिन के पिता सतीश को बताई और उन्हें बेटे की जिंदगी के बदले कई जिंदगियां बचाने के लिए बेटे के महत्वपूर्ण अंगों को दान करने की सलाह दी तो पहले तो वे विचलित हो गए और अपने लाडले के निर्जीव शरीर से अंग न निकालने पर अड़े रहे परन्तु काफी समझाने पर वे यह महादान करने के लिए तैयार हो गए। सचिन के ब्रेन डेड शरीर से किडनी, लीवर व आंखे अन्य मरीजों को प्रत्यारोपित करने के लिए चंडीगढ़ व नई दिल्ली तक विशेष कॉरिडोर बनाया गया, तब जाकर प्रत्यारोपण की प्रक्रिया पूरी हुई। सचिन अब स्वयं की जिंदगी के बजाए दूसरों को किए अंगदान से कई जिंदगियो के रूप में अमर हो गया है। सचिन के पिता सतीश ने समय पर मदद करने के लिए राज्यसभा सदस्य डॉ कल्पना सैनी को भावपूर्ण कर्तयज्ञता संदेश भेजा है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**आपकी चेतना की लहर के पीछे ईश्वर की उपस्थिति का सागर है, आपको अपने भीतर देखना चाहिए। ईश्वर ही हमारे सभी आनंदों और प्रकृति में सभी अभिव्यक्तियों के स्रोत हैं।**

# हमारी अनंत क्षमताएं



श्री श्री परमहंस योगानंद

जब यह जानते हुए कि आप शरीर या मन नहीं हैं, आप इस संसार की चेतना से परे चले जाते हैं और फिर भी अपने अस्तित्व का बोध पहले से कहीं अधिक रखते हैं- यह वही दिव्य चेतना है जो आप हैं। आप वह हैं जिसका आधार पाकर विश्व की प्रत्येक वस्तु टिकी है। आप सभी देवता हैं, यदि आप केवल इसे जानते। आपकी चेतना की लहर के पीछे ईश्वर की उपस्थिति का सागर है। आपको अपने भीतर देखना चाहिए। दुर्बलताओं से युक्त भौतिक शरीर की आधुनिक भौतिक विज्ञानियों द्वारा पदार्थ और ऊर्जा की समानता को सिद्ध करने से शताब्दियों पहले ही, भारतीय ऋषियों ने उद्घोषणा कर दी थी कि प्रत्येक भौतिक पदार्थ के रूप को ऊर्जा के मौलिक रूपों में रूपान्तरित किया जा सकता है। छोटी सी लहर पर एकाग्र न हों; उसके भीतर देखें। जब आप अपनी चेतना को भौतिक शरीर एवं इसके अनुभवों से ऊपर उठा लेते हैं, तो आप अपनी चेतना का वह क्षेत्र महान उल्लास एवं आनन्द से परिपूर्ण पाएंगे जो तारों को प्रकाशित करता है और हवाओं तथा तूफानों को शक्ति प्रदान करता है। ईश्वर ही हमारे सभी आनंदों और प्रकृति में सभी अभिव्यक्तियों के स्रोत हैं। अज्ञानता के अन्धकार से स्वयं को जगाएँ। आपने माया की निद्रा में अपनी आँखें मूँद रखी हैं। जागें! अपनी आँखें खोलें और आप ईश्वर की महिमा के दर्शन करेंगे- ईश्वर के प्रकाश का विशाल दृश्य, जो सभी वस्तुओं पर छाया हुआ है। मैं आपको दिव्य यथार्थवादी बनने को कह रहा हूँ, और आप ईश्वर में सभी प्रश्नों के उत्तर पा लेंगे।

फेसबुक वॉल से

Pawan Toon
5 Aug ·




231 13 comments 14 shares

Like Comment Send Share

X से

SHIVANI VERMA @ShivaniV2901 · 1d

मुंबई एयरपोर्ट पर 2 समोसे, 1 चाय और एक पानी की बोतल की कीमत मुझे 490 रुपये पड़ी।

मुंबई से कोलकाता के लिए फ्लाइट टिकट- 9230 रुपये।

कैब ड्राइवरों ने 1500 रुपये लिए।

घर पहुंचने के लिए कुल 11220 रुपये (एक बार)।

प्रति माह वेतन 17000 है।

और मैं 100 करोड़ की आबादी में उन हिंदुओं Show more



6.1K 2.5K 8.3K 872K

स्वास्थ्य की बात

# अंगदान : बीमार या मरते को नई मुस्कान



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

विश्व अंगदान दिवस प्रतिवर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में अंगदान के महत्व को समझने के साथ ही अंगदान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करने के लिये सरकारी संगठनों, सार्वजनिक संस्थानों और दूसरे व्यवसायों से संबंधित लोगों द्वारा हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है ताकि अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और लोगों को अंगदान से जुड़ी गलतफहमियों से अवगत कराया जा सके। इस दिवस का एकमात्र उद्देश्य मुख्य रूप से लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान के महत्व के बारे में प्रोत्साहित करना और शिक्षित करना है ताकि अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सके, जरूरतमंदों की जीवन मुस्कान लौटायी जा सके। गुर्दे, हृदय, अग्न्याशय, आंखें और फेफड़े जैसे अंग दान से पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों की जान बचाई जा सकती है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर के अंग ही क्यों न हो। इस दृष्टि से अंगदान एक महान दान है, जो हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। अंग दान-दाता कोई भी हो सकता है, जिसका अंग किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये अंग से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। वर्ष 2024 की इस दिवस की थीम है आज किसी की मुस्कान का कारण बनें! 'अंगदान दिवस' पूरे विश्व एवं भारत में मनाये जाने वाले महत्त्वपूर्ण दिवसों में से एक है। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह अंगदान कर सकता है। भारत महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में अंगदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर अंगदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

चिंतन-मनन

# शिक्षा को औपनिवेशिक सोच से मुक्त करना जरूरी है



गिरीश्वर मिश्र

औपनिवेशिक भारत में प्रमुख शिक्षा संस्थान भारतीयों को 'विदेशी' बनने या स्वीकार्य पश्चिमी मापदंडों के आधार पर अपनी सभ्यता का परीक्षण करने के लिए प्रशिक्षित करने का कार्य करते रहे। दूसरे शब्दों में भारतीयों को यूरोपीय लोगों की तरह सोचने और बनने के लिए ढाला गया। आवरण में छद्म रूप में स्वयं को प्रोत्साहित करने का यह प्रभावी उपाय अंग्रेजों की कामयाब तजबीज थी। फिर भारतीय लोग दूसरों द्वारा पेश किए गए अमूर्त और सैद्धांतिक औजारों के साथ खुद को समायोजित करते रहे और आज भी कर रहे हैं । ऐसे में वे मनुष्य के रूप में स्वायत्त या स्वाधीन जीवन कभी नहीं जी सकते। पश्चिमी दर्शन में ढले ऐसे भारतीय यह तर्क भी देते हैं कि वह एक सार्वभौमिक वैचारिक ढांचा है और इसके फलस्वरूप अधिकांशतः यूरो अमेरिकी ज्ञान मॉडल को अपनाकर उपनिवेशीकरण की प्रवृत्ति को बढ़ाने का ही काम जारी कर रहे हैं। यूरोप समर्थित शैक्षणिक परंपरा पूरी दुनिया में दूसरों को भरसक हाशिये पर धकेलती रही है। स्वतंत्रता मिलने के साथ उपनिवेशवाद से मुक्ति के प्रयास शुरू हो गए परंतु यह बात कि औपनिवेशिक साम्राज्यवादियों से विरासत में मिली ज्ञान-प्रणालियों की जांच भी करनी चाहिए थी और उन्हें दी गयी महात्मा गांधी की चुनौती भी बिसरती गई और यह कार्य उपेक्षित ही रह गया। समसामयिक स्थिति यह है कि अनेक भारतीय संस्थानों के पाठ्यक्रम भारतीय परिप्रेक्ष्य की वास्तविकताओं या इसकी समस्याओं को भी पूरी तरह से प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में रह कर भारतीय शोधकर्ता भारतीय दर्शन और मूल्यों की सामग्रियों और गुणों से खुद को दूर कर लेते हैं। ऐसा तब है जब ज्ञान-सृजन की आधुनिक (औपनिवेशिक!) पद्धति से बहुत पहले भारत ज्ञान-मीमांसा की दृष्टि से गंभीर चिंतन का गढ़ था। आजादी के सात दशकों के बावजूद हम उधर ध्यान न दे सके। वि-उपनिवेशीकरण का आधार भारतीय होना चाहिए इस तथ्य को पहचान कर भारत में समकालीन उच्च संस्थानों और उनके उत्पादों, अनुसंधान प्रयासों और स्नातकों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना चाहिए। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आज का राशिफल

**मेष :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृष :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है।

**सिंह :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें।

**कन्या :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**तुला :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**धनु :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

# सीएम नीतीश ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये देने का किया ऐलान



**एजेंसी। जहानाबाद**

बिहार के जहानाबाद जिल में स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में भगदड़ मच गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 15 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस बीच, बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने घटना पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने का ऐलान किया है। सीएम नीतीश कुमार ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये देने की घोषणा की है। रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय दुकानदारों और श्रद्धालुओं के बीच हुए विवाद के कारण भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हुई। जहानाबाद जिला प्रशासन का भी मानना है कि प्रांगण के आस-पास से सूचना मिली है कि कुछ युवा श्रद्धालुओं और स्थानीय दुकानदारों के बीच विवाद के कारण भगदड़ जैसी स्थिति बनी। श्रावणी मेले में पिछले सोमवार की तुलना में 12 अगस्त (सोमवार) को जिला प्रशासन ने अधिक संख्या में सिविल मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती की थी। भगदड़ के दौरान मंदिर प्रांगण और मार्ग के संकीर्ण होने के कारण सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इस घटना में 16 लोग घायल हुए हैं।

## श्रद्धालुओं के समूह को कार ने मारी टक्कर छह की मौत

**बागडोगरा।** देवघर में भगवान शिव पर जल चढ़ा कर लौट रहे 6 कांवड़ियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसा पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में हुआ। श्रावण माह के सोमवार को बाबाधाम से भगवान शिव पर जल चढ़ाकर कार सवार सिक्किम की ओर जा रहे थे। कांवड़िए बागडोगरा रिजर्व फॉरेस्ट स्थित जंगली बाबा मंदिर की ओर से जा रहे थे। सभी फांसीदेवा के दानागंज इलाके के रहने वाले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाबाधाम से आ रही कार अनियंत्रित हो गई और नेशनल हाईवे 31 पर चल रहे 6 लोगों को रौंदती हुई पलट गई। कार के परखच्चे उड़ गए। वाहन सवार सभी लोग घायल हो गए, जिन्हें मशक्कत के साथ निकाल कर तत्काल उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बागडोगरा पुलिस, ट्रैफिक गार्ड कर्मी, और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घायलों को गाड़ी से निकाला और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। सूचना मिलते ही दानागंज इलाके के निवासी और मृतकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए और चीख पुकार मच गई। हादसा बागडोगरा के पास मुनि चाय बागान के निकट हुआ। प्रत्यक्षदर्शी ने इसे आमने सामने की टक्कर बताई। उसके मुताबिक, "कार बड़ी ही तेजी से जा रही थी और कांवड़ियों का एक जत्था दूसरी तरफ से आ रहा था। लोगों के पास पहुंचते ही कार अनियंत्रित होकर लोगों को टक्कर मारते हुए नीचे जा गिरी।" फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटनास्थल पर तैनात है।

## यूपी में पहली बार खेतों से सिल्ट हटाने के लिए दिए गए मुआवजे

**एजेंसी। लखनऊ**

यूपी के बाढ़ प्रभावित इलाकों के किसानों को बड़ी राहत मिली है। प्रदेश सरकार ने पहली बार बाढ़ की वजह से खेतों में जमी सिल्ट को हटाने के लिए किसानों को सहायता धनराशि दी है।

सीएम योगी आदित्यनाथ की इस पहल का किसानों ने स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की। बाढ़ प्रभावित लखीमपुर खीरी के 311 किसानों को सिल्ट हटाने के लिए 32 लाख से अधिक का मुजावआ भी दिया जा चुका है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि उत्तर प्रदेश आपदा की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। यही वजह है कि योगी सरकार ने पिछले साढ़े सात वर्षों में कई प्राकृतिक घटनाओं को आपदा में शामिल किया है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश में पहली बार बाढ़ से खेतों में जमी सिल्ट को हटाने के लिए किसानों को मुआवजा दिया गया। आपदा गाइडलाइन के अनुसार बाढ़ से जिन किसानों के खेतों में रेत या गाद निक्षेप की मोटाई तीन सेंटीमीटर से अधिक होती है, उन्हें मुआवजा दिया जाता है। उक्त किसानों को 18 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर तथा न्यूनतम 2,200 रुपए प्रति किसान की दर से मुआजवा दिया जाता है।

## बाबाधाम जा रहे एक कांवरिया की करंट लगने से मौत

**किशनगंज।** देवघर जा रहे जिले के एक कांवरिया की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के बहादुरगंज निवासी 25 वर्षीय भक्त राज के रूप में की गई है। वह अपनी मां रीना देवी के साथ बाबाधाम जा रहा था। घटना के वक्त वो अपने कांवड़ को बस के ऊपर रख रहा था इसी दौरान बस के ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बनगामा गांव से करीब 62 कांवरियों का जत्था बस से सुल्तानगंज पहुंचा। उसके बाद खाली बस को कच्ची कांवरिया पथ के शाहकुंड मोड के समीप खड़ा किया गया था। सुलतानगंज में गंगा से जल भर कुछ कांवरिया पैदल बाबाधाम की ओर निकल पड़े, जबकि कुछ कांवरिया बस पर चढ़ने के लिए जब शाहकुंड के समीप पहुंचे तो मृतक बस के ऊपर कांवड़ रखने के लिए चढ़ा। इसी दौरान बस के ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## हर गांव में जल्द से जल्द शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो : सीएम योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जल जीवन मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम योगी ने अधिकारियों को जल्द से जल्द प्रदेश के सभी गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के साथ ही संचालन और रखरखाव को लेकर भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। जल जीवन मिशन में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के काम में प्लंबर की भूमिका को सबसे अहम बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लंबरों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए।w

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में उपयोग की जा रही सामग्रियों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। पाइप, नल आदि की क्वालिटी अच्छी से अच्छी हो। टोटी चोरी होने या खराब होने पर तत्काल नई टोटी की व्यवस्था कराई जाए।

### दुष्कर्म के बाद डॉक्टर की हत्या का मामला

## देशभर के चिकित्सकों में रोष, लिखा गृह मंत्री को पत्र

- स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल और विशेषज्ञ समिति के गठन की मांग
- हमने आपातकालीन सेवाओं में डॉक्टरों की संख्या बढ़ा दी है
- हम अपनी हड़ताल तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि हमें लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर की हत्या के खिलाफ देशभर के चिकित्सकों में रोष है। देश भर के कई सरकारी अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरर्स हड़ताल पर हैं। इस बीच फेडरेशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) ने केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अविरल माथुर ने कहा कि पूरे देश के चिकित्सक आरजी कर मेडिकल कॉलेज के मामले में एकजुट हैं। फोर्डा इंडिया के अध्यक्ष डॉ. अविरल माथुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि फोर्डा ने गृहमंत्री को लिखे पत्र में पांच मांगें की हैं। इसमें रेजीडेंट डॉक्टरों को सुविधा देने, आरजी कर मेडिकल कॉलेज के जिम्मेदार अधिकारियों का इस्तीफा लेने, डॉक्टरों के साथ पुलिस क्रूरता बंद की जाए, मृतका को त्वरित न्याय दिलाए जाने के साथ जाए स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल और विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाना शामिल है। माथुर ने कहा कि रेजिडेंट डॉक्टर कई अस्पताल में हड़ताल पर हैं। हमने आपातकालीन सेवाओं में डॉक्टरों की संख्या बढ़ा दी है। विरोध प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों की मांग है कि सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाए। इस मामले की पारदर्शी तरीके से जांच हो और मामाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। महासचिव डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा कि फोर्डा ने स्वास्थ्य सचिव से मुलाकात की। आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को तुरंत हटाया जाना चाहिए, सीबीआई जांच होनी चाहिए। हम अपनी हड़ताल तब तक जारी रखेंगे जब तक कि हमें लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता। हड़ताल के दौरान वैकल्पिक सर्जरी में बाधा आएगी और केवल आपातकालीन सेवाएं ही काम करेंगी।

## सपा नेता नवाब सिंह यादव दुष्कर्म के प्रयास में गिरफ्तार



**कन्नौज।** कन्नौज में पूर्व ब्लाक प्रमुख और समाजवादी पार्टी के नेता नवाब सिंह यादव को दुष्कर्म के प्रयास में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बुआ के साथ डिग्री कॉलेज में नौकरी मांगने पहुंची किशोरी के साथ सपा नेता ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। पुलिस ने सपा नेता नवाब सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कन्नौज के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि रात को 1:30 बजे 112 में पुलिस को सूचना मिली कि यहां सपा नेता ने नाबालिग के कपड़े उतार दिए और दुष्कर्म का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अमित कुमार ने बताया कि 15 वर्षीय किशोरी अपनी बुआ के साथ सपा नेता के कॉलेज में नौकरी मांगने पहुंची थी। तहरीर के आधार पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट को भाजपा ने बताया विपक्ष का नियमित रूप से भारत के खिलाफ दुष्प्रचार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट ने देश में सियासी पारा बढ़ा दिया है। इस रिपोर्ट में सेबी अध्यक्ष पर सवाल उठाए गए हैं। इसके बाद से विपक्ष लगातार मोदी सरकार को घेर रहा है औ? इसकी जांच की मांग कर रहा है। इस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) ने पलटवार करते हुए इसे नियमित रूप से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा (दुष्प्रचार) बताया है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद



ने कहा कि भारत के लोगों द्वारा ठुकराए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी, उसके सहयोगियों और टूलकिट गिरोह ने मिलकर भारत में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने की साजिश रची है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट शनिवार को जारी हुई। इसको लेकर रविवार को हंगामा हुआ तो सोमवार को आर्थिक बाजार अस्थिर है।

भारत शेयरों के मामले में भी एक सुरक्षित, स्थिर और आशाजनक बाजार सुनिश्चित करना सेबी की कानूनी जिम्मेदारी है। जुलाई में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई पूरी जांच पूरी करने के बाद जब सेबी ने हिंडनबर्ग के खिलाफ नोटिस जारी किया तो उन्होंने अपने बचाव में कोई जवाब न देते हुए इस हमले को बेबुनियाद करार दे दिया।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दो नए अतिरिक्त न्यायाधीशों की हुई नियुक्ति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्त की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिवक्ता बिभू दत्त गुरु और अमितेंद्र किशोर प्रसाद को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति दी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस नियुक्ति की जानकारी दी और नए न्यायाधीशों को शुभकामनाएं दी। मालूम हो कि, दोनों नए जज का नाम बार कोटे से तय किया गया है।

# एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** एमए इकोनॉमिक्स एक 2 साल की पोस्टग्रैजुएशन डिग्री है जिसमें विद्यार्थी आर्थिक विकास की बारीकियों और उससे जुड़ी सभी शाखाओं का विस्तृत रूप से अध्ययन करता है। इस कोर्स में मॉनेटरी इकोनॉमिक्स, ऐलीमेंट्री स्टेटिस्टिक्स और अंतराष्टीय व्यापार से जुड़े विषयों पर ज्ञान दिया जाता है। कोर्स में आगे बढ़ते हुए आने वाले चरणों में छात्रों को चीज़ो की खपत और उत्पादन के साथ साथ मार्किट सप्लाई से जुड़ी सभी एक्टिविटीज़ के बारे में जानकारी दी जाती है। एक प्रोफेशनल एमए इकोनॉमिक्स डिग्री होल्डर अपने ज्ञान और डिग्री के आधार पर सरकारी और प्राइवेट सेक्टर दोनों में ही भविष्य बना सकता है। बैंकिंग, फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन, लेबर मार्केट्स कुछ टॉप वर्किंग एरियाज़ हैं जहाँ एक एमए इकोनॉमिक्स के छात्र के लिए नौकरी की संभावना बन सकती है।

# इकोनॉमिक्स में बना सकते हैं अपना करियर



### इकोनॉमिक्स क्यों चुनें

- एमए इकोनॉमिक्स में विशेषज्ञताओं की बात करें तो आप अपने पसंद के विषय में मास्टर करने का निर्णय लेकर उसी में बेहतर करियर ऑप्शंस पा सकतें हैं।
- एमए इकोनॉमिक्स करने के लिए आपको किसी विशेष सब्जेक्ट से बारहवीं करने की आवश्यकता न होने के कारण आपको एक सही विकल्प चुनने में बाधा नहीं आती। आप अपनी पसंद से इकोनॉमिक्स में किसी भी कोर्स में विस्तार से रिसर्च और आगे की पढ़ाई क्र सकते है।
- एमए इकोनॉमिक्स के ब्रॉड नेचर के कारण इसकी लोकप्रियता ज़्यादा है। अगर आप अपनी ग्रेजुएशन इकोनॉमिक्स से ही जुड़े किसी भी कोर्स से पूरी कर चुके हैं क्योकि एमए इकोनॉमिक्स में आपका फील्ड चुनने का दायरा बढ़ जाता है जिसमें आप ज्ञान के साथ साथ दो साल की मास्टर डिग्री और भरमार मौकें पा सकतें हैं।
- जॉब प्रोफाइल की बात की जाए तो आप प्रोजेक्ट मैनेजर, पॉलिसी रिसर्चर, स्ट्रेटजी एनालिस्ट, क्रेडिट ऑफिसर रिटेल, स्टॉक ब्रोकर, पॉलिसी एनालिस्ट, लेक्चरर, रिस्क एनालिस्ट जैसे फैले हुए और बहुमुखी प्रोफाइल्स में नौकरी पा सकते हैं।

### एमए इकोनॉमिक्स के लिए स्किल्स

- एनालिटिकल स्किल्स
- कम्युनिकेशन स्किल्स
- राइटिंग स्किल्स
- क्रिटिकल थिंकिंग स्किल्स
- मैथ्स स्किल्स
- स्ट्रेटेजिक थिंकिंग
- टीम वर्क



### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटी

- दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स
- इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली
- इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च, मुंबई
- मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स
- सेंटर ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज, केरेला
- गोखले इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स, पुणे
- हैदराबाद स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स
- जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली
- स्कूल ऑफ सोशल साइंसिस, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- लेडी श्री राम कॉलेज, दिल्ली
- फर्गसन कॉलेज, पुणे
- मिरांडा हॉउस, दिल्ली
- मद्रास क्रिस्चियन कॉलेज, चेन्नई
- लोयोला कॉलेज, चेन्नई
- संत जोसेफ़ कॉलेज, केलिकट

## एमए इकोनॉमिक्स में डिस्टेंस लर्निंग

अभी के पैंडेमिक को देखा जाए तो कई छात्र डिस्टेंस लर्निंग का विकल्प चुनते है जिसमें घर बैठे ही आपको आपकी डिग्री मिल सकती है। डिस्टेंस लर्निंग के लिए भी हर कॉलेज का अपना एक मापदंड है जिसके आधार पर वे तय करते है की आप एक विशेष कोर्स के लिए अप्लाई कर सकते है या नहीं। एमए ऑफलाइन एडमिशन लेने में और डिस्टेंस लर्निंग से कोर्स करने के एडमिशन प्रोसेस में अंतर देखने को मिलता है जिसमें डिस्टेंस लर्निंग में ख़ास तौर पर मेरिट बेस पर एडमिशन लेने को प्राथमिकता दी जाती है। निम्नलिखित यूनिवर्सिटीज़ आपको 2 साल की एमए इकोनॉमिक्स

- ईग्नू, नई दिल्ली
- केएसओयू, कर्नाटका
- मुंबई यूनिवर्सिटी , महाराष्ट्र
- श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी , तिरुपति

### रोज़गार क्षेत्र

- हैल्थकेयर
- टेलीकम्युनिकेशन
- एनवायर्नमेंटल सेक्टर्स
- गवर्नमेंट ऑर्गनाइज़ेशन
- प्राइवेट कंपनीज़
- बैंकिंग एंड फाइनेंस सेक्टर
- इंश्योरेंस सेक्टर
- रिसर्च इंस्टिट्यूट
- अकादमी



# नमस्ते पेरिस... अब लॉस एंजेलिस में मिलेंगे

एजेंसी

**पेरिस।** 'अउ रेवॉयर' पेरिस 2024 ! 32 खेलों और 329 स्पधार्ओं में 16 दिनों की विश्व स्तरीय प्रतियोगिता के बाद, 33वां ग्रीष्मकालीन ओलंपिक रविवार को समाप्त हो गया। यादगार पलों में अपना योगदान देने के बाद पेरिस ने लॉस एंजेलिस को कमान सौंप दी जो 2028 ओलंपिक की मेजबानी करेगा। समापन समारोह में 270 कलाकारों और परफॉर्मर को देखने के लिए 70,000 से अधिक दर्शक स्टेडियम के अंदर मौजूद थे। खेलों का जश्न मनाने के लिए, पेरिस 2024 खेल समारोहों के कलात्मक निदेशक थॉमस जॉली ने स्टेड डी फ्रांस में आयोजित एक असाधारण शो "रिकॉर्ड्स" को एक साथ रखा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर कोई अंतिम सेकंड तक पार्टी का आनंद ले सके। यह उन एथलीटों का सामूहिक रूप से जश्न मनाने का एक शानदार तरीका था जिन्होंने अपने खेल प्रदर्शन के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्टेड डी फ्रांस एक विशाल कन्सर्ट हॉल में तब्दील हो गया, जिसमें सौ से अधिक कलाकार, कलाबाज, नर्तक और सर्कस कलाकार शामिल थे। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक और फ्रांसीसी गणराज्य के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन का जोरदार स्वागत हुआ, जब दोनों ने भीड़ की ओर हाथ हिलाते हुए हाथ मिलाया और एक-दूसरे को गले लगाया। इसके बाद एक ध्वज दल फ्रांसीसी ध्वज को स्टेडियम में ले गया, जहां आर्केस्टर डायवर्टिमेंटो और मैट्रिसे डी फॉन्टेनब्लियू ने विक्टर ले मस्ने द्वारा फ्रांसीसी राष्ट्रगान, ला मार्सिलेज की पुनर्व्यवस्था का प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी एथलीट मैदान में उतरे और इस पल को कैद करने के लिए डांस करते और सेल्फी लेते नजर आए।

## हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज की लुभावनी एंट्री!

हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज ने स्टेड डी फ्रांस की छत से रैप किया ! उन्होंने एथलीटों का अभिवादन किया, जिन्होंने मंच पर जाते समय उन्हें गले लगाया और चूमा। वह पेरिस में ओलंपिक ध्वज को पेरिस की सड़कों और हॉलीवुड की पहाड़ियों के माध्यम से लॉस एंजेलिस तक ले जाने में मदद करेगा, क्योंकि उसने सिमोन बाइल्स से ध्वज लिया था। और अंत में, शाम को और अधिक मनोरंजक बनाने के लिए स्नूप डॉग गीत। इसके बाद आईओसी प्रमुख ने 2024 खेलों के समापन की घोषणा की और कहा, अब लॉस एंजेलिस में मिलेंगे..।

## बीमारी से परेशान ग्राहम थोर्प ने की थी आत्महत्या

एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प की 5 अगस्त को निधन की खबर के बाद, दिवंगत क्रिकेटर के परिवार ने अब खुलासा किया है कि उन्होंने आत्महत्या की थी। उनकी पत्नी अमांडा ने ब्रिटिश समाचार आउटलेट द टाइम्स को बताया, हाल के दिनों में वह बहुत बीमार थे और उन्हें सचमुच लगता था कि उनके बिना हम बेहतर रहेंगे। हम इस बात से बहुत दुखी हैं कि उन्होंने ऐसा किया और अपनी जान ले ली। थोर्प के परिवार में उनकी पत्नी अमांडा और उनकी दो बेटियां किट्टी (22 वर्ष) और एम्मा (19 वर्ष) हैं। थोर्प के शानदार करियर में उन्होंने 100 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 200 रन था, जो उन्होंने 2002 में क्राइस्टचर्च में खेले गए मैच के दौरान न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। वनडे में थोर्प ने 82 मैचों की 77 पारियों में 2380 रन बनाए। क्रिकेट जगत में थोर्प काफी मशहूर थे और उनके प्रशंसक उनका सम्मान करते थे। इसके बाद एक कोच के रूप में उन्होंने खेल के सभी प्रारूपों में कुछ अविश्वसनीय जीत के लिए इंग्लैंड की सर्वश्रेष्ठ पुरुष प्रतिभाओं का मार्गदर्शन किया। उनकी दूसरी शादी से हुई सबसे बड़ी बेटी किट्टी ने कहा, वह पहले जैसे व्यक्ति नहीं रहे थे। मुझे लगता था कि बस ये शरीर ही उनका है और वो कोई और हैं। इसलिए हम इतने खुश हैं कि बीमारी से पहले उनके जीवन के बारे में बहुत कुछ सामने आया। मुझे खुशी है कि हर कोई उन्हें गर्व से याद करता है।




# पीटी उषा ने विनेश की अयोग्यता पर मेडिकल टीम का बचाव किया



एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किलोग्राम फाइनल में भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराए जाने के लिए आईओए द्वारा नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनशॉ पारदीवाला को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए और यह पहलवान के कोच और सहयोगी स्टाफ हैं जिन्हें जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आईओए ने रविवार को जारी एक बयान में इस बात पर जोर दिया कि कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में वजन प्रबंधन की जिम्मेदारी पूरी तरह से प्रत्येक एथलीट और उनकी व्यक्तिगत कोचिंग टीम की है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने स्पष्ट किया है कि कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में एथलीटों के वजन प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रत्येक एथलीट और उसके कोच की है, न कि आईओए द्वारा नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम की।

उषा ने आगे स्पष्ट किया कि आईओए द्वारा नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम को खेलों से कुछ महीने पहले बोर्ड में लाया गया था। उनकी प्राथमिक भूमिका प्रतियोगिताओं के दौरान और बाद में एथलीटों की रिकवरी और चोट प्रबंधन में सहायता करना थी। इसके अतिरिक्त, आईओए मेडिकल टीम को उन एथलीटों का समर्थन करने के लिए डिजाइन किया गया था जिनके पास पोषण विशेषज्ञों और फिजियोथेरेपिस्टों की अपनी टीम तक पहुंच नहीं थी।

## मनु भाकर और नीरज चोपड़ा के अफेयर की उड़ी अफवाह

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में जबरदस्त प्रदर्शन करने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर और भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा के अफेयर की अफवाहें उड़ रही हैं। मनु ने पेरिस में दो कांस्य पदक जीते जबकि नीरज ने रजत हासिल किया। पेरिस ओलंपिक में कांस्य और रजत पदक जीतने के बाद भारतीय एथलीट मनु भाकर और नीरज चोपड़ा अपने-अपने खेलों में धूम मचा रहे हैं। अब, मनु और नीरज का एक कार्यक्रम में एक दूसरे के साथ बातचीत करते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। जैसे ही वे बातचीत खत्म करते हैं, भाकर की मां अपनी बेटी से चोपड़ा के साथ एक फोटो खिंचवाने के लिए कहती हैं। एक अन्य वीडियो में भाकर की मां जेवलिन स्टार से बात करती नजर आ रही हैं। भाकर और चोपड़ा की बातचीत के वीडियो ने एथलीटों के एक-दूसरे पर 'क्रश' होने की अटकलें तेज कर दी हैं। हालाँकि, सोशल मीडिया उपयोगकतार्ओं के एक वर्ग ने उन लोगों की आलोचना की जिन्होंने उनके बीच 'रिश्ते' की अफवाहों को हवा देने का प्रयास किया। दोनों शमार्ते हुए बातें कर रहे हैं, उसकी मां तस्वीरें ले रही हैं; एक यूजर ने कहा, ''हवा में कुछ पक रहा है।'' एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, प्यार हवा में है; शुद्ध अंतर्ज्ञान; फिर भी, ईश्वर इन दोनों और उनके जैसे अन्य सभी लोगों को आशीर्वाद दे, जो अपने जुनूनी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की खोज में हैं।




## कांस्य पदक का हुआ फायदा भारत पांचवें स्थान पर पहुंचा

एजेंसी

**लुसाने।** पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने की बदौलत भारत ताजा विश्व हॉकी रैंकिंग में दो स्थान के सुधार के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। पेरिस ओलंपिक के बाद सोमवार को जारी नई विश्व रैंकिंग में भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2 स्थान ऊपर चढ़ गई है। भारत, जिसने ओलंपिक अभियान नंबर 7 पर शुरू किया था, रैंकिंग में नवीनतम अपडेट के बाद पांचवें स्थान पर आ गया है क्योंकि उसने पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीता था। भारत ने कांस्य पदक मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार पोडियम स्थान हासिल किया था। एफआईएच प्रो लीग के समापन के बाद भारत 7वें स्थान पर था क्योंकि उसका अभियान अच्छा नहीं रहा था। हालांकि, भारत ने पेरिस ओलंपिक के दौरान शानदार फॉर्म दिखाया, जहाँ उन्होंने सिर्फ 2 मैच हारे और 5 मैच जीते। इससे उन्हें 2848.67 अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया से ऊपर 5वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। पेरिस में हॉकी 2024 का समापन 9 अगस्त को नीदरलैंड के लिए ऐतिहासिक दोहरे स्वर्ण के साथ हुआ, क्योंकि किसी देश की पुरुष और महिला टीमों ने पहली बार ओलंपिक के एक ही संस्करण में हॉकी स्वर्ण जीता ! जर्मनी के पुरुषों और चीन की महिलाओं ने अपनी ट्रॉफी कैबिनेट में एक रजत पदक जोड़ा, जबकि भारत के पुरुषों और अर्जेंटीना की महिलाओं ने पेरिस में कांस्य पदक जीतते हुए लगातार पदक जीते।

## जडेजा, अक्षर, गिल समेत अन्य खिलाड़ियों को दिलीप ट्रॉफी में खेलने का निर्देश: रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले बीसीसीआई ने केएल राहुल, शुभमन गिल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल समेत राष्ट्रीय टीम के शीर्ष खिलाड़ियों को पूरी तरह या आंशिक रूप से दिलीप ट्रॉफी में हिस्सा लेने का निर्देश दिया है। घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने और सभी खिलाड़ियों को इसमें हिस्सा लेने के लिए बीसीसीआई कई ठोस कदम उठा रही है।



# मोदी 3.0 में सरपट दौड़ रहा शेयर बाजार राहुल गांधी को हुआ 46.50 लाख का मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में शेयर बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत होने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। इस कारण से आम निवेशकों के साथ-साथ देश के बड़े राजनेताओं को भी जमकर मुनाफा हो रहा है। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हैं। राहुल गांधी को बीते करीब पांच महीने में शेयर बाजार से 46.49 लाख रुपये का मुनाफा हुआ है। यह मुनाफा उनकी ओर से रायबरेली लोकसभा के लिए भरे गए चुनावी नामांकन में दर्ज शेयरों के आधार पर कैलकुलेट किया गया है, जिसमें बताया गया था कि 15 मार्च, 2024 को उनके पोर्टफोलियो की वैल्यू 4.33 करोड़ रुपये थी। शेयर बाजार में 12 अगस्त, 2024 तक उनके पोर्टफोलियो की कीमत बढ़कर 4.80 करोड़ रुपये हो गई है। राहुल गांधी के पोर्टफोलियो में एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, दीपक नाइट्रेट, डिवीज लैब्स, जीएमएम फॉडलर, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, टीसीएस, टाइटन, ट्यूब इन्वेस्टमेंट और एलटीआई माइंडट्री जैसे शेयरों के नाम शामिल हैं।

इसके अलावा वर्टोज एडवरटाइजिंग और विनाइल केमिकल जैसी कई छोटी कंपनियां उनके पोर्टफोलियो में शामिल हैं। बड़ी बात यह है कि उनके पोर्टफोलियो में करीब 24 शेयर हैं, जिसमें से केवल 4 कंपनियों -- एलटीआई माइंडट्री, टाइटन, टीसीएस और नेस्ले इंडिया में ही उन्हें घाटा हो रहा है। बाकी की कंपनियों में राहुल गांधी मुनाफे में हैं। उनके पोर्टफोलियो में मौजूद वर्टोज लिमिटेड में कॉरपोरेट एक्शन देखने को मिला है, जिसके कारण उनके पास इस कंपनी के शेयर की संख्या बढ़कर 5,200 हो गई है, जो कि 15 मार्च, 2024 को 260 थी।



## जुलाई में खुदरा महंगाई 59 महीने के निचले स्तर 3.54 प्रतिशत पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर राहत की बड़ी खबर आई है। ईंधन एवं बिजली की कीमतों में पांच फीसदी से ज्यादा की गिरावट के कारण जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर घटकर 3.54 प्रतिशत पर आ गई है जो 59 महीने का निचला स्तर है। खास बात यह है कि खाद्य महंगाई भी बड़ी गिरावट के साथ 5.42 प्रतिशत पर रही जो जून 2023 के बाद सबसे कम है। इसकी प्रमुख वजह सब्जियों के दाम में अपेक्षाकृत कम बढ़ोतरी है। सरकार द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में साल-दर-साल आधार पर दालों एवं उनसे बने उत्पादों के दाम 14.77 प्रतिशत बढ़े। अनाज और उनके उत्पाद एक साल पहले के मुकाबले 8.14 प्रतिशत और सब्जियां 6.83 प्रतिशत महंगी हुईं। अंडों के दाम 6.76 फीसदी बढ़े जबकि मांस और मछलियों की कीमतों में 5.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई। महंगाई दर में नरमी का मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी में ठहराव रहा। पिछले कई महीनों से सब्जियों की महंगाई दर लगातार काफी ऊंचे स्तर पर रही थी। इसके अलावा ईंधनों की कीमतों में नरमी का असर भी महंगाई दर पर दिखा है। आंकड़ों में बताया गया है कि ईंधन एवं बिजली के दाम जुलाई 2023 की तुलना में जुलाई 2024 में 5.48 प्रतिशत कम हुए। जून 2024 में ओवरऑल खुदरा महंगाई दर 5.08 प्रतिशत और खाद्य महंगाई दर 9.36 फीसदी रही थी। पिछले साल जुलाई में ये क्रमशः 7.44 प्रतिशत और 11.51 प्रतिशत पर थीं।




## इंटरनेशनल ट्रेड शो, यूपी की ब्रांडिंग का बेहतरीन अवसर : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 25 से 29 सितंबर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ट्रेड शो आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश के प्रमुख विभागों को निर्देश दिया है कि वो कार्यक्रम में अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की ब्रांडिंग का बेहतरीन अवसर है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश के 'क्राफ्ट, और कल्चर' का पूरी दुनिया साक्षात्कार करेगी। इसका दूसरा संस्करण 'सोर्सिंग का अद्वितीय मंच' थीम पर आधारित होगा। उन्होंने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में बड़े उद्योग, आईटी/आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्ट अप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, ओडीओपी जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर, विनिमार्ताओं और निर्यातकों के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराएगा।

## भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में विदेशी निवेश 165 अरब डॉलर के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले एक दशक में भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में विदेशी निवेश करीब 69 प्रतिशत बढ़कर 165.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बीते 10 वित्त वर्षों (2014-24) में विदेशी इक्विटी निवेश 69 प्रतिशत बढ़कर 165.1 अरब डॉलर हो गया है। यह आंकड़ा 2004 से 2014 के बीच 97.7 अरब डॉलर था। राज्यसभा में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के कारण बीते पांच वर्षों (2019-20 से 2023-24) में 383.5 अरब डॉलर का फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) निवेश भारत आया है। एचएसबीसी के ताजा सर्वे में दी गई जानकारी में कहा गया कि मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में भारत में जुलाई में लगातार इजाफा हुआ है। इसकी वजह मजबूत घरेलू मांग और नए एक्सपोर्ट ऑर्डर में बढ़ोतरी होना है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी फाइनल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) पिछले महीने 58.1 पर रहा था। पीएमआई इंडेक्स में जुलाई 2021 के बाद यह लगातार 50 के ऊपर बना हुआ है, जो दिखाता है कि इस क्षेत्र की गतिविधियों में इजाफा हो रहा है। सरकारी डेटा से मिली जानकारी के मुताबिक, पीएलआई स्कीम के तहत 14 मुख्य सेक्टर में निवेश के 755 प्रस्तावों को अनुमति दी गई है और मार्च तक 1.23 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिसके कारण करीब 8 लाख रोजगार सृजित हुए हैं। केंद्र सरकार की ओर से 14 सेक्टरों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये (करीब 26 अरब डॉलर) के बजट से देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए पीएलआई स्कीम शुरू की गई है।



### उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

# राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक में जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने परिवहन, उत्पाद, खनन, नगर पंचायत, विद्युत, मत्स्य विभाग से राजस्व संग्रहण के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया । राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की। अंचल अधिकारी बालूमाथ को एक माह में दो ऑनलाइन निबंधन करने को लेकर स्पष्टीकरण पूछा है। कार्यों में प्रगति नहीं लाने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। प्रखंड महुआडांड़ को स्पष्टीकरण पूछा है। अंचल अधिकारी महुआडांड़ को स्पष्टीकरण करते हुए म्यूटेशन की पंजी अपडेट करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशत दिया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश अन्य संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने तिरंगा यात्रा निकाली



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल जुलूस के माध्यम से निकल गया मोटरसाइकिल जुलूस वन भवन के मैदान से शुरू होकर मेन रोड, मझिआंव रोड होते हुए भाजपा जिला कार्यालय पर पहुंच कर संपन्न हुई। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम युवाओं में उर्जा का संचार करना शहीदों को सच्ची राष्ट्रभक्ति प्रेम को जगाना है। मोटरसाइकिल रैली में भारत माता की जय, वंदे मातरम नारा लगाया गया। जुलूस का नेतृत्व मोर्चा जिला अध्यक्ष मुन्ना तिवारी ने किया। मौके पर मुन्ना तिवारी ने कहा कि युवा मोर्चा हमेशा राष्ट्र को अपना बलिदान देने वाले महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करता है। जिससे आने वाली युवा पीढ़ी महापुरुषों को याद करें। इस प्रकार के कार्यक्रम से युवाओं के बीच राष्ट्रभक्ति के जागरण का नवसंचार होता है। युवा मोर्चा महामंत्री विकास तिवारी कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत युवाओं में राष्ट्रभक्ति का प्रेम का अलख जगाना है। देश की एकता और अखंडता बरकरार रहे। नगर मंडल अध्यक्ष रणजीत चौरसिया ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस बृहद रूप से युवाओं में ऊर्जा का संचार का राष्ट्रभक्ति का अलग जगाना मुख्य उद्देश्य है। मौके पर उपस्थित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, सूरज गुप्ता,भगत साहु, विनय चंद्रवंशी ,विनोद तिवारी, टिंकू गुप्ता,संजय तिवारी, अंजनी तिवारी गौरी शंकर गोंड भाजपा जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, मनोज पाठक, धनंजय गौड़, विवेकानंद तिवारी, मनीष गुप्ता, सन्नी चंद्रवंशी, अरविंद पटवा, शंकर गुप्ता, धनंजय शर्मा, अंकित तिवारी, लक्ष्मीकांत, ज्ञान चौबे, दीपक तिवारी, मनीष कुमार गुप्ता, पंकज चंद्र शिवकुमार विश्वकर्मा, ब्रजेश उपाध्याय,विनय चौबे उपस्थित है।

## न्यूज बॉक्स

### साढ़े चार वर्षों में विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है गढ़वा : मिथिलेश

**गढ़वा।** स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को गढ़वा प्रखंड को विभिन्न गांवों में जनसंवाद आयोजित कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। मंत्री ने मौके पर ही कई समस्याओं का निदान किया। जबकि शेष समस्याओं का निदान यथा शीघ्र करने की बात कही। इस दौरान मंत्री गढ़वा प्रखंड अंतर्गत पिपरा पंचायत के बरवा टोला में शब्बीर आलम खां व हाजी रऊफ के घर के समीप, ग्राम पिपरा में मदरसा के समीप, बना मोड़ के समीप, लापो में बुधन खां के घर के समीप, ग्राम बाएं में शिव मंदिर के समीप, गांगी खुर्द बर पेड़ के समीप, गांगी कला में देवी धाम के समीप, गरनाहा में कविता देवी के घर के समीप आयोजित जन संवाद में ग्रामीणों से मिले। मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य बनने के बाद से पहली बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य में चौतरफा विकास हो रहा है। आजादी के बाद से अब तक गढ़वा के इतिहास में जो विकास कार्य नहीं हो सका था, वह अब हो रहा है। काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद पिछले साढ़े चार वर्षों में गढ़वा ने विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है। गढ़वा की जनता ने पूर्व में किसी को 17 साल, किसी को 10 साल मौका दिया। लेकिन सभी ने अपने-अपने तरीके से सिर्फ धोखा ही दिया। लोग सिर्फ चुनाव के समय आते थे और जैसे-तैसे चुनाव जीत कर गायब हो जाते थे। इन्हीं लोगों की देन है कि गढ़वा की स्थिति काफी बदतर बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में उन्हें आशीर्वाद देकर अपना सेवक चुना। उसके बाद से लगातार दिन-रात एक कर वह गढ़वा के विकास में लगे हैं। अब गढ़वा के कोने-कोने में विकास की किरण दिखाई पड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि कौन जनता का सेवक है और कौन जनता के साथ धोखेबाजी करता है। आने वाले समय में सभी लोग सोच विचार कर विकास करने वाले व्यक्ति को अपना बहुमूल्य वोट दें। हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनकर अपना एवं राज्य का भला करने का मार्ग प्रशस्त करें। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, हुसैन अली, संजय कांस्यकार, सलीम जाफर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, अंसार खां, राजेंद्र पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लूट खसोट तथा भ्रष्टाचार चरम सीमा पर : गिरनाथ सिंह

**मेराल।** मेराल कार्यालय पर सोमवार को पूर्व विधायक सह मंत्री गिरिनाथ सिंह द्वारा दक्षिणी मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक में मंडल अध्यक्ष सहित 9 पंचायत अध्यक्षों का चयन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में आए महिला, पुरुष समर्थकों ने गिरनाथ सिंह को माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में दक्षिणी मंडल अध्यक्ष पूर्व मुखिया दुखन चौधरी, उपाध्यक्ष महेंद्र रवि, कुर्बान अंसारी को सचिव मनोनीत किया गया। महिला मोर्चा का अध्यक्ष पिंकी कुमारी को बनाया गया। कार्यक्रम में गिरिनाथ सिंह ने कहा कि विगत 15 वर्षों में पूरे झारखंड तथा गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लूट खसोट तथा भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। गरीब असहाय तथा जरूरतमंद लोगों का परवाह किसी को नहीं रहा। पूर्व तथा वर्तमान विधायक द्वारा भोली भाली जनता को बरगला कर अपनी झोली भरी गई। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि ठेकेदारी से लेकर सरकारी दफ्तरों में जबरदस्त वसूली की जा रही है। जल, जंगल, बालू जैसे प्राकृतिक संसाधनों का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रतिनिधियों द्वारा बालू की कालाबाजारी की गई। स्थिति यह है कि घर बनाने के लिए लोगों को बालू भी नहीं मिल पा रहा है। तीन-चार माह से वृद्धा पेंशन बंद कर दिया गया है, जिससे लोग काफी परेशान है। उन्होंने कहा कि भोली भाली जनता को मुर्ख बनाकर आगामी चुनाव में वोट हासिल करने के उद्देश्य से अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना जैसे कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाया गया है, जो मात्र छलावा है।

### पारिष चर्च में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के माता पारिष संत जोसेफ चर्च में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह आयोजित की गई। समारोह के पूर्व धर्म विधि से मिस्सा पूजा फादर रौशन केरकेट्टा के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फादर दिलीप, फादर अरविंद बेक थे। राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में फादर दिलीप व फादर अरविंद ने कहा कि आज के जमाने में शिक्षा के साथ-साथ परिवारिक संस्कार का युवा वर्ग में रहने की जरूरत है। तभी वह अपना घर समाज के विकास अपना योगदान दे सकता है। युवा वर्ग में दोस्ती कायम रखना बहुत ही जरूरी है। आपसी एकता और विश्वास बने रहे। कहा गया कि ईश्वर पर सभी विश्वास करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। मौके पर फादर सुरेश, पतरस, सिस्टर प्रभा, सुनीता, महिला संघ से रजीता, नीलम, लता सहित पारिष के सभी गांव के युवक-युवती शामिल हुए। मंच संचालन युवा संघ ने किया।

### विद्या मंदिर के छात्रों ने राजा पहाड़ी पर किया सेवा कार्य

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर कक्षा नवम, दशम के छात्रों ने राजा पहाड़ी पर सेवा कार्य किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा राजा पहाड़ी परिसर की सफाई की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बताया कि इस तरह के कार्य द्वारा बच्चों में सेवा का भाव पैदा होता है। बच्चों द्वारा मंदिर परिसर में गिरे पड़े प्लास्टिक की थैली, घास आदि की सफाई की।

## एक नजर

### वज्रपात से 48 वर्षीय चुकून की मौत

**नावाबाजार।** रविवार शाम नवाबाजार थाना क्षेत्र के धगरडीहा में खेत में काम कर रहे 48 वर्षीय चुकुन भुईया की वज्रपात से मौत हो गई। अत्यंत गरीब परिवार के चुकुन भुईया दूसरे किसान के खेत में काम कर रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है।

### आर्म्स एक्ट के आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**नावाबाजार।** नावाबाजार पुलिस के द्वारा सोमवार को आर्म्स एक्ट के रजदिरीया गांव निवासी आरोपी महेंद्र चौधरी के ऊपर इश्तहार चिपकाया गया। महेंद्र के खिलाफ विश्रामपुर थाना में भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज है। आर्म्स एक्ट के अभियुक्त रजदिरीया गांव निवासी महेंद्र चौधरी पिता चौधरी के विरुद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत इश्तहार को विधिवत तमिला किया गया।

### हैदरनगर में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित कर दिया गया है।सोमवार को हुई बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने इसकी सूची जारी कर बताया है कि प्रखंड कार्यालय प्रांगण में प्रातः 8. 30, नया थाना परिसर 8. 50, पशु चिकित्सालय 9. 10, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र 9. 40, बालिका उच्च विद्यालय 9. 50, प्लस टू उच्च विद्यालय 10. 05 बजे झंडोतोलन होगा। वहीं सभी पंचायत सचिवालय में 10. 10 और सभी आंगनबाड़ी केंद्र में 10. 20, बीआरसी कार्यालय ईंटवा में 10. 30 झंडोत्तोलन किया जायेगा।

### पंचायत सचिव के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शोक सभा का आयोजन कर नीलांबर- पीतांबरपुर प्रखंड के पंचायत सचिव संदीप कुमार सिंह के आकस्मिक निधन पर श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के किये प्रार्थना की गयी। मौके पर अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि स्व. सिंह प्रखंड कार्यालय में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थापित थे। वे सरल एवं मृदु भाषी स्वभाव के धनी थे। उनकी कार्य कुशलता को भुलाया नहीं जा सकता। शोक सभा मे सीआई नीतेश रंजन तिवारी , मुखिया अरविंद शुक्ला गीता देवी, गुड्डी देवी , आवास कोऑर्डिनेटर रुस्तम गहलौत, पंचायत सचिव ममता कुमारी ,अनामिका कुमारी ,पूर्णिमा कुमारी, मुन्ना कुमारी, अपर्णा मिश्रा, बीपीआरओ राजीव रंजन पांडे के अलावा कई प्रखंड व अंचल कर्मी में मौजूद थे।

## भाकपा माओवादी मनोहर गंझू के घर पुलिस ने की कुर्की जब्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** पुलिस ने सोमवार को भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य मनोहर गंझु उर्फ सोहन गंझु के घर कुर्की जब्ती किया। बता दें कि 18 अप्रैल 2021 को कुन्दा थाना अंतगर्त ग्राम खपिया धजवा पहाड़ी के ऊपर सुरक्षा बलों को लक्षित कर क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य मनोहर गंझू उर्फ सोहन गंझू अपने साथियों के साथ मिलकर आईडी लगाया था। जिसे पुलिस ने बरामद किया गया था। वही इस संबंध में कुन्दा थाना में विभिन्न धारा के तहत सीएलए एक्ट दर्ज किया गया था। इस संबंध में न्यायालय के आदेश के आलोक में नक्सली सदस्य मनोहर गंझू के विरुद्ध कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई है।

## कोयला खान परियोजना के विस्थापितों की गठित समिति की बैठक में कई निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के लिए गठित पुनर्वास व पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक हुई। बैठक में अमीतांजन नंदी, कार्यपालक निदेशक (खनन), अरविंद कुमार ठाकुर महाप्रबंधक (खनन), परियोजना प्रधान तुबेद कोयला खान लातेहार द्वारा कई विषयों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दामोदर घाटी निगम को भारत सरकार द्वारा वर्ष 1948 में कानून पारित कर छोटानागपुर क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के विस्तृत क्षेत्र में दामोदर नदी से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण तथा विद्युत उत्पादन हेतु स्थापित किया गया। उन्होंने दामोदर घाटी निगम के द्वारा किए जा रहे कार्यो एवं तुबेद कोयला खान के खनन विकास के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि पूर्व में तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी। इसमें सर्वसम्मति से अंतिम रूप दिया गया था, लेकिन वर्तमान में तुबेद कोयला खान परियोजना की पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन नीति के कडिका-4 के अनुसूची-(1) में कुछ संशोधन की आवश्यकता है। ज्ञात हो कि संशोधित नीति के अलावा पूर्व में आयोजित तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के लिए गठित पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति नीति यथावत रहेगी। बैठक में अनुपरिवार को लेकर सभी लोगों के बीच एक आम सहमति बनी। तय किया गया कि अनुपरिवार को पृथक मानते हुए वैसे रैयत जो स्वेच्छापूर्वक कॉलोनी में घर अथवा मकान नहीं प्राप्त करना चाहते है उन्हे पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति के तहत प्रति एक अनुपरिवार को 12 (बारह) लाख रुपए का लाभ मूल रैयत के साथ अतिरिक्त रूप से अनुपरिवार को भी दिया जाएगा।

## कृषि मित्रों के सहयोग से किसानों के बीच बीज वितरण कार्य पूर्ण : बीएओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए उपलब्ध कराए गए बीज वितरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस कार्य में सभी पंचायतों के कृषि मित्रों की भूमिका सराहनीय रही है। उक्त बातें प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बतायी। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारी के निर्देशानुसार मोबाइल के ओटीपी के माध्यम बीज वितरण कराने की व्यवस्था की गई थी। इस प्रखंड के दो पंचायत परता और बरडंडा को छोड़ सभी पंचायत में ओटीपी के माध्यम शून्य कर दिया गया। इन दो पंचायतों में वितरण कार्य तो पूरा कर लिया गया है। पर तकनीकी कारणों से स्टॉक शून्य नहीं हो सका है। जिसे मंगलवार तक पूरा कर लिया जायेगा।

**समय पर बीज मिलने से किसानों में हर्ष :** समय पर किसानों को बिरसा फसल विस्तार योजना से मक्का, मूंगफली, उरद के बीज मिलने और बुआई किए जाने से खुशी है। उन्होंने बताया कि इस प्रखंड में किसानों को सरकार और प्रशासन से उपलब्ध संसाधन की सूचना तत्काल सभी पंचायतों के पंचायत के कृषि मित्रों, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य को दिए जाने से किसानों तक सभी लाभ मुहैया कराना आसान हो जाता है। किसान मित्रों को भी यथा शीघ्र वितरण कार्य निपटाने के लिए मोबाइल एप उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने किसान मित्रों सहित किसानों को भी अन्य कोई भी खेती कार्य के लिए जानकारी लेने की यदि जरूरत पड़े तो उनसे संपर्क करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस ऑनलाइन बीज वितरण के दौरान उन्हें बीज के साथ खाद,

## पिकेट प्रभारी ने लेस्लीगंज थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

- सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने के आरोप में एक हिरासत में





**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना अंतर्गत डबरा पिकेट प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने लेस्लीगंज थाना में आवेदन देते हुए बताया कि कल बीते रविवार को सूचना मिली कि डबरा पिकेट से पटखोलिया तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य बाधा उत्पन्न करते हुए कार्य नहीं करने दिया जा रहा है। सूचना मिलने पर कार्यस्थल पर मैं पहुंचा तो पाया कि अरुण सिंह पिता स्व. लक्ष्मी नारायण सिंह ग्राम डबरा निवासी अपनी गाड़ी से आकर रोड में काम कर रहे मुंशी रविंद्र कुमार एवं अन्य के साथ गाली- गलौज करने लगा और कहा कि किसके पूछ कर रोड बनवा रहे हो, तुरंत काम बंद कर दो। मैं स्वयं एवं सशस्त्र बल के साथ वहां पहुंचकर उनको ऐसा करने से मना किया तो अरुण सिंह द्वारा हम लोगों को गाली गलौज करने लगे और बोले कि हमारा पहुंच बहुत ऊपर तक है। हम सबके वर्दी उतरवा लेंगे। इतना करते हुए हमारे ऊपर फैट चल दिए जिससे चोट हमारे गर्दन के ऊपर लगी इसके उपरांत सशस्त्र बल द्वारा अरुण सिंह को धर लिया गया एवं लेस्लीगंज थाना लाया गया। साथ ही आवेदन में उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस संबंध में लेस्लीगंज थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि उपरोक्त मामले में अभियुक्त अरुण सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सेक्युलर कहने वाली पार्टियों की असलियत सामने आ चुकी है : विनोद सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह ने हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर और मोहम्मदगंज प्रखंड के रानी देवा, कबरा कला, परता, अधौरा, पंसा सहित कई गांवों का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकताओं और ग्रामीणों से मुलाकात की। विनोद कुमार सिंह ने केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को सजग और जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने ने कहा कि खुद को सेक्युलर कहने वाली पार्टियों की असलियत अब जनता के सामने आ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार बालू घाटों की नीलामी नहीं कर रही है और न ही बालू को मुफ्त में उपलब्ध करवा रही है, जिसके पीछे भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्टाचार का लाभ थाना स्तर से लेकर राज्य के उच्च स्तर तक पहुंचता है।

### झारखंड को 'लूट खंड' से बचाने के लिए भाजपा को जितायें

भाजपा नेता सिंह ने ग्रामीणों से अपील की कि झारखंड को 'लूट खंड' से बचाने के लिए आगामी चुनावों में भाजपा की सरकार बनाने के लिए अभी से तैयार हो जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर वर्तमान सरकार सत्ता में रही, तो झारखंड की सभ्यता और संस्कृति को भी खतरा हो सकता है। उन्होंने राज्य के कई जिलों में डेमोग्राफी में हो रहे बदलावों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि बांग्लादेशी नागरिकता प्राप्त कर यहां के स्थानीय लोगों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनते ही इस मुद्दे पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा। इस दौरे के दौरान उनके साथ ओम सिंह, मृत्युंजय पाठक, नितिश कुमार, शशि विश्वकर्मा, रवि चंदेल, छोटु सिंह सहित कई अन्य प्रमुख लोग भी उपस्थित थे। इस दौरे और संबोधन के माध्यम से विनोद कुमार सिंह ने न सिर्फ सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए, बल्कि ग्रामीणों को जागरूक रहने और भाजपा के समर्थन में आने का आह्वान भी किया।

### बारिश में गिरा महिला का कच्चा घर, अबुआ आवास योजना के तहत दिया था आवेदन

**जांच के बाद सूची से अयोग्य ठहरा दिया गया**

**हैदरनगर।** प्रखंड के परता पंचायत में प्रसिद्ध पांडेय की पत्नी पुष्पा देवी का कच्चा मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। घटना के समय प्रसिद्ध पांडेय, पुष्पा देवी और उनकी पुत्री इस घर में सो रहे थे। पर सभी बाल बाल बच निकले। इसकी सूचना मिलते ही मुखिया कमल कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय प्रभावित परिवारों से मिलने के बाद कहा कि यह घटना प्रखंड कर्मियों की गंभीर लापरवाही से हुई है। उन्होंने बताया कि पुष्पा देवी ने कई बार झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के तहत भी आवेदन किया था। ग्राम सभा ने योग्य मानने के लिए जांच भी हुई थी। इसके बावजूद प्रखंड कर्मियों ने उनके कच्चे मकान को नजरअंदाज कर उन्हें अबुआ आवास की सूची से अयोग्य ठहरा दिया। अब जब बारिश के कारण उनका कच्चा मकान गिर गया है, तो इस परिवार के सिर से छत भी छीन गई है। उन्होंने कहा कि यह घटना ही स्पष्ट करता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने में कैसी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने इस मामले को शीघ्र ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी को जानकारी देने व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही है।

## पेज एक का शेष

**नदी की तेज...**

हालांकि अंधेरा हो जाने के कारण बचाव कार्य में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को भी दे दी गई । घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद बचाव कार्य आरंभ कर दी थी। परंतु रात हो जाने के कारण किसी का कुछ अता-पता नहीं चल पाया था। इधर, सोमवार की सुबह एक महिला फूलो देवी का शव बरामद हो गया है। जबकि दो अन्य लोगों की खोजबीन जारी है। डीएसपी आशुतोष सत्यम ने बताया कि पुलिस की टीम के द्वारा नदी में बहे लोगों की तलाश की जा रही है।

**बांग्लादेश : मोहम्मद यूनुस...**

(सेवानिवृत्त) एम. सखावत हुसैन ने देश में फैली हिंसा के दौरान उन्हें सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने के लिए रविवार को देश के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से माफी मांगी थी। सखावत हुसैन ने कहा, हमने निर्देश दिया है कि हमारे अल्पसंख्यक भाइयों की सुरक्षा करना बहुसंख्यक समुदाय का परम कर्तव्य है। यह हमारे धर्म का भी हिस्सा है कि हमें अपने अल्पसंख्यकों की रक्षा करनी चाहिए। वहीं पुलिस प्रतिनिधियों और गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम सखावत हुसैन के बीच रविवार को ह्यसमझौताह्न के बाद बांग्लादेश पुलिस ने छह दिनों से जारी हड़ताल वापस ले लिया। सोमवार से पुलिस एक बार फिर सड़कों पर दिखने लगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# मेरे इस्तीफे के पीछे अमेरिका : शेख हसीना

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने इस्तीफे के पीछे अमेरिका की भूमिका की संभावना होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने बंगाल की खाड़ी में सेंट मार्टिन द्वीप पर संप्रभुता अमेरिका को सौंप दी होती और बंगाल की खाड़ी में उसे बेस बनाने की अनुमति दे देतीं तो वह सत्ता में बनी रह सकती थीं। अब भारत में 76 वर्षीय शेख हसीना में भारत में अपने करीबी सहयोगियों से यह खास बातें साझा की हैं। हसीना के इस दावे के बाद से बंगाल की खाड़ी के उत्तर पूर्वी भाग में केवल तीन किमी वर्ग क्षेत्रफल में फैले इस द्वीप समूह की चर्चा चारों ओर हो रही है। दरअसल, अमेरिका इस द्वीप पर इसलिए क जा चाह रहा है ताकि हिंद महासागर में वह अपना प्रभुत्व स्थापित कर सके। बता दें कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की उपस्थिति बढ़ रही है। चीन की बढ़ती उपस्थिति ने अमेरिका में खतरे की घंटी बजा दी है। अमेरिका ने अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति का जवाब दिया है, जिसमें भारत एक प्रमुख रणनीतिक भागीदार है। दोनों देशों ने क्षेत्र में चीन की बढ़ती उपस्थिति के जवाब में चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) और मालाबार नौसैनिक अभ्यास जैसे अन्य तंत्र विकसित किए हैं। दरअसल, इस द्वीप की भौगोलिक स्थिति ऐसी है जो इसे रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण बनाती है। यहां से दुनिया में कही भी समुद्र के रास्ते जाया जा सकता है। इतना ही नहीं, इस द्वीप से न सिर्फ बंगाल की खाड़ी बल्कि आस-पास के पूरे इलाके पर नजर रखी जा सकती है। ऐसे में सामरिक रूप से सेंट मार्टिन द्वीप का खासा महत्व है।सेंट मार्टिन द्वीप बांग्लादेश का एकमात्र मूंगा द्वीप है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। इस द्वीप में साफ नीला पानी और मूंगे जैसे विविध समुद्री जीव पाए जाते हैं। वहीं, इस द्वीप को नारिकेल जिंजिरा (नारियल द्वीप) और दारुचिनी द्वीप (दालचीनी द्वीप) के नाम से भी जाना जाता है।



## विवाद का कारण

मार्टिन द्वीप तब चर्चा में आया, जब बांग्लादेश और म्यांमार इस क्षेत्र के आसपास मछली पकड़ने के अधिकार को लेकर भिड़ गए। दोनों देशों ने अपनी समुद्री सीमा के परिसीमन पर द्वीप पर संप्रभु दावों का विरोध किया था। हालांकि, 2012 में इंटरनेशनल ट्रिब्यूनल फॉर द लॉ ऑफ द सी (आईटीएलओएस) ने अपने फैसले में इस द्वीप को बांग्लादेश के क्षेत्रीय समुद्र, महाद्वीपीय शेल्फ और ईईजेड का हिस्सा बताया था। इसके अलावा, 2018 में, बांग्लादेश सरकार ने म्यांमार के अद्यतन मानचित्र का विरोध किया था, जिसमें द्वीप को उसके संप्रभु क्षेत्र के हिस्से के रूप में दिखाया गया था। बाद में म्यांमार ने इसे एक गलती के रूप में स्वीकार किया था।

## शेख हसीना और अमेरिका के रिश्तों में खटास...

शेख हसीना के प्रधानमंत्री रहने के दौरान अमेरिका और बांग्लादेश के बीच संबंधों में तनातनी देखने को मिली थी। अमेरिका ने यहां तक कह दिया था कि बांग्लादेश में जनवरी में हुए चुनाव निष्पक्ष नहीं थे। जनवरी में हुए चुनाव में आवामी लीग सत्ता में लौटी थी। बांग्लादेश छोड़ने से कुछ महीने पहले ही शेख हसीना ने बड़ा दावा किया था। उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार गिराने के लिए साजिशें रची जा रही हैं। उन्होंने अमेरिका पर बांग्लादेश और म्यांमार से बाहर एक नया ईसाई देश बनाने की साजिश करने का आरोप लगाया था। इस वर्ष मई के महीने में शेख हसीना ने कहा था, 'अगर मैं किसी खास देश को बांग्लादेश में हवाई अड्डा बनाने की अनुमति देती तो इस तरह की साजिशें नहीं रची जाती।

# नौ साल से भारत में ही था हसीना का सबसे बड़ा विरोधी

### सरकार बदलते ही पहुंचा बांग्लादेश सलाहुद्दीन

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के पतन बाद उनके विरोधी अमेरिका मैन कहे जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के हाथों में देश की कमान है। ऐसे में शेख हसीना के कार्यकाल में देश छोड़कर भागे मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता अब बांग्लादेश वापस लौट गए हैं। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद भी उनसे से एक हैं जो भारत में नौ साल से ज्यादा समय बिताने के बाद बांग्लादेश वापस लौट गए हैं। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बीएनपी के मीडिया सेल के सदस्य शैरूल कबीर खान ने बताया कि पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। 2015 में, 62 दिनों तक लापता रहने के बाद, पूर्व राज्य मंत्री सलाहुद्दीन 11 मई को पूर्वोत्तर भारतीय राज्य मेघालय की राजधानी शिलांग में थे । उन्हें वैध दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश करने के लिए गिरफ़्तार किया गया और विदेशी अधिनियम के तहत उन पर आरोप लगाए गए। बाद में शिलांग पुलिस ने मामले में उनके खिलाफ आरोप लगाए। बीएनपी ने आरोप लगाया था कि सलाहुद्दीन को 10 मार्च, 2015 को उत्तरा, ढाका स्थित

> **2015** में, 62 दिनों तक लापता रहने के बाद, पूर्व राज्य मंत्री सलाहुद्दीन 11 मई को पूर्वोत्तर भारतीय राज्य मेघालय की राजधानी शिलांग में थे।
>
> **2015** जनवरी में, उन्हें खालिदा जिया द्वारा बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया था।

उसके घर से जासूस बनकर आए लोगों ने अगवा कर लिया था। 26 अक्टूबर, 2018 को शिलांग की एक अदालत ने उसे अवैध प्रवेश से संबंधित आरोपों से बरी कर दिया। इस फैसले को 28 फरवरी, 2023 को उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा, जिसने भारत सरकार को उसके बांग्लादेश लौटने की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।सलाहुद्दीन अहमद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के राजनेता हैं, जिन्होंने 1996-2006 के दौरान संचार राज्य मंत्री के रूप में काम किया था। वह कॉक्स बाजार-1 निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य के रूप में चुने गए थे। वे खालिदा जिया की बीएनपी पार्टी के प्रवक्ता थे।

# चुपके से भारत आए मुजीब को कर दिया था पाकस्तानी पुलिस के हवाले

1970 के दशक की शुरुआत में पूर्वी पाकिस्तान में स्वतंत्र देश की मांग तेज होने लगी। शेख मुजीबुर्रहमान की अगुवाई में स्वाधीन बांग्ला बिप्लबी परिषद का गठन हुआ। यह एक सशस्त्र आंदोलन था। बिप्लबी परिषद ने अपनी राजनीतिक इकाई का भी गठन किया और इसका नाम रखा बांग्लादेश लिबरेशन फ्रंट। इन्होंने पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश के तौर पर एक स्वतंत्र देश बनाने के लिए गुप्त अभियान चलाया। इसी क्रम में 1962 में शेख मुजीबुर्रहमान चुपके से भारत आए। अविनाश पालीवाल ने अपनी किताब 'इंडियाज नीयर ईस्टः ए न्यू हिस्ट्री' में लिखा है कि भारत की गुप्तचर एजेंसी आईबी शुरू से ही बांग्लादेश लिबरेशन फ्रंट के संपर्क में थी। शेख मुजीबुर्रहमान नेहरू का समर्थन पाने अगरतला आए। नेहरू का मानना था कि अगर पूर्वी पाकिस्तान में सशस्त्र विद्रोह का समर्थन किया तो इससे भारत के पाकिस्तान से रिश्ते और खराब हो जाएंगे। इससे निराश 'बंगबंधु' 6 फरवरी 1962 को अगरतला से वापस बांग्लादेश लौटने लगे, तो भारत के सुरक्षा अधिकारियों ने सीमा पर उन्हें पकड़ लिया और पाकिस्तान की बॉर्डर पुलिस के हवाले कर दिया। भारतीय सुरक्षा बलों को यह पता ही नहीं था कि शेख मुजीब भारत किस उद्देश्य से आए थे। पालीवाल लिखते हैं कि जब प्रधानमंत्री नेहरू को इस बात की जानकारी मिली तो वह बहुत नाराज हुए। उनके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया और कारागार में डाल दिया गया जहां से 5 महीने बाद 18 जून 1962 को शेख मुजीब रिहा हुए।

### शेख हसीना के बेटे की पीएम मोदी, आईएसआई और बांग्लादेश के हिंदुओं पर टिप्पणी

# बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को बताया असंवैधानिक

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजिद ने अपनी मां की सरकार के पतन के लिए देश के एक छोटे समूह और आईएसआई की साज़िश को जिम्मेदार ठहराया है और अपनी मां की जान बचाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। उन्होने इस बात का भी खंडन किया है कि पश्चिमी देशों ने शेख़ हसीना का वीजा रद्द कर दिया है या फिर उन्होंने किसी देश में राजनीतिक शरण की मांग की है। सजीब वाजिद ने एक वीडियो इंटरव्यू में कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि देश के एक छोटे से समूह और एक विदेशी ख़ुफ़िया एजेंसी संभवतः आईएसआई ने ये स्थिति पैदा की है। क्योंकि सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन का कोई कारण नहीं था। सरकार ने आरक्षण को घटाकर काफ़ी कम कर दिया था। उन्होंने कहा कि आरक्षण कोटा बहाल करने का निर्णय हसीना सरकार का नहीं बल्कि का कोर्ट का था। सरकार ने कभी भी पुलिस को हमले का आदेश नहीं दिया था। सरकार ने तुरंत बल प्रयोग करने वाले पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया था लेकिन प्रदर्शनकारी उनकी मां की सरकार से इस्तीफ़ा लेने को उतारू थे।

उन्होंने सवाल किया कि प्रदर्शनकारी छात्रों के पास हथियार कहां से आए? वे छात्र नहीं थे बल्कि दंगाइयों की भीड़ थी। वे आतंकवादी थे, जिन्हें एक निर्वाचित सरकार गिराने के लिए उकसाया गया था। मेरी मां ने इस्तीफा



तुरंत निर्णय लेने के कारण ही मेरी मां की जान बच सकी

दे दिया क्योंकि वो देश में नरसंहार को रोकना चाहती थीं। ''समर्थकों की ओर से शेख हसीना के सरकार के पतन के लिए पश्चिमी देशों को जिम्मेदार ठहराने से जुड़े सवालों पर सजीब वाजिद ने कहा कि उनके पास इस बात के सुबूत नहीं हैं कि अमेरिका इसमें शामिल था या नहीं। लेकिन हालात पर गौर करें तो पाएंगे कि सरकार के विरुद्ध प्रदर्शनकारियों को भड़काया गया। उन्होंने बताया कि शुरू में प्रदर्शन शांतिपूर्ण थे और पहले दौर के प्रदर्शन के बाद सरकार ने आरक्षण घटा दिया था। सरकार ने हिंसा रोकने के लिए सबकुछ किया। सरकार ने हिंसा का आदेश नहीं दिया था । हिंसा कुछ अनाम समूहों ने फैलाई थी । ये जानबूझ कर किया गया। मुझे पूरा विश्वास है कि हिंसा को पश्चिमी देशों की ओर से हवा दी गई। ''सजीब वाजिद ने अपनी मां शेख हसीना की जान बचाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'दिल से आभार' व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वे भारत सरकार की तुरंत कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभारी हैं । तुरंत निर्णय लेने के कारण ही मेरी मां की जान बच सकी । ''भारत को विश्व में अब नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए। वो पड़ोस में किसी विदेशी ताकत को हावी न होने दे । बांग्लादेश भारत का पूर्वी पड़ोसी देश है। इसलिए भारत को सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि शेख़ हसीना की सरकार ने देश को आर्थिक तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचाया। अतिवादियों को काबू किया और इस महादेश की पूर्वी सरहदों पर स्थिरता कायम की। हमने साबित करके दिखाया कि हम जो सोचते हैं वो कर सकते हैं। लेकिन देश की दूसरी सरकारें नाकाम रहीं। सजीब वाजिद ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को असंवैधानिक करार दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के संविधान के अनुसार कोई भी गैर निर्वाचित सरकार सत्ता में नहीं रह सकती। नब्बे दिनों के अंदर चुनाव कराने होंगे इसलिए अंतरिम सरकार की पहली प्राथमिकता चुनाव कराने की होनी चाहिए। बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार प्राप्त अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी है। 8 अगस्त को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने उन्हें और अंतरिम परिषद में शामिल सदस्यों को शपथ दिलाई थी। उन्होंने यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर कहा कि इन लोगों को यहां के एक छोटे समूह, इलिट और पश्चिमी देशों का समर्थन हासिल है। सरकार में सलाहकार के तौर पर काम करने के अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि किसी के ज़रिये पद पर बिठाया जाना एक बात है और सरकार चलाना अलग बात है। बिना राजनीतिक और गवर्नेंस के अनुभव के देश चलाना बहुत कठिन है। मैं देखना चाहता हूं वो कैसे काम करते हैं ? क्या वो सरकार चला भी पाएंगे। ''बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर सजीब वाजिद ने कहा, ''इस देश के इतिहास में केवल एक ही सरकार रही है जिसने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर अपनी विश्वसनीयता कायम की है और इस देश को सुरक्षित रखा है। पिछले 15 साल बांग्लादेश के इतिहास में अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित समय था। जो लोग शेख़ हसीना की आलोचना करते हैं वो भी इससे इनकार नहीं कर सकते कि उनके समय में देश में बहुत तेज़ आर्थिक प्रगति की है। मौजूदा इस गैर-निर्वाचित सरकार को बांग्लादेश की लगभग पूरी आबादी का समर्थन प्राप्त नहीं है। उसके पास कोई जनादेश नहीं है क्या ऐसे में वो अल्पसंख्यकों को सुरक्षित रख पाएगी। उन्होंने कहा कि आप देख रहे हैं कि अल्पसंख्यक देश से भागने की कोशिश कर रहे हैं।

# 53 साल पहले हसीना को बचाने वाले अफसर बोले- बांग्लादेश हिंसा के पीछे चीन : अमेरिका

### शेख हसीना पाकिस्तानियों से घिरी थीं, मेजर अकेले बचा लाए

1971 में पाकिस्तान की सेना सरेंडर कर चुकी थी। बांग्लादेश अब अलग और आजाद देश था। उधर, ढाका के धनमंडी में पाकिस्तानी फौजियों ने शेख मुजीबुर्रहमान की फैमिली को घेर रखा था। शेख मुजीबुर्रहमान की पत्नी, बेटी शेख हसीना, रेहाना और बेटे रसेल बंकर में छिपे थे। बाहर से जो भी बंकर की तरफ आता, पाकिस्तानी सैनिक उसे गोली मार देते। भारतीय सेना को पता चला तो एक मेजर और दो जवान भेजे गए। मेजर ने अकेले पाकिस्तानी सैनिकों को सरेंडर करवाया और शेख हसीना के परिवार को बचा लिया। वो मेजर थे अशोक कुमार तारा, जो बाद में कर्नल की पोस्ट से रिटायर हुए। उनका कहना है बांग्लादेश में हंसा के पीछे चीन और अमेरका का हाथ है। हिंसक प्रदर्शन के बाद मुजीब की बेटी शेख हसीना बहन शेख रेहाना के साथ 5 अगस्त को भारत आ गईं और सेफ हाउस में रह रही हैं। एक फौजी अधिकारी ने बताया कि वे बांग्लादेश की आजादी के वक्त मैं मिजोरम में तैनात थे । 15 दिसंबर को आदेश मिला कि मुझे ढाका एयरपोर्ट पहुंचकर रिपोर्ट करनी है। वे ढाका एयरपोर्ट पहुंचे। हमारी कंपनी ने एयरपोर्ट के चारों तरफ घेरा बना लिया।अगले ही दिन 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तानी सेना ने सरेंडर कर दिया। मुझे एयरपोर्ट की सुरक्षा में रहने का आदेश मिला।17 दिसंबर की सुबह 9 बजे मुक्ति वाहिनी का एक सिपाही आया। वो शेख मुजीबुर्रहमान की ड्यूटी में रहा था। उसने बताया कि शेख मुजीबुर्रहमान का परिवार पाकिस्तानी सेना की कैद में है। उन्हें बचाया नहीं गया, तो सैनिक उन्हें मार सकते हैं। एक दिन पहले ही उन पर हमले की कोशिश की गई थी। पाकिस्तानी सेना एक दिन पहले ही सरेंडर कर चुकी थी। जंग खत्म हो गई थी। इसलिए हमने उसकी बात को बहुत गंभीरता से नहीं लिया। सीनियर अफसरों ने भी ध्यान नहीं दिया। फिर भी हम सिपाही की बात नजरअंदाज नहीं कर सकते थे। मैं दो जवानों के साथ उसकी बताई जगह पर पहुंच गया। वो जगह ढाका का धनमंडी एरिया थी। एक घर के बाहर बने बंकर में शेख मुजीबुर्रहमान की फैमिली बंद थी।मैं उस घर से सिर्फ 100 गज दूर था। वहां काफी भीड़ थी। लोकल लोग थे, मीडिया वाले भी थे। वे बोले, आगे मत जाओ। पाकिस्तानी फौजी फायरिंग कर रहे हैं। मुझे सामने एक कार दिखाई दी।



**अशोक कुमार तारा**
रिटायर्ड कर्नल

- 1963 • भारतीय सेना के 14 गार्ड में कमीशंड हुए
- 1971 • भारत-पाकिस्तान जंग के वक्त सिर्फ 29 साल के थे
- 1994 • कर्नल पद से रिटायर हुए
- 2012 • फ्रेंड्स ऑफ बांग्लादेश लिबरेशन वॉर अवॉर्ड मिला